# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 14 मई 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 349 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1702 :** नीदरलैंड और इंग्लैंड ने स्पेन और फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

**1879 :** थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े।

**1923 :** भारतीय फिल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक मृणाल सेन का जन्म हुआ।

**1941 :** 36,000 परशियन यहूदी को गिरफ्तार किया गया।

**1973 :** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के समान अधिकार को मंजूरी दी।

# हर आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे : प्रधानमंत्री

## पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंच पीएम ने जवानों को किया संबोधित, कहा- हर दुस्साहस का देंगे मुंहतोड़ जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस



दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है। आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है। पीएम ने कहा कि आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गई है। यह अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कोऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आई। इसका श्रेय आप सभी को जाता है।

# नीतीश कुमार ने भागलपुर को दी 208 करोड़ से अधिक की सौगात

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर स्थित सैण्डिस कंपाउंड में 20862.25 लाख रुपये की लागत से 48 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 4502.79 लाख रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन तथा 16359.46 लाख रुपये की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री भागलपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के खिरीबांध पंचायत स्थित मुखैरिया ग्राम में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अन्तर्गत आयोजित विशेष विकास शिविर में शामिल हुए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक, स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वासगीत पर्चा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना का प्रशस्ति पत्र, कुशल युवा कार्यक्रम का प्रमाण पत्र, स्पॉन्सरशिप योजना का सांकेतिक चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की चाभी, मुख्यमंत्री अंतर्ज़ातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों का मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर और लोगों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद अजय कुमार मंडल, सांसद गिरिधारी यादव, विधायक गोपाल मंडल, विधायक ललन कुमार, विधायक ललित नारायण मंडल, विधायक पवन यादव, जिप अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव, मेयर डॉ. वसुंधरा लाल, पूर्व सांसद बुलो मंडल, कहकशां परवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, आयुक्त दिनेश कुमार, पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदयकांत आदि उपस्थित थे।

# हादसे में दूल्हे के पिता की मौत, सात घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सारे थाने क्षेत्र के बेनार मोड़ के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियों ने बारातियों से भरी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में दूल्हे के पिता की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक कुसो बिंद कुसुंभा गांव के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि कुसो बिंद के बेटे की शादी थी। बारात को लेकर बेनार गांव पहुंचे थे। सड़क किनारे सवारी गाड़ी खड़ी थी। कुछ लोग गाड़ी से नीचे उतरकर पानी पी रहे थे। इस बीच बिहारशरीफ की ओर से आ रही स्कार्पियो ने गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में कुसो बिंद की मौत हो गई जबकि विकास बिंद, विक्रम बिंद, मिथिलेश बिंद, पप्पू बिंद, मोहित कुमार, समर कुमार और अमित कुमार घायल हो गए। घटना बाद शादी की खुशी मातम में बदल गई। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर है।

# सेंट्रल कोल्ड फील्ड्स लिमिटेड की वेबसाइट हैक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारत सरकार के उपक्रम कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड यानी सीसीएल का वेबसाइट हैक हो गया है। कंपनी की वेबसाइट को क्लिक करने पर Hacked By Mr Habib404 के हवाले से मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। हैकर ने यह भी लिखा है कि 'Pakistan's cyber have awakened'। वेबसाइट हैक होने के बाद सीसीएल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। सिस्टम को ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इस बाबत सीसीएल के अधिकारियों ने कहा कि वेबसाइट हैक होने की सूचना सही है। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जानकारी सुबह के वक्त मिली थी, तब से कंप्यूटर और सिस्टम से जुड़े इंजीनियर्स इसे ठीक करने में लगे हुए हैं। उनसे पूछा गया कि सिस्टम कब तक दुरुस्त हो जाएगा? इस पर उनका कहना था कि यह कहना अभी मुश्किल है।

# मानसून से पहले एक्शन में मंत्री दीपिका पांडेय

## आज अभियंताओं के साथ करेंगी महत्वपूर्ण बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह आज बुधवार को ग्रामीण सड़कों, पुलों और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगी। उनकी बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही मुख्य अभियंताओं को भी शामिल किया जायेगा। बैठक में सभी अधिकारियों को रिपोर्ट के साथ आने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान मंत्री दीपिका पांडेय सिंह पिछले वित्तीय वर्ष में हुए कार्यों की समीक्षा करेंगी। समीक्षा बैठक में विशेष रूप से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की रिपोर्ट ली जायेगी। साथ ही ग्रामीण विकास की योजनाओं की स्थिति का भी अवलोकन किया जायेगा। इसके अलावा पिछले साल आवंटित बजट और उसके विरुद्ध



कितनी राशि खर्च की गयी इसकी रिपोर्ट भी ली जायेगी। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के लिए नयी नीति बनने वाली है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नीति तैयार की जायेगी, ताकि योजनाओं की स्वीकृति पर फैसला लिया जा सके। इसके साथ ही नीति के अंतर्गत यह तय होगा कि इस साल विधायकों की अनुशंसा पर कितनी योजनाएं लेनी हैं। मालूम हो कि हर वित्तीय वर्ष में विधायकों की अनुशंसा पर सड़क और पुल की योजनाएं ली जाती हैं। बताया गया कि एक बार दो सालों के लिए एक साथ नीति तय कर दी गयी थी। लेकिन ग्रामीण कार्य विभाग को इस बार फिर से नीति बनानी होगी। इसके बाद ही योजनाओं को स्वीकृति मिल पायेगी। इधर ऐसा कहा जा रहा है कि ग्रामीण कार्य विभाग बरसात को अपना लक्ष्य मानकर तैयारी कर रहा है। विभाग द्वारा बरसात आने से पहले ही मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत काम कराया जायेगा। हालांकि, अगर बारिश से पहले सड़कों के गड्ढे नहीं भरे जाते हैं या सड़कों को चलने लायक नहीं बनाया जाता है। तो इससे

> ■ **बैठक में ग्रामीण विकास की योजनाओं की स्थिति का भी किया जायेगा अवलोकन**

ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी। इस वजह से सड़क सुदृढ़ीकरण का काम तेजी से किया जायेगा। बता दें कि इस योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में बनी सड़कों को दुरुस्त किया जाता है। इसका मतलब है कि सड़कों के गड्ढों को भरकर ठीक किया जाता है। इसे चलने लायक बनाया जाता है। हालांकि, राज्य में कई जगहों पर सड़कों की स्थिति काफी दयनीय है। लोगों को आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। ऐसे में समय पर इसे दुरुस्त करने के लिए सरकार के पास काफी कम समय है।

# जंगली हाथियों ने बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के सरमाटांड़ रेलवे स्टेशन के समीप एक हाथी ने शादी समारोह से लौट रहे एक बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान सतडीहा निवासी वासुदेव यादव (62 वर्ष) के रूप में की गई है। जबकि वासुदेव का पुत्र प्रदीप यादव और भाई लक्ष्मण यादव किसी तरह जान बचा कर भागे। मिली जानकारी के अनुसार वासुदेव यादव, उनके पुत्र प्रदीप यादव और भाई लक्ष्मण यादव के साथ एक शादी समारोह में गए हुए थे। शादी समारोह से वापस तीनों एक ही मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में जयनगर प्रखंड मुख्यालय के समीप बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद तीनों बाइक को पैदल ही लेकर सरमाटांड़ पहुंचे, जहां बाइक लगाकर वे लोग रेलवे ट्रैक पार कर सतडीहा जाने लगे। इसी दौरान अंधेरे में खड़ा एक विशाल हाथी वासुदेव यादव को अपनी चपेट में ले लिया और उसे कुचल कर मार डाला। हालांकि उनके पुत्र प्रदीप यादव ने अपने पिता को बचाने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उसे भी खदेड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के पदाधिकारी जयनगर पहुंचे और मृतक के परिजन को तत्काल 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी।

# 16 मई को हड़ताल पर जाएंगे शिक्षाकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में संचालित 1250 वित्तरहित हाईस्कूल, इंटर कॉलेज, संस्कृत स्कूल एवं मदरसा द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि की मांग महीनों से की जा रही है। 25 अप्रैल से ही 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि की संचिका वित्त विभाग में लंबित है। उस पर सहमति नहीं दी जा रही है। दूसरी ओर वित्तीय वर्ष 2024-2025 में सभी संबद्ध डिग्री कॉलेजों को 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि की राशि सरकार ने दे दी है। भेदभाव और दोहरी नीति के विरोध में झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 16 मई को शैक्षणिक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। धुर्वा के सर्वोदय बाल निकेतन उच्च विद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य/ प्रधानाचार्य और शिक्षक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कुंदन कुमार सिंह ने की। 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि की मांग को लेकर राज्य के 1250 वित्तरहित शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक कार्य ठप रहेंगे। संस्थान के मुख्य द्वार पर ताला लगा कर शिक्षक-कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। इस हड़ताल में लगभग 10,000 से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी शामिल होंगे। हड़ताल से उन संस्थाओं को मुक्त रखा गया है, जहां मूल्यांकन कार्य चल रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वित्त मंत्री पलामू जायेंगे, तो पलामू प्रमंडल के वित्तरहित शिक्षक व कर्मचारी उनका घेराव करेंगे तथा 75 प्रतिशत अनुदान बढ़ोतरी की संचिका पर अनुमोदन करने की मांग करेंगे। बैठक में कहा गया कि वित्तरहित संबद्ध डिग्री कॉलेजों को जिस अधिनियम व नियमावली से अनुदान दिया जाता है, उसी नियमावली से वित्तरहित इंटर कॉलेज, हाइस्कूल, संस्कृत स्कूल व मदरसा को भी अनुदान दिया जाता है। संबद्ध डिग्री कॉलेजों के अनुदान में 75 प्रतिशत बढ़ोतरी कर दी गयी, जबकि अन्य वित्तरिहत शिक्षण संस्थाओं की बढ़ोतरी का मामला अभी वित्त विभाग में लंबित है। मोर्चा के प्रतिनिधि यथाशीघ्र मुख्यमंत्री से मिलने का भी प्रयास करेंगे तथा उन्हें इन सारी बातों से अवगत करायेंगे।

# जल शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइव्स समिति द्वारा रोहिणी हाउसिंग सोसाइटी, उल्टाडांगा में जल शिविर आयोजित किया गया, जो आगामी दो महीने तक चलेगा। इस पहल का नेतृत्व समिति की अध्यक्ष विमला प्रसाद के साथ उपाध्यक्ष रेणुका वर्मा, रिंकी नंदा, अर्चना चौधरी, नंदिनी त्रिपाठी, निधि अग्रवाल और श्रीपर्णा घटक कर रही हैं। शिविर में ग्लूकोन डी, रसना, सत्तू, आम पन्ना, तरबूज और बताशा जैसे गर्मियों के लिए आवश्यक जलपान भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# रांची में अचानक धधक उठी कार, जलकर हुई खाक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग ओपी अंतर्गत सेल सिटी में मंगलवार की दोपहर एक कार में भीषण आग लग गयी। आग लगते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हालांकि गनीमत रही कि कार पार्क थी और घटना के वक्त कार में कोई व्यक्ति नहीं था। इस कारण किसी के जान को कोई नुकसान नहीं हुआ। मौके पर मौजूद सेल सिटी के हाउस गार्डों ने पाइप से पानी डालकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार जलकर खाक हो चुकी थी। कार में लगी आग की लपटें देख आसपास के लोग दहशत में आ गये। हालांकि कार में आग कैसे लगी इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आयी है।

# पटनावासियों को 15 अगस्त से मिलेगी मेट्रो की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के लोगों का बहुप्रतीक्षित मेट्रो का सपना अब 15 अगस्त को पूरा होने वाला है। कहा जा रहा है कि मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार हो चुका है और इसका उद्घाटन इसी दिन करने की योजना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस प्रोजेक्ट की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं। पटना मेट्रो का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, खासकर प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत आने वाले एलिवेटेड रूट पर। इस रूट की लंबाई लगभग 6 किमी है और इसमें 5 मुख्य स्टेशन शामिल हैं। इन सभी स्टेशनों पर डिपो निर्माण, प्लेटफॉर्म लेवलिंग, ट्रैक बिछाना, और सिग्नलिंग कार्य लगभग पूरा हो चुका है। तकनीकी परीक्षण की प्रक्रिया जून-जुलाई में पूरी होने की संभावना है। पटना मेट्रो के शुरू होते ही न सिर्फ यातायात व्यवस्था को राहत मिलेगी, बल्कि शहर को एक नया इन्फ्रास्ट्रक्चर बूस्ट मिलेगा। पटना जैसे घनी आबादी वाले शहर में सबसे बड़ी समस्या है- ट्रैफिक जाम। मेट्रो सेवा के जरिए रोजाना हजारों यात्रियों को एक सुगम, सुरक्षित और तेज विकल्प मिलेगा। डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या में कमी आएगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में गिरावट और वायु गुणवत्ता में सुधार देखा जाएगा। मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण और संचालन से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, स्टेशनों के आसपास नए बाजार और व्यवसायिक केंद्र विकसित होंगे। बिहार सरकार का लक्ष्य है कि पटना मेट्रो का पहला फेज स्वतंत्रता दिवस के दिन शुरू कर दिया जाए। इससे न केवल एक राजनीतिक संदेश जाएगा बल्कि जनता के लिए यह विकास का प्रतीक भी बनेगा।


**भारत सरकार**

**जनजातीय कार्य मंत्रालय**

**छात्रवृत्ति अनुभाग**

**चयन वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों हेतु राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस)**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या: 20

इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल **https://overseas.tribal.gov.in/** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल **15 मई 2025 से 30 जून 2025 (शाम 5:30 बजे तक)** खुला रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मंत्रालय के पोर्टल पर जा सकते हैं: - **https://overseas.tribal.gov.in/**

cbc43101/11/0007/2526

## संक्षिप्त समाचार

## आज होगा मॉडल अस्पताल का उद्घाटन, हुआ बिजली का ट्रायल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर अस्पताल में बने मॉडल अस्पताल का उद्घाटन 14 मई को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय करेंगे। इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक डॉ बीएस झा ने दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के बाद अस्पताल हैंडओवर हो जाने पर सदर अस्पताल उसमें शिफ्ट कर दिया जाएगा। मॉडल अस्पताल में पहले ओपीडी शुरू होगी, उसके बाद आईपीडी और फिर ओटी। सोमवार को अस्पताल में बिजली कनेक्शन का ट्रायल लिया गया। इस दौरान अधीक्षक डॉ बीएस झा और प्रबंधक प्रवीण कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण किया। अधीक्षक ने बताया कि पूरा अस्पताल अब मॉडल अस्पताल में शिफ्ट हो जाएगा। निचले तल पर ओपीडी होगी। 16 विभाग की ओपीडी इस अस्पताल में शुरू होगी। ओपीडी के बाहर मरीजों के बैठने की भी व्यवस्था की गई है। पहले तल पर आईपीडी और ओटी रहेगी। निचले तल पर 20 बेड की इमरजेंसी भी रहेगी। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल की ओटी काफी आधुनिक बनी है। यहां मरीजों के इलाज के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कार्यालय भी शिफ्ट किए जाएंगे।

## 432 बोतल विदेशी शराब लदी कार पकड़ी गई, दो गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** शादी-विवाह के सीजन में शराब की तस्करी बढ़ गई है। तस्करों के ज्यादा सक्रिय होने के साथ ही उत्पाद विभाग ने भी जिले भर में कार्रवाई तेज कर दी है। जांच चौकी डोभी पर लगातार दूसरे दिन रविवार की रात अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही दूसरी कार्रवाई में आमस में एक बाइक सवार युवक को आठ लीटर विदेशी शराब के साथ दबोचा गया। दोनों मामले में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। लग्जरी कार पर लदी थी 162 लीटर विदेशी शराब उत्पाद सहायक आयुक्त प्रियरंजन ने बताया कि चेकपोस्ट सहित जिले भर में छापेमारी तेज कर दी गयी है। इसी क्रम में समेतिक जांच चौकी,डोभी पर लगातार दूसरे दिन रविवार रात शराब लदी लग्जरी कार पकड़ी गयी। जांच दल ने शक के आधार पर झारखंड की ओर से आ रही कार रुकवायी। जांच में कार के सीटे के नीचे और डिक्की से 432 बोतल विदेशी शराब निकली। 162 लीटर शराब के साथ कार पर सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों में परैया थाना क्षेत्र के मनझार गांव का सागर कुमार (चालक) और बाराचट्टी थाना क्षेत्र के कुरमावा गांव निवासी राज कुमार को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में चेकपोस्ट के निरीक्षक रामप्रीति कुमार, प्रभात कुमार झा, एएसआई विक्की कुमार, दिलीप कुमार व विजय कुमार सहित जवान शामिल रहे। बताया कि शनिवार से पहले चेक पोस्ट पर 168 बोतल विदेशी शराब और 92 पीस बीयर की बोतल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। आमस में शराब ले जा रहे बाइक सवार पकड़ाया सहायक आयुक्त ने बताया कि विभाग की दूसरी टीम ने आमस थाना क्षेत्र के जीटी रोड शेरे विहार होटल के पास एक बाइक सवार को पकड़ा गया। जांच में बाइक सवार के पास से 8.250 लीटर विदेशी शराब निकली। शराब के साथ इमामगंज थाना क्षेत्र के दर्जी बिगहा नगमा के रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में एएसआई रंजीत कुमार साह, मो. हाबिल व ओम प्रकाश प्रजापति सहित जवान शामिल रहे।

## पूर्णिया में करंट लगने से बच्चे की मौत

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के मोहनपुर थाना क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से 10 साल का बच्चा झुलस गया। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शुभांकर कुमार(10) भौवा प्रबल पंचायत के साधुपुर गांव का रहने वाला था। मृतक के चाचा ने बताया कि भतीजे के साथ गांव के खेत पर जा रहा था। भतीजा उनसे 100 मीटर पीछे था। इस दौरान खेत से होकर गुजरे नंगे तार की चपेट में आ गया।

# एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की कमान थाम बिहार का बढ़ाया मान

**पूर्णिया, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत चल रहे हवाई अभियानों की निगरानी एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती महानिदेशक वायु संचालन (डीजीएओ) द्वारा की जा रही है, जो एक बिहारी अधिकारी हैं। एयर मार्शल भारती पूर्णिया के झुन्नी कलां गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता जीवछलाल यादव कोशी परियोजना के सेवानिवृत्त लेखाकार हैं और उनकी माता उर्मिला देवी का घर श्रीनगर हाता पूर्णिया में है। एयर मार्शल भारती के दो भाई हैं जो पूर्णिया में काम करते हैं। एयर मार्शल भारती ने अपनी स्कूली शिक्षा सैनिक स्कूल तिलैया से प्राप्त की, जहां से वे एनडीए, पुणे गए और जून 1987 में भारतीय वायुसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल हुए। एयर मार्शल भारती का पेशेवर इतिहास बहुत ही शानदार रहा है, जिसमें उन्होंने पाठ्यक्रम में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था और उन्हें स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया था। उन्होंने वेलिंगटन में प्रतिष्ठित स्टाफ कोर्स और नई दिल्ली में एनडीसी भी किया। एयर मार्शल भारती ने एक फ्रंटलाइन फाइटर बेस की कमान संभाली और भारत के भीतर और बाहर कई महत्वपूर्ण कार्यभार संभाले। वायु सेना मुख्यालय में डीजीएओ का पदभार संभालने से पहले वे प्रयागराज में सेंट्रल एयर कमांड में सीनियर स्टाफ ऑफिसर (एसएएसओ) के पद पर तैनात थे, जहां उन्होंने हाल ही में आयोजित महाकुंभ का पर्यवेक्षण भी




किया था। वर्तमान में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर में हवाई ऑपरेशन के वास्तुकार के रूप में उन्होंने योजना बनाने, समन्वय करने और अंततः पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में मिशनों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने, जिसमें उनकी सामरिक संपत्तियां भी शामिल हैं, ने न केवल उन्हें तत्काल युद्ध विराम का अनुरोध करने के लिए मजबूर किया, बल्कि इससे पाकिस्तानी प्रतिष्ठानों के मन में लंबे समय तक एक स्थायी भय भी बने रहने की संभावना है। एयर मार्शल एके भारती प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुसार वायु सेना की योजना बनाने के मुख्य वास्तुकार रहे हैं, ताकि बर्बर पहलगाम हत्याकांड के लिए पाकिस्तान को दंडित किया जा सके। यह वास्तव में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह जानकारी पूर्णिया के सामाजिक कार्यकर्ता विजय श्रीवास्तव के साथ इंडियन एयर फोर्स के रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन विश्वजीत कुमार ने साझा की है।

### सितंबर 2023 में एयर मार्शल के पद पर प्रमोट हुए

भारती भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग ब्रांच में 1987 में कमीशंड हुए थे। सितंबर 2023 में एयर मार्शल के पद पर प्रमोट हुए। 16 अगस्त 2005 को सुखोई- 30 एमकेआई स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर के तौर पर जिम्मेदारी संभाली थी। इस यूनिट को हाल ही में एयरक्राफ्ट का एडवांस्ड वर्जन मिला था। एयर मार्शल भारती ने इसके वेपन सिस्टम को बनाने और ऑपरेशनल करने में क्रिटिकल रोल निभाया है। एयर मार्शल भारती की लीडरशिप में स्क्वॉड्रन ने एयर फोर्स लेवल एक्सरसाइज गगन शक्ति में हिस्सा लिया था। इसके जरिए एयर डॉमिनेंस फोर्स का कॉन्सेप्ट डिमोंस्ट्रेट किया जाता है। स्क्वॉड्रन को बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 2006 और 2007 में सराहा गया था। 2006 में यूके रॉयल एयरफोर्स के साथ इंद्रधनुष एक्सरसाइज और 2007 में फ्रांस एयरफोर्स के साथ गरुड़ा एक्सरसाइज की थी। 2008 में भारती को राष्ट्रपति ने वायुसेना मेडल से सम्मानित किया।

### 3 भाई में सबसे बड़े हैं अवधेश

एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती 3 भाई में सबसे बड़े हैं। एक भाई आरके भारती न्यूरो सर्जन हैं और दूसरे मिथिलेश कुमार एमआर हैं। पिता जीवछलाल कोशी परियोजना के रिटायर्ड लेखाकार हैं, और मां उर्मिला देवी हाउस वाइफ हैं। मां-पिता दोनों शहर के के.हाट थाना क्षेत्र के श्रीनगर हाता में रहते हैं।



## चंदवारा से फोरलेन तक सड़क के लिए 11 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चंदवारा में फेज दो के तहत लिंक रोड बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की भी आवश्यकता होगी। पुल निर्माण निगम ने मुशहरी अंचल अंतर्गत पांच मौजा को चिह्नित किया है। इन मौजों में करीब 11 एकड़ निजी भूमि का अधग्रिहण किया जाएगा। समाहर्ता की ओर से इसकी स्वीकृति के बाद अब सामाजिक प्रभाव का आकलन किया जाना है। इसके लिए पटना स्थित एक संस्थान का चयन किया गया है। समाहर्ता की ओर से प्रस्ताव तैयार कर सौंपने को कहा गया था। इसके आलोक में सामाजिक प्रभाव के आकलन के दौरान किन-किन बिंदुओं पर फोकस किया जाएगा, इसका पूरा ब्योरा संस्थान की ओर से समाहर्ता को भेज दिया गया है। इस कार्य पर करीब नौ लाख रुपये खर्च होंगे। इस राशि का आवंटन करने का अनुरोध किया गया है। इससे पूर्व पुल निर्माण निगम की ओर से भूमि अधग्रिहण को लेकर जिला भू-अर्जन कार्यालय को अधियाचना सौंपी जा चुकी है। इसपर खर्च होने वाली राशि का अनुमानित प्राक्कलन भी तैयार करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना को चंदवारा में फेज-दो का नाम दिया गया है, जिसके तहत तीन किमी लंबी सड़क का निर्माण होना है। मुशहरी अंचल अंतर्गत मौजा सरैया चक मुस्तफा सिपाहपुर में 0.8630 एकड़, हरपुर में 2.2810 एकड़, दामोदरपुर में 4.4700 एकड़, भगवतीपुर में 3.2898 एकड़ और चकमोहब्ब्त में 0.9110 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होगा। संस्थान की ओर से रिपोर्ट मिलने के बाद अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का एमवीआर निर्धारित किया जाएगा। इसी आधार पर रैयतों को मुआवजा भुगतान किया जाएगा।



## मौसम : देर रात 60 किमी की रफ्तार से चली आंधी, कई इलाकों में बारिश

**पटना, एजेंसी।** मध्य बिहार से ट्रफ लाइन गुजरने और उत्तर प्रदेश पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बने रहने की वजह से सोमवार की देर रात मौसम में अचानक बदलाव हो गया।

देखते ही देखते आकाश बादल छा गए और गरजने बरसने लगे। तेज आंधी भी चली लगी। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। कई इलाकों पेड़ की डाली टूट कर गिर गई। बोरिंग कनाल रोड, अनिसाबाद, पाटलिपुत्र कॉलोनी समेत आसपास इलाकों में बारिश हुई। फुलवारीशरीफ और आसपास बूंदाबांदी हुई पर तेज आंधी चली। मौसमविदों का कहना है कि मंगलवार को भी दक्षिण बिहार के कई जिलों में और उत्तर बिहार में सीमांचल के जिलों में तेज आंधी पानी के गर्जन होने की संभावना है।

### हवा में आर्द्रता अधिक रहने से गर्मी ज्यादा

वायुमंडल में आर्द्रता अधिक रहने के कारण गर्मी का एहसास बढ़ गया है। पटना सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान से पांच से छह डिग्री सेल्सियस अधिक महसूस हो रही है। राज्य में पछुआ हवा चल रही है, इसके बाद भी इस हवा में आर्द्रता अधिक बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण पछुआ हवा में भी आर्द्रता आ गई है और यह लोगों को परेशान कर रही है। 14 मई की शाम से उत्तर-पूर्व भागों में आंधी-पानी का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार पटना सोमवार को पटना का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि हवा में आर्द्रता की मात्रा 66 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## भागलपुर और पूर्णिया में अगले महीने से चलेंगी पिंक बसें?



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर और पूर्णिया शहर में महिलाओं के लिए विशेष पिंक बसों की शुरुआत अगले महीने यानी जून 2025 से हो जाएगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से यह जानकारी दी गई है। बीएसआरटीसी के अधिकारियों की मानें तो पिंक बसों के संचालन को लेकर कागजी कार्यवाही पूरी कर ली गई है। जून महीने के पहले सप्ताह से भागलपुर और पूर्णिया में पिंक बसें दौड़ने लगेंगी। बता दें कि वर्तमान में पिंक बस राज्य के चार शहरों में चलेंगी। इसमें पटना में 10 बसों का परिचालन होगा। इसके अलावा शेष 10 बसों का परिचालन भागलपुर, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया में होगा। इन शहरों में चलने के बाद अक्टूबर महीने में 100 नई पिंक बसें चलाई जाएंगी। परिचालन के लिए परमिट का काम शुरू हो गया है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार परमिट देने की प्रक्रिया मई माह तक चलेगी। इसके बाद जून के प्रथम सप्ताह में पिंक बस का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। भागलपुर में तिलकामांझी सरकारी बस स्टैंड, तो पूर्णिया में थाना चौक बस स्टैंड से इन बसों का परिचालन किया जाएगा।

बीएसआरटीसी के आरएम अजिताभ कुमार ने बताया कि पिंक बसें पटना पहुंच गई हैं। जल्द ही इन्हें भागलपुर और पूर्णिया लाया जाएगा। जून के पहले सप्ताह से इन दोनों शहरों में पिंक बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### पिंक बस में क्या खास?

पिंक बसों को खास तौर पर महिलाओं और लड़कियों के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें महिलाएं एवं छात्राएं ही सफर कर सकेंगी। पिंक बस को शहर के प्रमुख स्थानों पर चलाया जाएगा। संचालन का समय सुबह 8 से रात 8 के बीच होगा। राज्य सरकार ने इन बसों में ड्राइवर और कंडक्टर भी महिलाएं ही रखने का फैसला लिया था। मगर अभी तक बीएसआरटीसी को महिला ड्राइवर हीं मिल पाए हैं।

## बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाने में बिहार दूसरे स्थान पर

**पटना, एजेंसी।** बिहार के आंगनबाड़ी केंद्रों में अबतक 26.15फीसदी बच्चों का हेल्थ कार्ड बना। इसके साथ ही बिहार देशभर में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। बिहार से ज्यादा केवल महाराष्ट्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में 30.63 फीसदी बच्चों का हेल्थ आईडी कार्ड बना है। बता दें कि दिसंबर तक राज्य के आधे से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में एक भी बच्चे का कार्ड नहीं बना था। पूरे राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलाकर 1435 बच्चों का ही हेल्थ आईडी कार्ड बना था। लेकिन दिसंबर से समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय ने विशेष अभियान शुरू किया। इसके बाद हर महीने हजारों बच्चों का हेल्थ आईडी कार्ड बनने लगा। पांच माह यानी दिसंबर से अप्रैल तक 29 लाख आठ हजार 420 यानी 26.15 फीसदी बच्चों का हेल्थ आईडी कार्ड बन चुका है। वर्तमान में 95 लाख के लगभग राज्यभर के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चें पंजीकृत हैं। जिसका हेल्थ आईडी कार्ड बनता है, उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखा जाता है। ऐसे में अगर किसी बच्चे की तबीयत खराब होती है तो ऑनलाइन रिकॉर्ड के आधार पर उसका तुरंत इलाज शुरू हो जाएगा।

## जान से मारने की दी थी धमकी

## घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश: पीड़िता के ससुर ने पिटाई के बाद युवक को पुलिस को सौंपा

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में घर में घुसकर एक महिला से दुष्कर्म की कोशिश की गई। पीड़िता ने शोर मचाया तो ससुर दौड़ते हुए आएं और युवक को पकड़ लिया। पड़ोसियों के साथ उसकी पिटाई की, फिर पुलिस को सौंप दिया।

पीड़िता की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने बताया, 3 दिन पहले आरोपी इकराम ने मुझे धमकी दी थी कि अगर मैं उससे बात नहीं करूंगी तो घर में घुसकर जान से मार देंगे। मेरे पति घर से रविवार की रात में कहकर निकले थे कि खेत पर जा रहा हूं। सुबह खाना पहुंचा देना। पति के जाने के बाद मैं सोने चली गई थी। तभी इकराम मेरे घर में घुस आया। मेरे ससुर समय पर नहीं आते तो मेरे साथ गलत हो जाता। मामला नारायणपुर प्रखंड के भवानीपुर थाना क्षेत्र का है।

### एक तरफा प्यार में बात करने की कोशिश करता था

आरोपी इकराम महिला से एक तरफा प्यार करता था। पीड़िता उससे बात करना नहीं चाह रही थी। लड़का जबरदस्ती बात करने की कोशिश करने लगा। जिसका महिला ने विरोध जताया तो लड़का ने धमकी दी थी। आरोपी युवक का घर पीड़िता के घर से 2 किलोमीटर की दूरी पर है। जो लगातार महिला के घर की तरफ घूमने आता था। हालांकि पहले से युवक और महिला के बीच कोई संबंध नहीं था। पड़ोस के गांव के रहने के कारण एक दूसरे को जानते थे। भवानीपुर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।





## गोपालगंज के किसान ने 48 डिग्री तापमान में उगाए सेब

**गोपालगंज, एजेंसी।** अब तक शिमला और कश्मीर जैसी ठंडी जगहों में होने वाले सेब की खेती अब बिहार की गर्म जमीन पर भी मुमकिन हो गई है। गोपालगंज के सदर प्रखंड स्थित एकड़ेरवा गांव के किसान ध्रुव कुमार सिंह ने इस असंभव मानी जाने वाली संभावना को साकार कर दिखाया है। उन्होंने हिमालयन-99 प्रजाति के सेब के पौधों की सफलतापूर्वक खेती की है, जो 48 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी फल दे सकता है।

**2022 में कृषि विभाग से मिले थे 25 पौधे, 12 में लगा फल:** ध्रुव कुमार सिंह को 2022 में कृषि विभाग के बागवानी मिशन के तहत हिमालयन-99 प्रजाति के 25 सेब के पौधे मिले थे। इनमें से 13 पौधे शुरू में सूख गए, लेकिन शेष 12 पौधों में अब फल आ चुके हैं। शुरुआती असफलता के बावजूद, मेहनत और धैर्य ने उन्हें यह सफलता दिलाई।

**आम-अमरूद जैसी देखभाल, कम लागत में बेहतर मुनाफा :** सेब की इस प्रजाति की खासियत यह है कि इसकी देखभाल आम और अमरूद जैसे पौधों की तरह ही की जा सकती है। शुरुआत में नियमित सिंचाई और समय-समय पर कटाई-छंटाई जरूरी होती है, लेकिन पेड़ के परिपक्व होने पर सिंचाई की जरूरत काफी कम हो जाती है। ध्रुव के अनुसार, यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला विकल्प बन सकता है।

**सेब की बागवानी को बना लिया शौक, पेशे से हैं वकील :** ध्रुव कुमार सिंह पेशे से अधिवक्ता हैं, लेकिन बागवानी उनका प्रमुख शौक है। वे पहले से ही आम, अमरूद, अंगूर और अनार की खेती कर चुके हैं। सेब की खेती का ऑफर मिलने पर उन्होंने इसे एक चुनौती की तरह लिया। उन्होंने कहा, शुरुआत में लोग मज़ाक उड़ाते थे कि सेब यहां कैसे होगा, लेकिन आज वही लोग सराहना कर रहे हैं।

**जनवरी में फूल, मई-जून में फल:** ध्रुव बताते हैं कि सेब के पौधे लगाने का उपयुक्त समय 15 नवंबर से 15 फरवरी तक होता है। पौधे लगने के दो साल बाद इनमें फूल आते हैं, जो जनवरी के अंत से शुरू होकर फरवरी तक आते हैं। मई और जून में फल तैयार हो जाते हैं।

**'यह आम और लीची से भी बेहतर' :** ध्रुव का मानना है कि सेब की यह किस्म आम, लीची और अमरूद से भी बेहतर है, क्योंकि इससे कम समय में अच्छी गुणवत्ता वाला फल मिलता है। वे अब इसे व्यावसायिक स्तर पर विस्तार देना चाहते हैं और सरकार से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

**उद्यान पदाधिकारी बोले: सफल हो रहा है प्रयोग, अन्य किसानों को भी जोड़ा जा रहा :** जिला उद्यान पदाधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि यह बागवानी सरकार की प्रयोगात्मक योजना का हिस्सा है और इसका परिणाम उत्साहजनक रहा है। हम अन्य किसानों को भी सेब की खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में इसका बड़ा असर देखने को मिलेगा।

**बिहार में सेब की खेती से आय में इजाफा :** सेब की खेती बिहार के लिए कई मायनों में खास साबित हो सकती है। एक तो इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी, वहीं स्थानीय लोगों को ताजा सेब भी सुलभ हो सकेगा। इसके अलावा, यह खेती के विविधीकरण और मृदा उर्वरता को बनाए रखने में भी सहायक होगी।

**ध्रुव की अपील: सरकार दे तकनीकी मदद और पौधे :** ध्रुव कुमार सिंह ने सरकार से अपील की है कि वे उन्हें बागवानी को बड़े स्तर पर फैलाने के लिए पौधे, तकनीकी प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच दिलवाएं। जब हिमाचल के सेब गर्मी में 230 रुपए किलो बिकते हैं, तो बिहार का सेब क्यों पीछे रहे?

# पलामू ने एक होनहार लाल को खोया : सांसद

## सेना के जवान राजेन्द्र ठाकुर के घर पहुंचे सांसद, परिजनों को दी सांत्वना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के ग्राम बरांव निवासी व लेह - लद्दाख मे सेना में पदस्थापित जवान राजेन्द्र ठाकुर की सड़क दुर्घटना मे हुई मौत की खबर सुनकर उनके घर पहुंचे। उन्होंने पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया साथ ही परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर सांसद ने जवान के मौत को अपूरणीय क्षति बताया कहा कि वे परिवार के लोगों को हर संभव मदद करेंगे।



उन्होंने कहा कि राजेन्द्र ठाकुर के माता-पिता ने ही सिर्फ अपने लाल को नहीं खोया है बल्कि आज वे सभी पलामू वासियों ने एक होनहार लाल को हमेशा के लिए खो दिया है। विदित हो कि बीते दिनों भारतीय सेना के जवान राजेंद्र कुमार ठाकुर की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। राजेंद्र कुमार ठाकुर बीते 11 मार्च को छुट्टी पर अपने घर आये थे। जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार ठाकुर रविवार की रात रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा इलाके में अपने एक करीबी रिश्तेदार के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक एक अन्य बाइक से टक्कर हो गयी थी। हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल विश्रामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने राजेंद्र कुमार ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भोला पाण्डेय, मथुरा पासवान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सिकंदर चौधरी, जय दुबे शाहिद बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में जहानाबाद को मिले पांच पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में पटना में 11 मई को आयोजित राज्य स्तरीय अंतर जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में जहानाबाद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांच पदक प्राप्त किए। जिले की ओर से कुल 16 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था, जिनमें से पाँच खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मल्लहचक में विजेता खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव की बात है, विशेषकर तब जब स्केटिंग जैसे



नवाचार खेल में जिले के बच्चे इतनी कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि स्केटिंग खेल अभी जहानाबाद में नवप्रवेशी खेल विधा है, किंतु श्री राहुल कुमार के मार्गदर्शन में दो दर्जन से अधिक बच्चे नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मल्लहचक में स्केटिंग सहित सॉफ्ट टेनिस और इनडोर बैडमिंटन के लिए भी बच्चों को अभ्यास की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वही जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भारोत्तोलन, रग्बी, सॉफ्ट टेनिस और तलवारबाजी जैसे खेलों में भी जिले के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफलताएं अर्जित कर रहे हैं।

# अग्निशमन कर्मियों ने आग से बचाव के लिए मॉक ड्रिल के माध्यम से बच्चों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** मंगलवार को हिलसा शहर के मोमिनपुर रोड स्थित आरपीएस कैंपस में अग्निशमन कर्मियों के द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने पर एवं मकान में फंसे व्यक्ति को कैसे सुरक्षित नीचे उतारा जाए जिसका अभ्यास कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आग से बचाव के लिए विभिन्न उपायों का प्रदर्शन मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। वहीं अग्निशमन टीम के कर्मीयो ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता फैलाकर आग से होने वाला नुकसान को कम कर सकते हैं। आग लगने के बाद उस पर काबू पाने के तरीके बताए गए। इस दौरान अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी शम्भु कुमार सिंह ने बताया कि हमेशा भवन की सुरक्षा नियमों व निर्देशों का पालन करें। आग लगने पर खुद को अलर्ट रखें और दूसरों को भी मार्गदर्शित करें। बचाव के रास्तों को हमेशा साफ रखें और इनमें किसी प्रकार की रुकावट ना हो। खाना बनाते समय किचन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। मिट्टी के तेल, गैस सिलेंडर आदि जैसे ज्वलनशील वस्तुओं को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। बच्चों को अग्नि सुरक्षा नियम की जानकारी से जरूर अवगत कराएं। इस तरह की जागरूकता से आम लोग व छोटे बच्चे आग लगने पर खुद का बचाव करने के साथ - साथ आग पर काबू पाया जा सके। गैस सिलेंडर का उपयोग खत्म होते ही सिलेंडर का नाब बन्द कर दे,घरों में किये गए विजली वायरिंग को समय समय पर चेक करते रहे। आग लगने पर बिना डर व भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए बाहर आ जाएं। आग लगने पर शांत रहें, घबराए नहीं। नजदीकी निकास मार्गों का इस्तेमाल करें। निकलने से पहले सभी खिड़कियां और दरवाजा बंद कर दें। तेज आवाज में चिल्ला कर बचाव दल का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करें। यदि आग शरीर के किसी अंग में पकड़ ले तो वैसी स्थिति में दौड़े नहीं हमेशा रुककर जमीन पर लेट कर रोल करें। जमीन पर रोल होने से कपड़े में लगी आग बुझ जाती है। आग लगने या आपात स्थिति में तत्काल अग्निशमन सेवा को सूचित करें। फायर स्टेशन का नम्बर पास में जरूर रखे। इस मौके पर अश्वनी कुमार उपेंद्र कुमार, अजीत कुमार, शंभू प्रसाद, रौशन कुमार , रजनीश कुमार, उदय कुमार, विकास कुमार ,कुणाल कुमार, कुमकुम कुमार अन्य कर्मी मौजूद थे।

# ग्रंथों और परंपराओं में भारत बोध, लोग वाकिफ नही, जन जन तक पहुंचाने की जरूरत

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारत बोध को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत के साथ नालंदा में आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य वक्ता भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के सदस्य प्रो आनंद शंकर सिंह ने कहा कि भारत बोध की अवधारणा धार्मिक ग्रंथों और परंपराओं में चली आ रही है। लेकिन उन्हें इसका बोध नही है। जरूरत है कि इसे जन जन तक कैसे पहुंचाया जाय। भारतीय ज्ञान परंपराओं को पाठयक्रम में लाया जाय। प्रो आनंद शंकर सिंह ने अपने संबोधन में कई उदाहरणों के जरिए बताया कि भारत बोध की परंपरा कैसे चली आ रही है, फिर भी लोग भारत बोध से अनभिज्ञ हैं। इसे बोध कराने की जरूरत है।

नालंदा खुला विश्वविधालय, नालंदा के परिसर में सोमवार को तीन दिवसीय सेमिनार के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह सेमिनार भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा संपोषित इतिहास संकलन समिति बिहार के जरिए आयोजित किया गया। सेमिनार का आयोजन नालंदा खुला विश्वविधालय नालंदा और नालंदा कॉलेज





बिहारशरीफ के सहयोग से किया गया। जिस सेमिनार का विषय था भारत बोधः एक परिचर्या।

सेमिनार के समापन समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय बौद्ध विधा संस्थान लेह के प्रो राजेश रंजन ने किया। जबकि कार्यक्रम का संयोजन डॉ रामाकांत शर्मा ने किया। सेमिनार का प्रतिवेदन आयोजन समिति के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने पढ़ा। वहीं घन्यवाद ज्ञापन सेमिनार के समन्वयक इतिहास संकलन समिति बिहार के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार थे। स्वागत भाषण डॉ रत्नेश अमन ने किया। इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव और सेमिनार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो राजीव रंजन ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सेमिनार में करीब 500 लोग शामिल हुए। 249 लोगों के शोध सारांश प्रकाशित हुए। 16 टेक्निकल सत्र हुआ। जबकि तीन विशेष अकादमिक सत्र आयोजित हुए।

विशिष्ठ अतिथि के तौर पर नालंदा कॉलेज बिहारशरीफ के प्रिंसिपल डॉ रामकृष्ण परमहंस ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के उपन्यासों में भी भारत बोध उल्लिखित है, जिसे ढूढ़ने की जरूरत है। डॉ परमहंस ने टीएस इलिएट जैसे कई अंग्रेजी लेखकों की किताबों का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा नजर आती है। जरूरत है इसपर अध्ययन करने की। इतिहास संकलन योजना के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास क्या है। इतिहास बोध क्या है। उन्होंने बताया कि रिसर्च क्या है। रिसर्च क्यों किया जाता है। रिसर्च कैसे होता है।

अध्यक्षीय भाषण में केन्द्रीय बौद्ध विधा संस्थान लेह के प्रो राजेश रंजन ने कहा कि अंग्रेजी में कई ऐसी चीजें हैं, जो भारत बोध को अवगत कराता है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि लेह में टीचर को गुरूजी कहा जाता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जो भारत बोध से अवगत कराता है।

सेमिनार के समापन के अवसर पर सेमिनार को सफल बनाने में जुटे लोगों को सम्मानित किया। आयोजन समिति के सदस्यों को अंगवस्त्र, स्मृति चिंह और नालंदा का सील देकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय सेमिनार में डॉ मीता, डॉ नृपेंद्र कुमार, डॉ अशोक कुमार प्रियदर्शी, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ सूर्यनारायण, डॉ हे गोयल, डा निगम भारद्वाज, डॉ आभा समेत अनेक लोग शामिल हुए।

नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ समीर कुमार शर्मा ने सेमिनार के प्रोसिडिंग को यूनिवर्सिटी के जरिए प्रकाशित करने का ऐलान किया है।

# स्वास्थ्य विभाग की नजर में पलामू के मरीजों की जान की नही है कोई कीमत : आशुतोष तिवारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि पलामू जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे है। यहां के गरीब लोगों की जान की कीमत स्वास्थ्य विभाग की नजर में दो कौड़ी की है। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जाने वाली 20 दवाओं में से 18 दवाएं जांच में नकली व गुणवत्ताहीन पाया गया। पलामू जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था, जिला प्रशासन व राज्य सरकार तीनों मिल कर ग़रीब मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह बहुत ही शर्मनाक व चिंताजनक घटना है। इसे हम पार्टी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। यह घटना बहुत बड़े घोटाले को उजागर कर रही है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों की संलिप्तता सामने आ सकती है। आशुतोष तिवारी ने कहा कि शीघ्र ही पलामू के उपायुक्त व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की जायेगी। दवाओं के सप्लायर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए तत्काल गिरफ्तार करने व इन दवाओं की आपूर्ति का आदेश देने वाले अधिकारी व कर्मचारी पर तत्काल उच्चस्तरीय जांच कर अविलंब कारवाई करने की मांग की जायेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी के साथियों के साथ पलामू जिला का सबसे बड़ा अस्पताल एमएमसीएच में दौरा करने के बाद पाया कि चारों तरफ अव्यवस्था का आलम है। गंदगी व बदबू से मरीजों व परिजनों की हालत खराब है। जीवनरक्षक दवाएं नहीं हैं।

# पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने भगवान बुद्ध की जयंती पर किया पौधरोपण

## भगवान बुद्ध के सम्मान में उनके जन्मस्थली, ज्ञानस्थली, उपदेश स्थल व समाधि स्थल पर किया पौधरोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भगवान गौतम बुद्ध के जन्मदिन पर हैदरनगर देवी मंदिर परिसर में सोमवार को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने धर्मपत्नी सह संस्था की प्रधान सचिव सज्ञ डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल के साथ पौधा रोपन किया। साथ ही सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी। उनके साथ भाई सत्येंद्र प्रसाद व सुचित कुमार, बहू गीता देवी व अल्पना देवी, बहन चिंता देवी व अन्य शामिल थे। सभी ने वृक्ष देव की पूजा कर पौधरोपण किया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ प्रांगण में हिमाचल के कपूर व कर्नाटक का चंदन पौधा लगाकर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मत्रों की शपथ दिलाई। बताते चलें कि डॉक्टर कौशल किशोर जायसवाल ने वर्ष 2005 से सभी देवस्थलों पर पौधरोपण करने का अभियान



चलाया था। पुनः 20 वर्षों के बाद भगवान बुद्ध की जयंती पर देवी धाम परिसर पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद पौधरोपण किया। भगवान गौतम बुद्ध के जन्मदिन पर दुनिया के तमाम लोगों को शुभकामना देते हुए डॉ कौशल ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनी, ज्ञान बिहार के बोधगया पीपल पेड़ के नीचे, उपदेश का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के बनारस सारनाथ व मृत्यु उत्तर प्रदेश के कुशीनगर समाधि स्थल पर तो पौधा लगाया है । इसके साथ ही नेपाल, भूटान, बर्मा, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया में उनके चाहने वालों के बीच जाकर भी उनके मंदिर प्रांगण में पौधा लगाया है। मौके पर मंदिर के पुजारी को जीवन रूपी पौधा दान कर उन्हें सम्मानित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मैनपाट स्थित भगवान गौतम बुद्ध के मंदिर में भी पूजा अर्चना किया। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि भगवान बुद्ध की जयंती मानना तभी सार्थक होगा जब सभी लोग उनकी भावनाओं के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा पीपल का पौधा लगाएंगे।पीपल पेड़ के नीचे ही उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था। पीपल लगाने से धरती व ब्रह्मांड की 84 लाख योनी जीवों की सुरक्षा होगी। मौके पर प्रदीप जायसवाल सत्येंद्र दुबे, सत्य सिंह, कौशल उपाध्याय, संतोष प्रजापति आदि शामिल थे।

# 18 बच्चों को प्रदान किए गए नवीन प्रमाण-पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के मोदनगंज प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को दिव्यांगता पहचान एवं प्रमाणीकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा की गई एक महत्वपूर्ण पहल रही। शिविर में कुल 18 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण कर नवीन दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत किए गए साथ ही उनके अभिभावकों को यूडी आईडी पंजीकरण, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक परामर्श भी एक ही स्थल पर उपलब्ध कराया गया। शिविर का संचालन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक माला कुमारी के निर्देशन में किया गया।स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड ने बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण-पत्र निर्गत किए। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बतौर नोडल पदाधिकारी समन्वय की जिम्मेदारी निभाई वहीं आंगनबाड़ी सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदियां एवं विकास मित्रों ने लाभुक बच्चों को शिविर स्थल तक लाने में सराहनीय सहयोग किया। सिविल सर्जन कार्यालय के माध्यम से चिकित्सकों की उपस्थिति और आवश्यक प्राथमिक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बिहार-झारखंड के सीमावर्ती चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने शादी समारोह में ले जा रहे 20 बोतल विदेशी शराब एवं 12 केन बियर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से प्रतिदिन तीन शिफ्टों में सघन वाहन जांच किया जा रहा है। इस दौरान झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। मंगलवार की अहले सुबह उत्पाद एएसआई मो. साबिर ने शिव ज्योति बस पर सवार एक यात्री के पास से बैग में रहे 180 एमएल वाले 20 बोतल विदेशी शराब एवं 500 एमएल वाले 12 केन बियर को बरामद किया साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है,जिसकी पहचान उड़ीसा के केऊंझर जिले के बरबील थाना क्षेत्र के श्रीरामनगर निवासी गोपाल कुमार के पुत्र सिद्धार्थ राज गुप्ता के रूप में हुई है।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : ईएल–10–25, दिनांक 09.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं. : ईएल–10–25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान: (क) आसनसोल मंडल:** आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों, यार्ड, सेवा भवन, सब–स्टेशन, फिल्टर हाउस, कोचिंग कॉम्प्लेक्स में एलटी पैनल का विस्तार और अन्य विद्युत कार्य से पुराने एलटी पैनल का प्रतिस्थापन। (फेज–I), (एसएसई/इलेक्ट (जी)/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत)। **(ख) आसनसोल मंडल:** आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों, यार्ड, सेवा भवन, सब–स्टेशन, फिल्टर हाउस, कोचिंग कॉम्प्लेक्स में एलटी पैनल का विस्तार और अन्य विद्युत कार्य से पुराने एलटी पैनल का प्रतिस्थापन। (फेज–I), (एसएसई/इलेक्ट (जी)/यूडीएल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत)। **निविदा मूल्य :** रु.5,06,07,179.46, **बयाना राशि :** रु. 4,03,000/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य के लिए समापन अवधि :** 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 06.06.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।
ASN-42/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बच्चों को पोषण के साथ पढ़ाई से ही बनेगा स्वस्थ भारत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में समेकित बाल विकास परियोजना कौआकोल के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविकाओं का 'शिक्षा भी, पढ़ाई भी' अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। जिसका उदघाटन कौआकोल के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी, निवेदिता कुमारी, शालिनी कुमारी एवं आरती कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के उद्घाटन के बाद सेविकाओं को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों को खेल-खेल के साथ कुपोषण की खात्मे के साथ पढ़ाई करनी भी जरूरी है। जब पोषण भी तथा पढ़ाई भी साथ-साथ चलेगी,तभी स्वस्थ भारत की स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि आज समाज में बच्चों में कुपोषण बढ़ गया है। जो निश्चित तौर पर समाज का कोढ़ है। इसके खात्मे के लिए ही बाल विकास परियोजना स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ बाल विकास परियोजना में कार्यरत कर्मियों





सर्वोदय आश्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया प्रशिक्षण

तथा सेविकाओं द्वारा अपने निर्धारित मानदंडों के अनुसार काम किया जाएगा। महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी ने सेविकाओं को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर तरीके से पोषण के साथ पढ़ाई भी करानी है ताकि स्कूल पूर्व शिक्षा की जिम्मेदारी पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी सेवाओं को पोषण के साथ पढ़ाई की अवधारणा के संबंध में विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें ज्ञान से समृद्ध बनाया जाएगा। मौके पर विनय कुमार, संजय कुमार, शशि रंजन आदि उपस्थित थे।

## 61 अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया नियुक्ति सह पदस्थापना पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में मंगलवार को राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देश पर विशेष शिविर का आयोजन कर बीपीएससी टीआरई-3 में चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति सह पदस्थापना पत्र का वितरण किया गया। शिविर का उदघाटन कौआकोल बीईओ सुशील कुमार, मनरेगा पीओ प्रमोद मिस्त्री,एमडीएम प्रभारी संजय पासवान, स्थानीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। बीईओ सुशील कुमार ने बताया कि टीआरई-3 के तहत कौआकोल प्रखण्ड में 107 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें 61 अभ्यर्थियों ने मंगलवार को लगाए गए विशेष शिविर में आकर अपना नियुक्ति सह पदस्थापना प्रपत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर बीईओ सुशील कुमार ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारत नेपाल सीमा के मैत्री पुल पर एसएसबी और हरैया पुलिस ने एक साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी तब हुई जब दोनों गांजा तस्कर नेपाल से ताँगा में बैठकर भारत की सीमा में प्रवेश करने की जुगत में थे। जांच में दोनों तस्करों के पास से तीन किलो सात सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसे उन्होंने अपने शरीर में शर्ट के नीचे छिपा कर बांध रखा था। गिरफ्तार तस्करों की पहचान पश्चिमी चंपारण के नौतन निवासी जवाहिर राम के पुत्र मोतीचंद और नंदनपुर बैरिया निवासी नगीना पटेल के पुत्र उमेश पटेल के रूप में हुई है।

पूर्व रेलवे

ई–नीलामी सूचना

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई–ऑक्शन/पार्किंग/25–1 दिनांक: 09.05.2025**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण इस प्रकार है: (1) **नीलामी का प्रकार:** पार्किंग, **ई–नीलामी कैटलॉग सं.:** एएसएन–पीएआरसी–090525, **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि:** दिनांक 26.05.2025, 12.00 बजे, **स्टेशन/स्थान का नाम:** जसीडीह (जेएसएमई) रेलवे स्टेशन में द्वितीय श्रेणी वेटिंग हॉल के सामने टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स एवं फोर व्हीलर्स। (2) **नीलामी का प्रकार:** पार्किंग, **ई–नीलामी कैटलॉग सं.:** एएसएन–पीएआरसी–070525, **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि:** दिनांक 24.05.2025, 13.00 बजे, **स्टेशनों/स्थानों का नाम: (क)** पंप हाउस के पास वारिया (ओवाईआर) रेलवे स्टेशन में साउथ सर्कुलेटिंग एरिया वाले स्थान में टू व्हीलर्स, **(ख)** रानीगंज (आरएनजी) रेलवे स्टेशन में उत्तरी भाग वाले स्थान में टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स एवं फोर व्हीलर्स, **(ग)** विद्यासागर (वीडीएस) रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स एवं फोर व्हीलर्स। (3) **नीलामी का प्रकार:** पे एंड यूज टॉयलेट, **ई–नीलामी कैटलॉग सं.:** सी5–एएसएन–पीएनयू–0805, **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि:** दिनांक 24.05.2025, 12.00 बजे, **स्टेशन/स्थान का नाम:** मधुपुर रेलवे स्टेशन में द्वितीय श्रेणी वेटिंग, नए बुकिंग कार्यालय में पे एंड यूज टॉयलेट। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखने की सलाह दी जाती है।
ASN-43/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: एम-716-वेल्डिंग-बीजेई-25, दिनांक: 09.05.2025। कार्य का विवरण:** 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए खुली निविदा के जरिये सी एंड डब्ल्यू/भोजुडीह में आउटकम एवं एक्टिविटी आधारित अनुबंध में प्रति महीने 450 सिक वैगनों की साधारण मरम्मत। **विभागीय मूल्य:** ₹ 1,08,11,232 (18% की दर से जीएसटी सहित)। ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: **30.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **30.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे के बाद। क्रम संख्या :** 2। **ई-निविदा संख्या: एम-716-वेल्डिंग-बीकेएससी-25, दिनांक: 09.05.2025। कार्य का विवरण:** 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए खुली निविदा के जरिये सी एंड डब्ल्यू/बोकारो स्टील सिटी में आउटकम एवं एक्टिविटी आधारित अनुबंध में प्रति महीने 1500 सिक वैगनों की साधारण मरम्मत। **विभागीय मूल्य:** ₹ 3,89,77,514.40 (18% की दर से जीएसटी सहित)। ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: **30.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे** एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **30.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे के बाद।** ई-निविदा के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। (PR-148)

# बीएन कालेज में परीक्षा के दौरान जमकर हुई बमबाजी

- एक की स्थिति नाजूक
- परीक्षार्थियों में भगदड़
- दहल उठा इलाका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बीएन कालेज में आंतरिक परीक्षा के दौरान जमकर बमबाजी हुई, जिससे आसपास का इलाका भी दहल उठा। बमबाजी होते ही छात्रों में भगदड़ मच गई। जान की परवाह में विद्यार्थी कक्षाओं से निकल भागने लगे, लेकिन हमलावरों ने धमाका जारी रखा। इसी क्रम में एक बम दीवार से टकरा कर छात्र के सिर पर जा गिरा।

इससे छात्र बुरी तरह जख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए पीएमसीएच भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जख्मी की पहचान रोहतास जिले के भलूनिधाम गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय के बेटे सुजीत पांडेय के रूप में हुई है।

इधर, जांच के लिए पहुंची एफएसएल की टीम ने बम के अवशेष और खून के धब्बे एकत्र किए हैं। पीरबहोर थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि कुछ दिनों पहले छात्रों के दो गुटों में झड़प हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया था। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि समझौता करने वाले छात्रों ने बमबाजी की है। आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। बमबाजी से पूर्व भी छात्रों के दो गुटों में झड़प हुई थी। इसके बाद पुलिस ने दो छात्रों रोशन और हर्ष को मारपीट के आरोप में हिरासत में लिया था। इसके बाद विस्फोट किए गए थे। धमाकों के समय छात्र परीक्षा दे रहे थे।

वारदात से आक्रोशित छात्रों ने सड़क पर जाम कर दिया था। पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे थे।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर किसी तरह छात्रों को समझाया, जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया। गर्मी के कारण ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी बेहोश हो गई थी। कारिडोर में पटका गया था पहला बम सीआइए परीक्षा के दौरान पहला धमाका कारिडोर में हुआ था।

इसके तुरंत बाद परीक्षा रोक दी गई थी। दूसरा बम दीवार पर फेंका गया था, लेकिन वह टकरा कर कुशल राज के सिर पर फट गया। उसके सिर से फव्वारे की तरफ खून निकलने लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। पीएमसीएच पहुंचे कुशल के स्वजन का आरोप है कि उसका सही तरीके से उपचार नहीं किया जा रहा। वे फाइल और रिपोर्ट लेकर एक से दूसरे विभाग में दौड़ रहे हैं। कोई सहयोग नहीं मिल रहा।

## पूर्व विधायक पर मारपीट का आरोप

**नवादा।** हिसुआ के बीजेपी से पूर्व विधायक अनिल सिंह पर एक बीजेपी कार्यकर्ता ने मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित कार्यकर्ता अविनाश कुमार ने नगर थाना में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

अविनाश कुमार वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कोचगांव के रहने वाले हैं। वे बीजेपी के सोशल मीडिया क्षेत्रीय प्रभारी हैं। उन्होंने बताया कि 8 मई की शाम 5 बजे वे अपने साथी के साथ परिसदन भवन नवादा नगर विकास व आवास मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री जीवेश मिश्रा से मिलने गए थे। वहां हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह, उनके सहयोगी मुरारी सिंह, चितरंजन कुमार और पकड़िया गांव के संतोष कुमार ने गाली-गलौज की। फिर लात-घूंसे से मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी।

अविनाश ने शिकायत में कहा कि अगर भविष्य में उन्हें कोई नुकसान होता है तो इसके जिम्मेदार अनिल सिंह और उनके तीनों सहयोगी होंगे। नगर थाना पुलिस ने अनिल सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन नशेड़ी पुलिस कर्मी चढ़े गिरियक पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सारण के तीन पुलिसकर्मियों को नालंदा जिले के गिरियक थाने के गश्ती दल ने 11 मई को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। तीनों सिपाही हैं और अभी सारण में तैनात हैं। इस संबंध में नालंदा के पुलिस अधीक्षक ने सारण के पुलिस अधीक्षक को पत्र भी भेजा है।

गिरफ्तार पुलिस के जवान वैशाली जिले के जनदाहा थाना क्षेत्र के बेदोलिया निवासी प्रदुमन चौधरी के पुत्र विक्की कुमार, बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के बक्सर निवासी रवि भूषण ओझा के पुत्र सुधांशु कुमार एवं सारण के मशरक थाना क्षेत्र के चरिहार निवासी नंदकिशोर सिंह के पुत्र संतोष कुमार सुमन हैं।

वर्तमान में तीनों पुलिसकर्मी पुलिस केंद्र सारण में पदस्थापित हैं। इस संबंध में नालंदा के पुलिस अधीक्षक ने सारण के पुलिस अधीक्षक को पत्र भी भेजा है। इस पत्र में कहा गया है कि 11 मई को गिरियक थाने क्षेत्र में शाम के समय वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन पर सवार तीन व्यक्ति नशे कि हालत में मिले।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान जब तीनों जवानों से उनका नाम, पता पूछा गया तो उन्होंने नाम, पता व अन्य जरूरी जानकारी देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद तीनों ने गश्ती दल के पदाधिकारी एवं कर्मियों से बहस कर दुर्व्यवहार व्यवहार किया।



पुलिस के गश्ती दल द्वारा पकड़े गए तीनों व्यक्तियों का नाम, पता का सत्यापन एवं नशे की स्थिति का पता लगाने हेतु थाना लाया गया। जहां ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जब इनकी जांच की गई, तो शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद गिरियक पुलिस ने कार्रवाई हेतु उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में गिरियक थानाध्यक्ष ने अपनी जांच प्रतिवेदन नालंदा एसपी को सौंपा गया है। इनके द्वारा पत्र भेज कर सारण के वरीय आरक्षी अधीक्षक को घटना की जानकारी दी गई है। नालंदा एसपी के पत्र के बाद सारण जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

# महिला ने की पति की पीट-पीटकर हत्या

- दोनों बेटों और बहू ने दिया साथ
- दिल्ली से लौटा था परिवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** थाना क्षेत्र के माफा गांव में सोमवार की रात पुत्र और बहु के साथ मिलकर नीरा देवी ने 55 वर्षीय पति राजकुमार दास की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसकी मौत होते ही तीनों शव को छोड़कर घर से फरार हो गए। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी अतरी थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

मृतक की भाभी रीता देवी बताया कि देवर राजकुमार दास की पत्नी और उसके बच्चे करीब 25 वर्षों से दिल्ली में रह रहे थे। राजकुमार 17 वर्षों से अकेला माफा में रह रहे थे। इन्हें कोई देखने वाला नहीं था। पत्नी और बच्चे कभी घर नहीं आते थे। राजकुमार दास के छोटे बेटे अजीत का 16 मई को तिलक और 20 मई को शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए उसकी पत्नी, बेटे और बहू घर आए थे।

राजकुमार राजमिस्त्री था और वह अपने ही साथ काम करने वाली महिला मजदूर को चार माह से घर पर रखा था। दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे और जब पहली पत्नी बच्चों के साथ दिल्ली से घर आई, तो दूसरी औरत को देख विवाद शुरू कर दिया।

विवाद इतना बढ़ा कि पहली पत्नी ने अपने दोनों बेटे और बहू के साथ मिलकर पति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में एफएसएल की टीम मौके से खून से सनी मिट्टी सहित अन्य सुबूत को इकट्ठा कर अपने साथ ले गई।



गांव के श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया गया। छोटे पुत्र अजीत ने मुखाग्नि दी। नीमचक बथानी डीएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर गई और मामले में संलिप्त तीन आरोपित को दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में सुबोध दास, सुधीर दास और नीरा देवी शामिल हैं।

# पति ने करायी पत्नी की दूसरी शादी

## 'वो सुधरने वाली नहीं है, इसलिए...'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** ढाई अक्षर "प्रेम" के... इसकी तो कई कहानियां सुनने को मिली हैं, लेकिन दरभंगा जिले के सिमरी थानाक्षेत्र में जो घटनाएं घटी हैं, उसकी चर्चा हर ओर हो रही है। लोग कह रहे हैं अब मोबाइल सिम कंपनी की तरह लोग प्रेम को भी पोर्ट कराने लगे हैं। जी हां, प्रेम में ऐसा ही वाकया देखने को मिला है।

यहां एक महिला को प्रेम विवाह करने के बाद फिर से दूसरे व्यक्ति से प्रेम हो गया। पति और ससुराल वाले समझाने में नाकाम रहे। आखिर में पति ने खुद अपनी ही पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करवा दी। महिला भी खुशी-खुशी अपने तीन वर्षीय पुत्र दीपांशु को पति के घर छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई।

हालांकि, सोमवार की पूरी रात महिला के प्रेमी को घरवालों ने बंधक बनाकर रखा। जमकर धुनाई भी की। मामला पुलिस तक पहुंचा। गांव के मुखिया और सरपंच को पहल करने के लिए आगे आना पड़ा। सभी ने महिला को समझाने की काफी कोशिश की।

पुत्र का हवाला दिया गया, कहा गया कम से कम इसके भविष्य की तो चिंता करो, लेकिन महिला प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अडिग थी। साफ-साफ कही, अब चोरी-छिपे नहीं मिलेंगे। यह जानकर समाज के लोगों ने दिल्ली में मजदूरी कर रहे महिला के पति राजू कुमार चौरसिया से बात की।

बताया कि उसकी पत्नी ने दिल्ली में भी जीना हराम कर दिया था। इस कारण उसे घर रख आए। अब वह सुधरने वाली नहीं है, इसलिए उसकी शादी उसके प्रेमी से अविलंब कराकर रवाना कर दिया जाए। राजू के घर के लोगों ने भी इसकी सहमति दे दी।

इसके बाद महिला के प्रेमी पश्चिमी चंपारण के मझरिया गांव निवासी बुलेट कुमार सिंह के घर वालों को इसकी सूचना दी गई। जहां से उसके पिता सहित कई लोग पहुंचे। सभी के बीच पेपर तैयार किया गया।



इसके बाद महिला अपने प्रेमी के साथ चली गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजू अपने किसी रिश्तेदार की शादी में मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थानाक्षेत्र में गया था, जहां उसे अंतरजातीय खुशबू से मुलाकात हुई और प्रेम हो गया। खुशबू अपने घर वालों को छोड़कर राजू से 2021 में लव मैरिज कर ली। खुशी-खुशी दोनों रहने लगे। खुशबू 2022 में एक पुत्र को जन्म दी।

राजू दिल्ली में मजदूरी करता था। वह प्रेमिका से पत्नी बनी खुशबू को अपने नजरों से दूर नहीं रखना चाहता था। इस कारण पत्नी को 2024 में दिल्ली ले गया, जहां पड़ोस में रहकर मजदूरी कर रहे बुलेट से खुशबू की मुलाकात हुई और दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे।

पति को जब इसकी जानकारी मिली तो वह पत्नी को घर रख आया, जहां पीछे से उसका प्रेमी भी पहुंच गया। रात के अंधेरे में बुलेट अपनी प्रेमिका से मिलने खुशबू के कमरे में प्रवेश कर गया। भनक मिलते ही घरवालों ने उसे बंधक बनाया और उसकी धुनाई कर दी।

बाद में सरपंच संघ प्रखंड अध्यक्ष रमेश सहनी, मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार, अवधेश सिंह, देवेंद्र सहनी, विदेशी बारी आदि की मौजूदगी में समझौता पत्र तैयार किया गया।


# स्नान के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरदह गंगा घाट पर मंगलवार को स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा में नहाने गए एक ही परिवार के पांच लोग गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। गंगा में जा रही एक नाव से दो लोगों को बचा लिया गया, लेकिन तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सीताकुंड कल्याणचक गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण बरदह घाट पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर खोजबीन शुरू की। बाद में घटना की सूचना सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) शैलेन्द्र कुमार सिंह को दी गई, जिनके निर्देश पर गोताखोरों की टीम और एसडीआरएफ को मौके पर भेजा गया।

कई घंटों की मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव गंगा से निकाले गए और मुंगेर सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय काव्या उर्फ शालो कुमारी, 16 वर्षीय हर्ष कुमार और 15 वर्षीय अमन कुमार राज के रूप में हुई है। तीनों संजय यादव के पुत्र और पुत्री थे।



परिजनों ने बताया कि घर में कुलदेवता की स्थापना की तैयारी के तहत महिला और बच्चे गंगा स्नान के लिए बरदह घाट गए थे। स्नान के दौरान सभी गहरे पानी में चले गए। नाव पर सवार लोगों की मदद से दो को बचा लिया गया, लेकिन तीनों बच्चे डूब गए। परिजनों ने बताया कि मृतक बच्चे पढ़ाई में अच्छे थे और किसी को तैरना नहीं आता था। इस हादसे से पूरे गांव में मातम पसरा है और परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शव बरामद

**सीवान।** जिले के मैरवा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मैरवा ओवरब्रिज के नीचे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय प्रिंस कुमार यादव के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के सलेमपुर थाना क्षेत्र के मझौलीराज अंतर्गत मठिया गांव का निवासी था।

स्थानीय लोगों ने सुबह ओवरब्रिज के नीचे एक युवक का शव पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान की प्रक्रिया पूरी की और फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्रिंस मवेशी खरीद-बिक्री का कार्य करता था और किसी काम के सिलसिले में घर से निकला था। परिजनों को जब उसकी मौत की सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। प्रिंस के परिजन राकेश यादव ने घटना की गहन जांच की मांग की है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हत्या है, आत्महत्या।

# मंदिर के पुजारी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय में अपराधियों ने एक मंदिर के पुजारी की गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना लाखो थाना क्षेत्र के पनसल्ला गांव स्थित दुर्गा मंदिर की है। मृतक की पहचान मन्दिर के पुजारी शंभू सिंह (55) के रूप में हुई है। वह दुर्गा मंदिर के पुजारी थे। मन्दिर के नीचे ही उनका रहन सहन भी होता था। सोमवार देर रात वह सो रहे थे, इसी दौरान अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

घटना के बाद रात के वक्त अपराधी आसानी से पैदल ही निकल गए। मंगलवार की सुबह जब लोगों को घटना की जानकारी मिली तो गांव में कोहराम मच गया है। मंदिर के पास लोगों की भारी भीड़ जुट गई। फिलहाल हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना लाखो थाना पुलिस को दी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है, साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर पुलिस का कहना है कि मंदिर के पुजारी की गोली मारकर हत्या हुई है, हर एंगल से जांच की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुजारी शंभू सिंह काफी शांत और अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी फिर भी किसने और क्यों इस वारदात को अंजाम दिया? यह जांच का विषय है। लोगों का कहना है कि कुछ सालों पहले गांव के ही एक अन्य दुर्गा मंदिर में पुजारी थे। वहां किसी कारण से हटने या पूजा छोड़ने के बाद उन्होंने अपने ही जमीन में सार्वजनिक रूप से चंदा इकट्ठा कर और अपने पैसे को भी लगाकर करीब सात साल पहले माता दुर्गा का मंदिर बनवाया था। जो अभी निर्माणधीन ही है। यहीं पर वह विगत कुछ सालों से पूजा पाठ कर धर्म कर्म के कामों में लगे रहते थे। वहीं उनकी हत्या होने के बाद से इलाके में तरह-तरह की चचाएं तेज है। लोग हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस के जेनरेटर कोच से भारी मात्रा में शराब बरामद



- जेनरेटर ऑपरेटर गिरफ्तार
- मुजफ्फरपुर में होनी थी डिलेवरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सोनपुर।** लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन के जनरेटर कोच में छापेमारी कर सोनपुर आरपीएफ क्राइम ब्रांच टीम ने तस्करी कर ले जा रही विभिन्न ब्रांडों की 743 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में ट्रेन के जनरेटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरपीएफ ऑपरेशन सतर्क के तहत मंगलवार को आरपीएफ क्राइम ब्रांच सोनपुर के इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार, अमरेश कुमार, सुनील दत्त राय, प्रधान आरक्षी राज किशोर मिश्रा, चंदन कुमार आदि की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर चेकिंग की।

आरपीएफ की टीम ने गाड़ी संख्या 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस के जनरेटर कोच में छापेमारी से अवैध अंग्रेजी शराब की खेप पकड़ी।

इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने बताया कि भारती इंजीनियरिंग कंपनी का जेनरेटर पावर कोच के संविदाकर्मी गुलशन कुमार अपनी ड्यूटी के दौरान विभिन्न कंपनियों के 743 बोतल में पैक 133.74 लीटर अंग्रेजी शराब मुजफ्फरपुर ला रहा था। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 25 हजार रुपये बताई गई है।

उन्होंने बताया कि गुलशन कुमार को अवैध अंग्रेज शराब की खरीद बिक्री और परिवहन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार गुलशन कुमार ने पूछताछ के दौरान क्राइम ब्रांच को बताया है कि वह अंग्रेजी अवैध शराब को लखनऊ से ला रहा था।

शराब की खेप मुजफ्फरपुर में मो. नैयर नामक व्यक्ति को दी जानी थी। शराब तस्करी की एवज में जनरेटर ऑपरेटर को 3500 रुपये मिलने था, लेकिन वो पुलिस चेकिंग में पकड़ा गया। इस दौरान विधि कार्रवाई के बाद ट्रेन से बरामद शराब सोनपुर जीआरपी को सुपुर्द कर दी गई है। मामले की तफ्तीश जारी है।


# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गुंजन ने जीता गोल्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की फेंसिंग प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां महिला एपी और पुरुष सेबर व्यक्तिगत इवेंट्स में युवा खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया।महिला एपी व्यक्तिगत फाइनल में चंडीगढ़ की गुंजन ने हरियाणा की पलक को 15-5 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गुंजन ने पूरे मुकाबले में सटीक और तेज खेल दिखाया। उन्होंने पलक के जूतों और पैरों को बार-बार निशाना बनाया, जो एपी फेंसिंग में वैध टारगेट माने जाते हैं। उनकी इस रणनीति के आगे पलक की रक्षात्मक चालें कमजोर पड़ गईं। इस इवेंट में हरियाणा की दीपांशी और तेलंगाना की अदीबा हुरैन को कांस्य पदक मिला।

गुंजन इस समय एनसीओई औरंगाबाद में ट्रेनिंग कर रही हैं। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और परिवार को दिया। गुंजन ने बताया कि दो साल से वे इस ट्रेनिंग सेंटर का हिस्सा हैं और वहां से मिलने वाला सहयोग उनकी तकनीक, स्टैमिना और मानसिक मजबूती को बेहतर करने में काफी मददगार रहा है। उनके कोच शंकर नारायणन ने कहा कि गुंजन की मेहनत, लगन और सीखने की इच्छा ने उन्हें यह मुकाम दिलाया।

पुरुष सेबर व्यक्तिगत फाइनल में तमिलनाडु के अरलिन एवी ने चंडीगढ़ के कुलराज पनव शर्मा को 15-11 से हराकर लगातार दूसरी बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता। अरलिन की तेज चाल और फुर्ती ने उन्हें मुकाबले में बढ़त दिलाई। हरियाणा के लिवजोत और उज्जवल को इस वर्ग में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।



अरलिन इस समय पुणे के आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने जीत के बाद अपने पिता और कोचों का धन्यवाद किया। अरलिन के पिता अरुल ने भी अपने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स जैसे आयोजन युवा खिलाड़ियों को निखरने और अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच दे रहे हैं। गुंजन और अरलिन जैसे फेंसरों की सफलता यह संकेत देती है कि भारत का फेंसिंग में भविष्य काफी उज्ज्वल है।

# भोजपुरी गानों पर बच्चे का पिस्तौल लहराते वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के भेलावर थाना क्षेत्र के बारा टोला-कोठिया गांव से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें एक नाबालिग हाथ में पिस्तौल लेकर डीजे की धुन पर बेधड़क डांस करता नजर आ रहा है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और इसे लेकर स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है। हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है, लेकिन उसमें दिख रही तस्वीरें लोगों के बीच चिंता और हैरानी का विषय बन चुकी हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो एक मई को गांव में आयोजित एक शादी समारोह का है। जहां स्थानीय डीजे की तेज धुन पर बड़ी संख्या में लोग झूम रहे थे। उसी दौरान एक नाबालिग, जिसकी उम्र बेहद कम बताई जा रही है, भीड़ के बीच सबसे आगे पिस्तौल लहराते हुए भोजपुरी गानों पर नाचता दिखाई देता है। वीडियो में दिख रहा बच्चा आत्मविश्वास के साथ हथियार हाथ में लिए हुए है, मानो यह कोई सामान्य खेल हो।

ग्रामीणों के अनुसार यह नाबालिग बारा टोला-कोठिया गांव का ही निवासी है। जिस बेधड़क अंदाज में वह पिस्तौल लेकर डांस करता दिख रहा है, उससे उसकी मासूमियत पर भी सवाल उठ रहे हैं। गांव के कई लोगों का कहना है कि इतनी कम उम्र में हथियार तक उसकी पहुंच होना उसके परिजनों की लापरवाही और सामाजिक जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।



वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। एसडीपीओ-02 संजीव कुमार ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए कहा कि वीडियो की जांच की जा रही है और इसमें दिख रहे लोगों की पहचान का कार्य भी चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है और बहुत जल्द इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है कि पिस्तौल असली थी या नकली और वह बच्चे तक कैसे पहुंची। अगर यह हथियार अवैध था, तो यह मामला केवल आर्म्स एक्ट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बाल संरक्षण कानून के तहत भी गंभीर अपराध माना जाएगा।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मंगलवार को तेज रफ्तार ने एक बार फिर कहर बरपाया। जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिकंदरा गांव के पास हुई। लोहरपुरा गांव निवासी 35 वर्षीय संजय कुमार को बालू लदे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे के वक्त वह अपनी पत्नी को ससुराल से लाने जा रहे थे। संजय दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे और एक मई को ही नवादा लौटे थे। लेकिन पत्नी को लाने से पहले ही वह हादसे का शिकार हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

दूसरी घटना रोह थाना क्षेत्र के कोसी गांव के पास हुई। हर्षीतपुर गांव निवासी 25 वर्षीय रतन कुमार बाजार से लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल रतन को पहले पीएचसी ले जाया गया, फिर नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रतन अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। बेटे की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। गांव में भी मातम पसरा हुआ है।

इसी दिन मुफस्सिल थाना क्षेत्र में दो और सड़क हादसे हुए। एक मामले में बस ने सीएनजी ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे पांच लोग घायल हो गए। दूसरी घटना अकौना के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें भी पांच लोग घायल हो गए। वहीं, हिसुआ और काशीचक थाना क्षेत्रों में दो अन्य लोग सड़क हादसे में घायल हुए हैं। सभी घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। संबंधित थाना क्षेत्रों को सूचना दे दी गई है।

# पीएम मोदी की दूरदर्शी व निर्णायक नेतृत्व क्षमता पर नाज : ललन सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा है कि आतंक के खिलाफ अभियान में पीएम मोदी का कहना है कि खून और पानी एक साथ नहीं चल सकता, यह बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और आतंकवाद को समाप्त करने के संकल्प को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद के खिलाफ एक सटीक और प्रभावशाली सैन्य कार्रवाई साबित हुई है। हम इस अभियान की सफलता के लिए देश की वीर सेना को सलाम करते हैं। आज पूरा देश हमारी सेना पर गर्व कर रहा है और प्रधानमंत्री की दूरदर्शी व निर्णायक नेतृत्व क्षमता पर नाज कर रहा है। ललन सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ चलाया कि आतंकवाद को खत्म करना है। पाकिस्तान के धरती पर अंदर जाकर वहां आतंकवाद के पूरी ढांचे को ध्वस्त किया गया और उनके जो टिमटिमाते हुए ड्रोन थे उसे भारत की धरती से ही समाप्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के लिए पाकिस्तान की सीमा में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी बल्कि भारत ने अपनी सीमा के अंदर रहकर ही उनका सफाया किया है। पीएम मोदी ने कहा है कि खून और पानी एक साथ नहीं चल सकता यह बिल्कुल सही है। यह उनके भविष्य के इच्छा शक्ति और संकल्प को दर्शाता है। वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य तनाव, जिसने ऑपरेशन सिंदूर को जन्म दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस का दौरा किया। यह दौरा न केवल एक रणनीतिक समीक्षा था, बल्कि जवानों के मनोबल को बढ़ाने का भी उद्देश्य साफ दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने वायुसेना के जवानों से संवाद किया, हालात की जानकारी ली और साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता की प्रशंसा की। आदमपुर एयरबेस भारत का दूसरा सबसे बड़ा एयरबेस। ये पाकिस्तान सीमा के बेहद निकट है। यहां एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की तैनाती। ऑपरेशन सिंदूर की लॉचिंग साइट्स में एक रहा है। 10 मई को पाकिस्तान द्वारा किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों में आदमपुर को निशाना बनाने का दावा किया गया था। पाकिस्तान ने यह भी कहा था कि उन्होंने आदमपुर में भारत की एस-400 प्रणाली को नष्ट कर दिया है, लेकिन भारतीय अधिकारियों और अब खुद प्रधानमंत्री के दौरे ने इस झूठे दुष्प्रचार को खारिज कर दिया है। प्रधानमंत्री की एक तस्वीर, जो अब वायरल हो चुकी है जिसमें वह वायुसेना के विमान के सामने खड़े हैं और पीछे दीवार पर लिखा है क्यों दुश्मन पायलटों को अच्छी नींद नहीं आती। यह संदेश केवल एक टैगलाइन नहीं बल्कि भारतीय वायुसेना की साइकोलॉजिकल डिटरेंस रणनीति का प्रतीक है।

## बिहार कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा की 4 आतंकियों की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर एक ओर जहां भारतीय सेना की जमकर तारीफ हो रही है तो दूसरी ओर बिहार कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए एक पोस्ट के बाद सियासी बवाल मच गया है। दरअसल, बिहार कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिये शेयर किए गए एक पोस्ट में 4 आतंकियों की तस्वीर साझा की गई है। इसके साथ ही बड़ा सवाल किया गया कि जिन आतंकियों ने पहलगाम में हमला किया उनका क्या हुआ? बता दें कि जो तस्वीर शेयर की गई उसमें पहलगाम हमले में ही शामिल 4 आतंकियों की है। उस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर अधूरा है, जब तक पहलगाम के दरिंदे जिंदा हैं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद सियासी उबाल आ गया है। इस पोस्ट को लेकर बिहार कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौर ने की मानें तो ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमला तो किया गया, लेकिन आज भी देश जानना चाहता है कि जो चार दरिंदे पहलगाम की घटना में थे उनका क्या हुआ? तो वहीं, इस पोस्ट को लेकर जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार से इस पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी अपने देश पर गर्व नहीं करती, लेकिन हमें अपनी सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पीएम ने साफ कहा है कि भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है, हम अपनी शर्तों पर काम करेंगे। नीरज कुमार ने एक वीडियो बयान पोस्ट करते हुए कहा कि पीएम मोदी को बधाई। सेना की दृढ़ता, राजनीतिक दलों की एकता और जनसमर्थन का संकल्प, टेरर और टाक साथ नहीं, टेरर और ट्रेड साथ नहीं, पानी और खून साथ नहीं बह सकते। हम अपनी शर्तों पर बात करते हैं। जय हो हिंदुस्तान की पुरुषार्थ की।

## शिवम कॉन्वेंट के छात्रों का 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिवम कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने वर्ष 2025 की 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परिणामों में छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। **कक्षा 10वीं के परिणामः** विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 98.56% रहा। 28 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 91 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यालय टॉपर उत्कर्ष सिन्हा ने 99% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य टॉपर्स में सुप्रिया गुप्ता-97.4%, पियूष कुमार यादव-97.2%, आयुष-95.8%, आदित्य-95.4%, तेजस्वी राज-94%, निशा भारती-93.8%, सोभनाथ प्रसाद एवं तनु कुमारी-93.6%, अमन राज-93.2% शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

## ड्रोन तकनीक से खेती को मिलेगी नई उड़ान : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने एवं खेती को लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 'कृषि ड्रोन से फसलों पर कीटनाशी एवं तरल उर्वरक का छिड़काव योजना' को स्वीकृति दी गई है। इस योजना के अंतर्गत सभी 38 जिलों में ड्रोन तकनीक का उपयोग कर कम समय में अधिक क्षेत्रफल में प्रभावी कीटनाशी एवं उर्वरक छिड़काव सुनिश्चित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग से खेती के परंपरागत तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। ड्रोन तकनीक की सहायता से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है। एक ड्रोन मात्र 10 से 12 मिनट में 1 एकड़ भूमि पर छिड़काव कर सकता है। एक उड़ान में ड्रोन 10 लीटर कीटनाशी, फफूंदनाशी अथवा तरल उर्वरक लेकर उड़ान भर सकता है जिससे छिड़काव की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में राज्य के 27,666 एकड़ फसल क्षेत्र पर ड्रोन के माध्यम से छिड़काव किया गया था। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस लक्ष्य को बढ़ाकर 56,050 एकड़ किया गया है। योजना के अंतर्गत किसानों को प्रति एकड़ अधिकतम 240 या छिड़काव शुल्क का 50% अनुदान प्रदान किया जाएगा। एक किसान

## होली मिशन सेकेंड्री स्कूल का 12वीं का शानदार रिजल्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** होली मिशन सेकेंड्री स्कूल का 12वीं का परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय का रिजल्ट कुछ इस प्रकार से है-

**विज्ञान संकाय-** प्रत्यक्षा प्रसाद 98.2 %, कृतिका श्री 97.8 %, ज्ञान प्रकाश 97.6%।

**वाणिज्य संकाय-** रुपाली कुमारी-96.6%, कल्याणी कुमारी - 93.8%, विद्यासागर- 91.6%, प्रत्यक्षा, ज्ञान प्रकाश, कृतिका एवं अनुकृति को केमिस्ट्री में 99, प्रत्यक्षा और ज्ञान प्रकाश को गणित में 99 अंक, अध्ययन श्रीवास्तव को अंग्रेजी में 99, कृतिका, मनदीप को बायोलॉजी में 99 अंक आये। रुपाली को एकाउंट्स में 99 एवं बिजनेस स्टडीज में 98 अंक आये।

## पैरामेडिकल साइंसेज में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, पटना में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पटना मेदांता अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग के निदेशक रंजन कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक सौरभ शर्मा और श्रुति मेहरोत्रा कर रही थीं। कार्यक्रम में कृष्णमोहन पासवान (मुखिया, नरही पीरही पंचायत), मुमताज अंसारी एवं सर्वेश यादव (जिला पारषद, दुल्हिनबाजार प्रखंड) तथा अखिलेश्वर प्रसाद यादव (पैक्स अध्यक्ष, नरही पीरही पंचायत) की गरिमामयी उपस्थिति रही। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लघु नाटकों के माध्यम से नर्सिंग पेशे की महत्ता, सेवा भावना और समाज में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सों के अथक परिश्रम और समर्पण को सम्मान देना था। संस्थान के निदेशक मंडल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में संस्थान की ओर से और अधिक समर्पित स्वास्थ्यकर्मी समाज को उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सुशील मोदी का पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना भाजपा कार्यालय में सुशील मोदी की पुण्यतिथि आयोजित की गई। इसमें भाग लेने पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि सुशील मोदी के व्यक्तित्व ने मुझे खास तौर पर प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि बिहार भाजपा के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे सुशील कुमार मोदी का पूरा जीवन संघर्ष से भरा है। उनका पूरा जीवन से संघर्ष से भरा है जिससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। खास तौर पर उनका हर विषय, हर मुद्दे पर गहन अध्ययन और पूरी जानकारी हासिल करने के बाद ही अपनी बात रखने का तरीके को मैंने भी अपनाने की कोशिश की। ऋतुराज सिन्हा ने कहा उनका पूरा जीवन ही प्रेरणा का स्रोत है। हर व्यक्ति जो राजनीतिक और सामाजिक जीवन में काम करना चाहता है, उन्हें सुशील मोदी से सीखने की जरुरत है। सुशील मोदी गुणों के भंडार थे। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि उनकी किसी एक खूबी के बारे में बताया नहीं जा सकता है। उनका पूरी जीवन प्रेरित करनेवाला है।

## सिडबी के 'प्रोजेक्ट केयर' के अंतर्गत एक और शानदार पहल

### परेव क्लस्टर में मेटल क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट केयर' के अंतर्गत उद्योग विभाग के उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान द्वारा परेव, कोइलवर, बिहार में मेटल क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम (तृतीय बैच) की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास पदाधिकारी एवं सिडबी टीम की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परंपरागत मेटल क्राफ्ट को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस तृतीय बैच में 40 प्रशिक्षुओं को मेटल क्राफ्ट की उत्कृष्ट तकनीकों और डिजाइनिंग कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर रोजगार के नए अवसर सृजित कर सके। यूएमएसएएस और सिडबी द्वारा की गई यह पहल स्थानीय हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और कुशल मानव संसाधन विकसित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।


## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स पैराग्रीन गार्डिंग प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति विकास कुमार जो इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रा. सब के अधीन हाजीपुर में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता माता सिगमा देवी, पिता अरविन्द कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. विकास कुमार की मृत्यु 10-11-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था।

## मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पूर्वोत्तर भारत के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12वीं बोर्ड 2025 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। सी.बी.एस.ई. 12वीं बोर्ड 2025 में संस्थान के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से टॉप परफॉरमर्स में शिखा ने 97.6%, मनीष ने 97%, आशीष ने 96.2%, उपम ने 96.2% एवं रिषभ ने 96% हासिल किया है। सी.बी.एस.ई. 10वीं बोर्ड 2025 में संस्थान के रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से टॉप परफॉरमर्स में प्रणोव ने 98.4%, सोहेब ने 96%, अमन ने 96%, अतफ ने 95.6% एवं आयुष ने 95.4% हासिल किया है। संस्थान के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल ने घोषणा की है कि सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12वीं बोर्ड 2025 में प्राप्त अंकों (%) के आधार पर विद्यार्थियों को 100% तक की छात्रवृत्ति दी जायेगी। इसके अलावा जिन विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12वीं बोर्ड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनको मेंटर्स एडुसर्व के अचीवर्स कैम्पस में शामिल किया जायेगा एवं उन्हें निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क रहना व निःशुल्क खाना प्रदान की जायेगी।

## ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल उत्तीर्णता दर 100% रही। अनेक छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर टॉप रैंक हासिल की। विद्यालय के निदेशक व प्राचार्य ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली का परिणाम है। विद्यालय भविष्य में भी छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

## राहुल गांधी सहित 62 राष्ट्रीय नेता 15 को करेंगे शिक्षा न्याय संवाद : कन्हैया कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के एससी एसटी छात्रों के लिए आवंटित पैसों का इस्तेमाल पुल और सड़क निर्माण में लगाने और छात्रों की पढ़ाई के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड देकर लोन के मकड़जाल में बिहार सरकार फंसाकर नौकरी लगने से पहले ही लोन रिकवरी एजेंट भेजने लगती है जबकि शैक्षणिक सत्र इतने पीछे रह जाते हैं कि छात्र और उनके अभिभावक अतिरिक्त बोझ में दब जाते हैं। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कही।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी विफलता बन चुकी है। नालंदा और विक्रमशिला जैसी विरासत वाला बिहार आज शैक्षणिक संकट में डूबा है। नीतीश कुमार 20 साल से राज्य के मुख्यमंत्री हैं और नरेंद्र मोदी 12 साल से देश के प्रधानमंत्री, लेकिन राज्य के हालात बद से बदतर हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सहित 62 राष्ट्रीय नेता सूबे के विभिन्न जगहों पर राज्य के छात्रों से शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत एससी, एसटी, ओबीसी छात्रावासों और कम्यूनिटी हॉल में वृहद रूप से उनकी समस्याओं पर सीधा संवाद करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने आगे कहा कि 358 प्रखंडों में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं खुला, स्थायी शिक्षकों की भारी कमी है और तीन साल की डिग्री छह साल में पूरी हो रही है।

## एकता परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिल आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एकता परिषद बिहार प्रदेश की ओर से पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल बिहार के राज्यपाल से मिला और बिहार में भूमि सुधार के लिए एकता परिषद की ओर से पिछले 25 वर्षों में किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी दी और इसके साथ आठ सूत्री मांग का एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बिहार में 5.48 गैर कृषि आवास योजना एवं भूमिहीन परिवारों में प्रत्येक परिवार को 10 डिसमिल आवास उम्मीद आवंटित करने की मांग की गई है और इसके लिए आवास भूमि अधिकार कानून बनाने की मांग की। बिहार में भूमि हद-बंदी कानून में संशोधन कर एक सीमा निर्धारित करने की भी मांग की गई है। इसके अलावा इस मांग पत्र में दिबान उपाध्याय आयोग की सिफारिश को लागू करन के लिए बना अधिकार कानून को लागू करने बटाईदारी कानून को लागू करने, भू हद बंदी से जुड़े मामलों को त्वरित निष्पादन के लिए एक विशेष अदालत का गठन करने की मांग की गई है।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की उच्चस्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, माल लदान में बढ़ोत्तरी, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने माल लदान में बढ़ोत्तरी हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने तथा नई योजनाओं के कार्यान्वयन में नई तकनीक के प्रयोग पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मूर्तिकार ट्रेड में प्रशिक्षण आरंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मूर्तिकार ट्रेड में 12 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण 13 मई, 2025 से प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण कुल 40 घंटों की अवधि का है, जो संस्थान परिसर स्थित आधुनिक कार्यशालाओं में कुशल प्रशिक्षकों की निगरानी में संचालित हो रहा है। संस्थान ने पूर्व में इस योजना के अंतर्गत कुम्हार ट्रेड में 2 बैच तथा दर्जी ट्रेड में 3 बैच का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण सम्पन्न किया।

## नर्सिंग के क्षेत्र में बिहार को 'ब्रांड बिहार' के रूप में करेंगे स्थापित: मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर अधिवेशन भवन सभागार में आयोजित भव्य समारोह का उद्घाटन किया। यह समारोह नर्सिंग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नर्सों के सम्मान में आयोजित किया गया था जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित 114 नर्सों (सी.एच.ओ. एवं ए.एन.एम.) को बिहार स्टेट फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्स अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मिशन उन्नयन के माध्यम से हम न केवल नर्सिंग शिक्षा को वैश्विक मानकों तक ले जाएंगे, बल्कि बिहार को 'ब्रांड बिहार' के रूप में स्थापित करेंगे। नर्सिंग पेशेवर हमारे स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं और उनके कौशल को सशक्त करना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल से प्रेरित नर्सें हमारे ग्रह को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका समर्पण और संवेदना अनुकरणीय है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में विभिन्न विभागों समेत स्वास्थ्य विभाग में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बहालियों की प्रक्रिया सतत जारी है। एनडीए शासन में मेरे पिछले कार्यकाल के दौरान लगभग पांच वर्षों में 19 हजार एएनएम - जीएनएम की बहालियों की प्रक्रिया पूर्ण की गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन एवं संकल्प की देन है कि प्रदेश के युवाओं एवं महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में रोजगार सृजन के संकल्प को एक नया आयाम मिल रहा है। उसी क्रम में हाल कि दिनों में भी परिचारिका श्रेणी (ग्रेड ए नर्स, जीएनएम) की 11,389 रिक्त पदों पर बहाली के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने विज्ञापन प्रकाशित कर दिया है। वहीं 10 हजार 700 नई नर्सों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूर्ण है, जो फिलहाल किसी तकनीकी कारणों से लंबित है जिसकी बहाली कर ली जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जब पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब हमारे नर्सों ने अग्रिम पंक्ति में रहकर रोगियों की सेवा की।

## दादीजी मंदिर में 1 जून से शुरू होगा समर कैंप, अपने हुनर को उड़ान देंगे बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक रंग और बच्चों के व्यक्तित्व को नई उड़ान देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन इस वर्ष भी आठ दिवसीय समर कैंप का आयोजन कर रहा है। यह कैंप एक से आठ जून तक बैंक रोड स्थित शक्तिधाम दादीजी मंदिर परिसर में होगा। सम्मेलन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से यह समर कैंप लगातार आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को मंच देना है जो महंगे समर कैंप में भाग नहीं ले पाते हैं। यहां न केवल हुनर को तराशा जाता है, बल्कि आत्मविश्वास की नींव भी मजबूत की जाती है। इसकी खास बात यह है कि बच्चों को रंगमंच की बारीकियों से परिचित कराने के लिए राज्य के प्रतिष्ठित रंगकर्मी सुमन कुमार और कुशल कोरियोग्राफर राजस्थानी लोकनृत्य, लघु नाटिकाएं और थिएटर की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे।

## संपादकीय

# अब लोग कम समय में अधिक पाने की उम्मीद से निराशा और हताशा बढ़ रही

पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसका एक नकारात्मक पक्ष यह भी है। अब लोग कम समय में अधिक पाने की उम्मीद करने लगे हैं। जब यह आकांक्षा पूरी नहीं होती, तो उनमें निराशा और हताशा बढ़ने लगती है। कई वजह हो या फिर ऐसी बात, जिस पर गुस्सा तक नहीं होना चाहिए, उस पर भी अब लोग तुरंत इस कदर आवेश में आने लगे हैं कि देखते ही देखते वे हिंसक रूप ले लेते हैं। पिछले दिनों दिल्ली में खाना बना रहे एक मजदूर ने महज इस बात के लिए अपने एक साथी की हत्या कर दी, क्योंकि उसने सब्जी में नमक ठीक से डालने के लिए कहा था। भोजन में नमक कम या ज्यादा हो जाना क्या कोई ऐसी बात है कि जो किसी को इतना हिंसक बना दे कि वह अपने ही साथी की जान ले ले? यह गुस्सा है या मानसिक विकार? आज अधिकतर लोग आर्थिक संकट, टूटते रिश्ते, घर-दफ्तर या फिर परिवार की किसी न किसी समस्या से परेशान हैं। मगर हमने कैसा समाज बना डाला है, जहां किसी कमजोर के साथ नाइंसाफी होने, कोई अधिकार छिन जाने या फिर स्त्रियों की गरिमा के हनन होने पर तो गुस्सा नहीं आता, लेकिन जिन बातों को नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाना चाहिए, वहां लोग मामूली विवाद पर मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं। शहरों-महानगरों में सड़कों पर ऐसे दृश्य आम हैं जब बहुत छोटी बात पर भी हिंसक और जानलेवा टकराव हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसका एक नकारात्मक पक्ष यह भी है। अब लोग कम समय में अधिक पाने की उम्मीद करने लगे हैं। जब यह आकांक्षा पूरी नहीं होती, तो उनमें निराशा और हताशा बढ़ने लगती है। इसी के साथ उनमें आया चिड़चिड़ापन कब गुस्से में बदल जाता है, इसका पता भी नहीं चलता। वहीं लोगों के बीच बेतहाशा प्रतिद्वंद्विता भी देखी जाने लगी है। जब किसी को मन मुताबिक चीजें नहीं मिलतीं, तो इसे लेकर मन में बनी गांठ में गुस्सा पलने लगता है जो कभी भी फूट पड़ता है। पहले कोई झगड़ा होता था, तो लोग धीरज से काम लेते थे और मिल-बैठ कर सुलझा लेते थे। जिंदगी की कई मुश्किलों को हल करने का यही एक आसान तरीका था। मगर टीवी और मोबाइल पर लगातार परोसी जा रही नकारात्मक सामग्री के असर से और दूसरी समाज मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों की वजह से एक ऐसी पीढ़ी तैयार हुई है जो सहसा हिंसक हो उठती है। जबकि धैर्य और विवेक मनुष्यता के सबसे बड़े गुण हैं और इसे ही लोग खो रहे हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर का सबसे बड़ा सबक भारत ने पाकिस्तान को ये सिखाया है कि परमाणु बम होने के बावजूद वो उसके घर में घुसकर हमला कर सकता है, उसे दंडित कर सकता है। साल 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भी दोनों देश परमाणु सशस्त्र थे, फिर भी वो संघर्ष काफी सीमित रहा था, जिसकी सबसे बड़ी वजह सिर्फ एक क्षेत्र में युद्ध का होना था। कारगिल का इलाका काफी मुश्किल था जो एलओसी के काफी सीमित क्षेत्र में लड़ा गया था और भारत वो लड़ाई कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को भगाने के लिए लड़ रहा था। उस युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के अंदर हमला नहीं किया था और ना ऐसा कोई फैसला लिया गया था।**

# भारत ने तोड़ डाली पाकिस्तान के परमाणु बम के डर की दीवार...

**(अभिजात शेखर आजाद)**

भारत के ऑपरेशन सिंदूर में सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का क्रोध नहीं था, बल्कि संसद हमला हो, या मुंबई हमला या फिर पुलवामा हमला... हर आतंकी हमले का प्रतिशोध था। यकीन मानिए कुछ घंटों की लड़ाई में ही पाकिस्तानी सेना के हाथ पांव फूल गये थे।

ऑपरेशन सिंदूर का सबसे बड़ा सबक भारत ने पाकिस्तान को ये सिखाया है कि परमाणु बम होने के बावजूद वो उसके घर में घुसकर हमला कर सकता है, उसे दंडित कर सकता है। साल 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भी दोनों देश परमाणु सशस्त्र थे, फिर भी वो संघर्ष काफी सीमित रहा था, जिसकी सबसे बड़ी वजह सिर्फ एक क्षेत्र में युद्ध का होना था। कारगिल का इलाका काफी मुश्किल था जो एलओसी के काफी सीमित क्षेत्र में लड़ा गया था और भारत वो लड़ाई कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को भगाने के लिए लड़ रहा था। उस युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के अंदर में हमला नहीं किया था और ना ऐसा कोई फैसला लिया गया था। इसके अलावा उस वक्त दोनों देशों के पास नये नये परमाणु हथियार थे और दोनों ही देश परमाणु हथियारों को लेकर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम विकसित कर रहे थे।

लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हालात अलग थे। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान परमाणु बम रखने वाले पाकिस्तान के अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ाए, उसके मिसाइल डिफेंस सिस्टम तहस-नहस किए और ऐसा पूरी क्षमता के साथ था, जिसमें भारत ने पाकिस्तान की सेना को सिर्फ कुछ घंटों की लड़ाई में अपनी ताकत दिखा दी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के हृदय स्थल पंजाब में हमले किए और संदेश दिया कि देश का संयम पर खत्म हो चुका है।

**भारत ने तोड़ डाला 'ब्लीड इंडिया' का भ्रम:** भारत के ऑपरेशन सिंदूर में सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का क्रोध नहीं था, बल्कि संसद हमला हो, या मुंबई हमला या फिर पुलवामा हमला... हर आतंकी हमले का प्रतिशोध था। यकीन मानिए कुछ घंटों की लड़ाई में भारतीय सेना ने जो तबाही मचााई



उसने पाकिस्तान की सेना को दहला दिया है। पाकिस्तानी सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर भले जितना उछल कूद मचा लें, शहबाज शरीफ जीत का दावा कर लें, लेकिन हकीकत ये है कि 3-4 घंटे भी भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान की सेना नहीं ठहर पाई। भारत ने अपने हमले में पूरी क्षमता वाले हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया, बल्कि काफी कम विध्वंसक हथियारों का इस्तेमाल किया। पाकिस्तान सालों से आतंकी हमले करता आ रहा था, वो भारत को चिढ़ाता था, मजाक उड़ाता था, उसने परमाणु हथियारों की आड़ में 'ब्लीड इंडिया' का भ्रम पाल रखा था, जिसे भारत ने ऑपरेशन के साथ ध्वस्त कर दिया है। पाकिस्तान को साफ शब्दों में संदेश चला गया है कि भारत जब चाहे उसके घर में घुसकर उसे ठोक सकता है।

भारत के हवाई और मिसाइल हमलों ने पाकिस्तान के महत्वपूर्ण शहरों के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया और भारत ने कम से कम पाकिस्तानी एयर फोर्स के 11 ठिकानों पर मौजूद अहम प्रॉपर्टी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। भारत का सबसे बड़ा हमला रावलपिंडी, जहां पाकिस्तानी सेना का हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) है, उस शहर में किया गया। रावलपिंडी एयरबेस, जो जीएचक्यू से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर है, भारत ने उसे तहस-नहस कर दिया। इस हमले ने पाकिस्तान को डरा दिया। भारत का ये हमला सिर्फ एक स्ट्रैटजिक हमला नहीं था, बल्कि पाकिस्तानी सेना को सीधी चुनौती थी। रावलपिंडी पर हमले ने जीएचक्यू की सांसे रोक दी और उसे संदेश मिल गया कि भारत जब चाहे जीएचक्यू को भी खत्म कर सकता है।

ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दो सबसे महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं। पहला ये कि पाकिस्तान का कोई भी सैन्य ठिकाना या आतंकी सेंटर भारत की मिसाइलों की पहुंच से दूर नहीं हैं और दूसरा संदेश ये कि भारत ने परमाणु बम के डर की दीवार को तोड़ दिया है। भारत, पाकिस्तान की परमाणु धमकियों से विचलित हुए बिना उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा। कारगिल युद्ध के बाद पाकिस्तान के आतंकियों ने दर्जनों बार भारत में आतंकी हमले किए लेकिन पाकिस्तान की परमाणु गीदड़भभकी ने भारत के बाथ बांधकर रखे थे। पाकिस्तानी सेना की रणनीति साफ थी कि परमाणु बम की आड़ में भारत में आतंकी हमले करना, भारत को उकसाना और अगर भारत कुछ करने का फैसला ले तो परमाणु बम का कार्ड दिखाना। संसद पर हमले के बाद भी भारत ने अपनी सेना को जुटाया था लेकिन फिर भारत पीछे हट गया था। कई लोगों ने इसे भारत का धैर्य माना तो कई लोगों ने परमाणु हथियारों का डर।

लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने तमाम भ्रम को तोड़ दिया। इसने भारत के परमाणु डर की दीवार को तोड़ दिया और पाकिस्तान के ब्लीड इंडिया भ्रम को तोड़ दिया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दिखाया है कि भारत घातक हमले कर सकता है और करेगा। पाकिस्तान के पंजाब में रहने वाले आतंकवादी भी सुरक्षित नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर किसी राजनीतिक या प्रतीकात्मक जीत की कहानी नहीं है, बल्कि ये कहानी है भारतीय सेना की, जिसने गतिरोधक हथियारों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तक, रीयल टाइम निगरानी से लेकर वायु-रक्षा तक... भारत ने कई तरह की क्षमताएं पेश कीं और पाकिस्तान को कोई मौका नहीं दिया। यही वजह थी कि पाकिस्तान ने युद्धविराम के लिए फोन किया, जो उसके घुटने टेकने की बात को दिखाता है। पंजाब में हमला पाकिस्तानी सेना के दिल पर खंजर उतारने जैसा है, जो उसे चैन से सोने नहीं देगा। पाकिस्तानी सेना का परमाणु कवच अब मुरीदके, बहावलपुर समेत तमाम एयरबेस में खंडहर बन चुकी इमारतों में ध्वस्त हो चुका है। और सबसे बड़ी बात कि भारत ने खुद को साबित किया है। पाकिस्तान अब जान गया है कि उसका 'न्यूक्लियर शील्ड' नाम का भ्रम अब सिर्फ इतिहास की किताबों में मिलेगा।

# पाकिस्तान की पोल खुली

**(रुचिर शुक्ला )**

आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

**हालात बिगाड़ने की कोशिश की:** युद्ध जैसी स्थितियों के बावजूद अपने एयरस्पेस को बंद न करना और बॉर्डर के पास अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जारी रखना बताता है कि पाकिस्तान जानबूझकर हालात और खराब करना चाहता है। वह हर मुमकिन कोशिश कर रहा है, जिससे भारत की आतंकवाद के खिलाफ जंग बड़े युद्ध में बदल जाए और उसे दुष्प्रचार का मौका मिले। भारत ने अगर जिम्मेदारी न दिखाई होती, तो बात अब तक पूरी तरह बिगड़ चुकी होती। दोनों देशों से शांति की अपील करने वाले वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की इन हरकतों को भी देखना चाहिए।

### जवाब मिल गया

इस्लामाबाद के सारे कदम अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के उलट हैं। वह खास धार्मिक इमारतों को लक्ष्य कर गोलाबारी कर रहा है, ताकि भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सके। लेकिन, पूरा देश एकजुट है और सेना के साथ खड़ा है। भारतीय सेना ने भी जवाबी एक्शन में बहुत ही संयम से काम लिया है। बार-बार उकसाए जाने के बावजूद सेना ने केवल लक्षित हमले किए हैं। साथ ही, वह पाकिस्तानी दुष्प्रचार की भी पोल खोल रही है।

### आतंकी प्रयास नाकाम

पहलगाम हमले से पाकिस्तान ने कोई भी संबंध होने से इनकार किया था। लेकिन, ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर बीतते दिन के साथ उसका यह झूठ बेनकाब हो रहा है। सांबा में घुसपैठ का प्रयास करते 7 आतंकियों को भारतीय जवानों ने मार गिराया। यानी अभी भी पाकिस्तान आतंकियों के सहारे भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश में लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी बताया था कि सेना ने जिन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वहां से और हमलों की साजिश चल रही थी।

### मदद काटी जाए

पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा नहीं झेल पाएगी, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे आईएमएफ से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार का बिल्कुल सही कहना है कि वह इसका विरोध करेगी। दुनिया को समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली कोई भी मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी।

# शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना

**ललित गर्ग**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कह दिया है कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। यानी जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा।

शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।

पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है।

दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है।

# एक रहेंगे तो नेक रहेंगे! युद्ध न कीजिए पर भरोसा भी मत कीजिए पाकिस्तान पर!

**पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व और फौज के बीच बहुत गहरी खाइयां हैं। सच तो यह है कि पाकिस्तान सत्ता तंत्र को यह भरोसा नहीं था कि भारत आपरेशन सिंदूर जैसा कदम उठाकर कार्रवाई करेगा। भारत की सरकार ने संवाद, संयम और प्रतिकार तीनों मोर्चे पर एक साथ काम किया। पाकिस्तानी नागरिकों के विरुद्ध नहीं, आतंकवाद के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता का साफ इजहार किया। यह जीत इसलिए साधारण नहीं है। यह बड़ी कामयाबी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते रहे हैं कि 'यह युद्ध का समय नहीं है।' यह संयम भी भारत को दुनिया में सम्मान दिलाता है। भारत सरकार ने टीवी चैनलों को भी संयम बरतने की सलाहें दीं। सेना आज भी हाई अलर्ट पर है। पुंछ, राजौरी में काफी नुकसान हुआ, यह भी सामने है। पाकिस्तान को एक अवसर और राहत जरूर मिली है। अपने बदहाल आर्थिक हालात से जूझ रहे पाकिस्तान को खुद को संभालना है। आतंकवाद की नर्सरी बन चुके देश को सबक सिखाना जरूरी है।**

**(प्रो.संजय द्विवेदी)**

भारतीय बलों की सटीक कार्रवाई ने आतंकवादियों के न सिर्फ ठिकाने उड़ा दिए बल्कि सौ के करीब आतंकियों को समाप्त कर दिया है। भारत का यह संकल्प बहुत प्रखर है और दूरगामी है, जिसमें यह कहा गया है कि भविष्य में होने वाली हर आतंकी गतिविधि को युद्ध माना जाएगा।

भारतीय सैन्य शक्ति, राजनीतिक नेतृत्व के शक्ति, संयम और सूझबूझ से बहुत कम समय में भारत ने वह हासिल कर लिया,जिस पर समूचा भारत मुस्करा रहा है। पहलगाम हमले से पैदा हुई बेबसी, आर्तनाद से मर्माहत हुए राष्ट ने जवाबी कार्रवाई से राहत की सांस ली है। अब जबकि युद्ध विराम हो चुका है तो संतोष करना चाहिए कि भारत युद्ध को आतुर देश नहीं है, बल्कि हम आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जंग के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछले कुछ दिनों में जैसे हालात बन गए थे, उससे साफ लग रहा कि अब भारत एक ऐसे देश के रूप में उभरा है,जो अपने लोगों का खून बहते नहीं देख सकता। भारतीय बलों की सटीक कार्रवाई ने आतंकवादियों के न सिर्फ ठिकाने उड़ा दिए बल्कि सौ के करीब आतंकियों को समाप्त कर दिया है। भारत का यह संकल्प बहुत प्रखर है और दूरगामी है, जिसमें यह कहा गया है कि भविष्य में होने वाली हर आतंकी गतिविधि को युद्ध माना जाएगा।

### विश्व मंच पर आतंक के विरुद्ध भारत

भारत दुनिया का पहला ऐसा देश है ,जिसने एक परमाणु शक्ति संपन्न देश पर कार्रवाई की है। आज भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता से विश्व मंच पर आदर पा रहा है। दुनिया के तमाम देशों ने भारत का न सिर्फ साथ दिया, बल्कि पाकिस्तान को लताड़ भी लगाई। पाकिस्तान की सेना और उसके राजनीतिक प्रतिष्ठान की



बदनीयत दुनिया के सामने आ चुकी है। आर्थिक प्रतिबंध, आयात -निर्यात प्रतिबंध, सैन्य कार्रवाई, सिंधु जल समझौता तोड़कर, पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से निकालकर ,पांच एयरबेस नष्ट कर भारत की सरकार ने अपने इरादे जाहिर कर दिए। पाकिस्तान के मंत्रियों, सांसदों की परमाणु धमकियों के बाद भी भारत ने संयम रखकर अपने लक्ष्य हासिल किए। इसके साथ ही इस क्षेत्र को युद्ध में झोंकने से भी बचाया। अंतिम समय तक निरंतर संवाद बनाए रखते हुए भारत की सरकार ने अपार सूझबूझ का परिचय दिया।

**चार दिनों में घुटनों पर पाकिस्तान:** पाकिस्तान ने सिर्फ चार दिनों में घुटनों पर आ गया बल्कि उसने बातचीत के तमाम चैनल खोले। आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय प्रतिबद्धता का प्रकटीकरण तो हुआ है लेकिन पाकिस्तान भरोसे के लायक नहीं है। पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व और फौज के बीच बहुत गहरी खाइयां हैं। सच तो यह है कि पाकिस्तान सत्ता तंत्र को यह भरोसा नहीं था कि भारत आपरेशन सिंदूर जैसा कदम उठाकर कार्रवाई करेगा। भारत की सरकार ने संवाद,संयम और प्रतिकार तीनों मोर्चे पर एक साथ काम किया। पाकिस्तानी नागरिकों के विरुद्ध नहीं, आतंकवाद के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता का साफ इजहार किया। यह जीत इसलिए साधारण नहीं है। यह बड़ी कामयाबी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते रहे हैं कि 'यह युद्ध का समय नहीं है।' यह संयम भी भारत को दुनिया में सम्मान दिलाता है। भारत सरकार ने टीवी चैनलों को भी संयम बरतने की सलाहें दीं। सेना आज भी हाई अलर्ट पर है। पुंछ, राजौरी में काफी नुकसान हुआ, यह भी सामने है। पाकिस्तान को एक अवसर और राहत जरूर मिली है। अपने बदहाल आर्थिक हालात से जूझ रहे पाकिस्तान को खुद को संभालना है। आतंकवाद की नर्सरी बन चुके देश को सबक सिखाना जरूरी है। एक अराजक पाकिस्तान दुनिया के लिए खतरा बन चुका है। इसलिए भारत की इस चेतावनी को बहुत खास माना जाना चाहिए कि किसी भी उकसावे, आतंकी कार्रवाई को युद्ध ही माना जाएगा।

### पाकिस्तान का बिखराव ही विकल्प

पाकिस्तान का होना सदैव का संकट है। इन टोटकों से वह सुधर जाएगा ऐसा मानना कठिन है। बावजूद इसके तात्कालिक तौर पर राहत जरूर है। किंतु अंततः पाकिस्तान का बिखराव ही संकट का समाधान है। पख्तून, बलूच, सिंध की चुनौती पाकिस्तान के सामने ही हैं। इसके दो लक्ष्य होने चाहिए एक तो उसे दुनिया से अलग-थलग करना और दूसरा उन्हें ऐसी चोट देना कि पाकिस्तान सेना दुबारा हिमाकत न कर सके। फिलहाल ऐसा होता नहीं दिखता। पाकिस्तान आज भी एक अविश्वसनीय पड़ोसी और आतंकी संगठनों को पालने वाला देश है। बना रहेगा। हाल-फिलहाल तो पाकिस्तान की राजनीतिक शक्तियों ने बैकडोर कूटनीति से अमरीका और सऊदी अरब को आगे कर राहत तो प्राप्त कर ली है। भारत की सुरक्षा चुनौतियां आज भी बहुत कठिन हैं। थोड़ा और इंतजार कीजिए कि पाकिस्तान का रवैया क्या होता है। इतिहास को देखते हुए पाकिस्तान पर बहुत भरोसा करना ठीक नहीं। पाकिस्तान की सैन्य ताकत को ध्वस्त किए बिना शान्ति का सपना बहुत दूर की कौड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सादगी से मनाया गया गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जन्मदिवस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** व आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का 69वां जन्मदिवस धनबाद में श्रद्धा और भक्ति के साथ सहज रूप से मनाया गया। यह आयोजन न केवल एक जन्मोत्सव था, बल्कि विश्व देश शांति, सामूहिक साधना और सेवा की भावना को समर्पित था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7 बजे समूह साधना, ध्यान और सुदर्शन क्रिया से हुई। बड़ी संख्या में उपस्थित साधकों ने गुरुदेव के दीघार्यु, स्वस्थ जीवन और देश कल्याण की कामना के साथ



ध्यान किया। सांध्यकालीन सत्र में शाम 6 बजे से ध्यान, 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र जप, भक्ति सत्संग और गुरु पूजा का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थितजनों को गहरे आध्यात्मिक अनुभव से जोड़ दिया। कार्यक्रम के अंत में 200 से अधिक प्रतिभागियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन फैकल्टी सदस्य मयंक सिंह, सोनाली सिंह और सोनी कुमारी ने किया। आयोजन में कुंदन कुमार, पंकज सिंह आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री बिनोद तुलसियन, प्राचार्य सुमंत मिश्रा, स्वाति टंडन, अनिल बर्नवाल, गौरी शंकर, सुतापा मंडल, अरुमिका घोष, राजेश टंडन, रामाधार प्रसाद, अन्नपूर्णा दास, रंजिता प्रसाद, अपर्णा दास, साक्षी अग्रवाल, प्ररुप सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस विशेष अवसर ने न केवल गुरुदेव के विचारों और शिक्षाओं को जनमानस तक पहुँचाया, बल्कि लोगों को आंतरिक शांति, सामूहिक चेतना और सेवा भाव से भी जोड़ा।

### भाजयुमो ने राज्यपाल से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर युवाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जेपीएससी परीक्षा में अनियमितताओं, खराब कानून-



व्यवस्था, बढ़ते अपराध, धर्मांतरण, शिक्षा में गिरावट, नकल माफिया और नशाखोरी जैसे मुद्दों पर चिंता जताई गई। कुशवाहा ने कहा कि युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि वह इन मुद्दों पर कार्रवाई करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में सुजीत वर्मा, शुभांशु सिन्हा, रितेश सिंह और विशाल सिंह मौजूद रहे।

### होटल के कमरे से युवती का शव बरामद

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साकची थाना क्षेत्र के शाना कॉम्प्लेक्स स्थित एक होटल के कमरे में युवती रुखसार का फंदे से लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार रात दो युवक ऋतुराज कुमार सिंह और पंकज कुमार ने दो युवतियों दीपा दीप और रुखसार के साथ होटल के दो कमरे बुक किए थे। रातभर शराब और अय्याशी के बाद सुबह यह घटना सामने आई। पुलिस ने होटल मालिक, मैनेजर समेत सभी पांच लोगों को हिरासत में लिया है। कमरों से शराब की बोतलें और आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुए हैं। दीपा दीप ने बताया कि उसकी रुखसार से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी और उसी के बुलावे पर वह वहां आई थी। मगर पूछताछ में वह टालमटोल करती नजर आई। पुलिस होटल के दस्तावेज जब्त कर सीडी टीवी फुटेज खंगाल रही है। डीएसपी सुनील चौधरी ने कहा कि होटल में नियमों की अनदेखी पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### हिन्दी वाक्य प्रतियोगिता आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के संत माइकल्स एकेडमी में हिंदी वाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतिभागियों ने दिये गये विषय वस्तु पर शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में अपने वॉक कला के जौहर का प्रदर्शन किया। निर्णायक की भूमिका में मिस सविता और मिस अमृता ने किया। प्रतियोगिता की इंचार्ज मिस पूनम ने अपने सहकर्मी शिक्षक अमन एलेन, मिस रंजना, मिस तस्मिया, मिस उजमा के सहयोग से वाक कला प्रतियोगिता का संचालन और आयोजन सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम का उदघाटन प्राचार्य डा. कुमारी, अंजली ने किया। मौके पर उपप्राचार्य विजय विक्टर सहित अन्य मौजूद रहें।

### तीन साल बाद अपहृता बरामद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव से विगत तीन साल पुर्व शादी की नियत से अगवा हुई किशोरी को पुलिस ने नौतन बाजार से बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि इस बावत किशोरी की मां ने थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराते हुए दो लोगों को नामजद किया था। मंगलवार की सुबह पुलिस ने अपहृता को नौतन बाजार से बरामद कर मेडिकल जांच व न्यायालय में बयान के लिए बेतिया भेज दिया है।

### आंधी तूफान ने कई लोगों के घर का छप्पर उड़ाया

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार देर शाम मझौलिया थाना क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। आंधी इतनी तेज थी कि प्रखंड क्षेत्र में 100 से ज्यादा लोगों की करकट की झोपड़ियां उड़ गई।कई छोटे-बड़े पेड़ गिर गए। पांच जगहों पर ईंट की दीवारें भी ढह गई। कई पंचायतों की सड़कों पर पेड़ गिरने से रास्ता बंद हो गया।कई जगह पेड़ बिजली के तारों पर गिर गए।इससे पूरी रात बिजली गुल रही।माधोपुर एवं शिकारपुर विद्युत ग्रिड से मंगलवार दोपहर में बिजली आपूर्ति शुरू की गई।महोदीपुर पंचायत के उप मुखिया अनवर आलम ने बताया कि धोकरहां में आंधी से पेड़ बिजली के तार पर गिर गया। इस कारण वहां अब तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है।सतभिडवा 55 आरडी पुल के पास रतन महतो की दुकान पर पुराना कदम का पेड़ गिर गया। इससे दुकान को नुकसान पहुंचा है।वही बिनवालिया मठ स्थित विक्रमा सिंह का जैविक प्लांट का लोहे का खम्भा सहित ऊपर का करकट लगभग आधा किलोमीटर दूर चिमनी के पास उड़ा ले गया।गनीमत रही कि जान माल का कोई नुकसान नही हुआ।कोई बड़ा हादसा नही हुआ परन्तु पूरे जैविक खाद का पानी से नुकसान हुआ है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शहीद मोहम्मद इम्तियाज को दी श्रद्धांजलि

## परिजनों को 50 लाख की सहायता राशि सौंपी

के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**छपरा (सारण)।** सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सारण जिले के गड़खा प्रखंड के नारायणपुर गांव पहुंचकर पाक बार्डर पर शहीद हुए सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और राज्य सरकार की ओर से 50 लाख रुपये की सम्मान राशि का चेक सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि शहीद इम्तियाज के पुत्र को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी जाएगी। शहीद के नाम पर चिंतामनगंज पुल से रहमपुर बाजार तक दो किलोमीटर लम्बे ग्रामीण पथ का नामकरण किया जाएगा। इसके साथ ही जलाल बसंत पंचायत के गांव में शहीद प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। नारायणपुर गांव में नया स्वास्थ्य उपकेन्द्र तथा एक स्मारक का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय झा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, डीआईजी नीलेश कुमार, जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष समेत कई वरिष्ठ अधिकारी व एनडीए के नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने शहीद के भाई मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद असलम व पुत्र मोहम्मद इमरान रजा व मोहम्मद इमदाद रजा से भेंट कर संवेदना प्रकट की।

### बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान

**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के महम्मद्पुर स्थित संकट मोचन धाम में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी सत्येंद्र उर्फ शामू ओझा द्वारा बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों क्रमशः सुजीत तिवारी, कुन्दन पांडेय, शिवशंकर साहनी, जिया कुमारी व निशु कुमारी को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री ओझा ने कहा कि ये युवा अब समाज में कानून व्यवस्था कायम रखने व पीड़ितों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षक बबलू उपाध्याय, राहुल दुबे, सुरेश तिवारी, पत्रकार नितेश कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शक्ति शांति अकादमी आमी के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षा में सफलता पाई

**दिघवारा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शक्ति शांति अकादमी, आमी के छात्रों ने सीबीएसई की 10वीं परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के सभी छात्रों ने उत्तीर्ण होकर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। जिसमें से 16 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा अनन्या कुमारी ने 96.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शगुन सिंह ने 95.4% एवं अशुतोष कुमार ने 94.8% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में श्रेय प्रताप (94.4%), प्रणय प्रताप सिंह (94%), पियूष कुमार (93.2%), प्रिया कुमारी (93%), रितेश रंजन (93%), आदित्य राज सिंह (92.6%) एवं मानसी कुमारी गुप्ता (92.4%) शामिल हैं। वहीं 12वीं में छात्र मुकुल कुमार ने विज्ञान संकाय में 87.8 प्रतिशत अंक, नितिन सिंह ने 85.8 प्रतिशत, निहाल सिंह ने 83.8 प्रतिशत और रणवीर कुमार ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।





### 10वीं में आयुष ने मारी बाजी, 86% अंक लाकर किया नाम रोशन

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं कक्षा की परीक्षा में आयुष राज ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज का भी नाम रोशन किया है। आयुष छपरा के चांदमारी रोड निवासी डाक कर्मी शम्भू तिवारी के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अनुशासन, कठोर परिश्रम और शिक्षकों व बड़े भाइयों के मार्गदर्शन को दिया है। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान जैसे प्रमुख विषयों में आयुष को विशेष रूप से उच्च अंक प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि पर पिता शम्भू तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम और स्वाध्याय का परिणाम है।



# बीमारू राज्य को अपने वित्तीय प्रबंधन से सुशील मोदी ने बनाया प्रगतिशील बिहार



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी सीवान जिला कार्यालय में बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की प्रथम पुण्यतिथि जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी के नेतृत्व में मनाई गई. उपस्थित सभी लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया.

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी अपने जीवन में बहुत ही अनुशासित, कर्मठ, जुझारू, एवं संगठन प्रिय व्यक्ति थे. संगठनात्मक क्षमता उनमें कुट कुट की भरी थी. वे छात्र जीवन में छात्रों की राष्ट्रवादी संगठन अखिल भारतीय भारतीय विद्यार्थी परिषद् में जुड़कर कई आन्दोलन किया. लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चल रहे व्यवस्था परिवर्तन के आन्दोलन में बढ़ चढ़ कर उन्होंने हिस्सा लिया. बाद भारतीय जनता पार्टी के पूरे बिहार के कद्दावर नेता के रूम स्थापित हुए. उनके उपमुख्यमंत्री कार्यकाल में बिहार जैसे बीमारू राज्य को अपने वित्तीय प्रबंधन से प्रगतिशील बिहार बनाने का मार्ग बनाया.आज बिहार विकास की जितनी इमारत दिख रही है, उसका नींव श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी ने ही रखा है. हम सभी उनके पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं यह शपथ लेते हैं की उनके बताए मार्ग पर चलने की कोशिश करेंगे. इस अवसर पर पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, पूर्व विधान पार्षद सह कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,प्रदेश मंत्री नन्द प्रसाद चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय,जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव,अनुराधा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, मुकेश कुमार बंटी,देवेन्द्र गुप्ता,सत्यम सिंह,अनुरंजन मिश्रा,जिला मंत्री किरण गुप्ता, पंकज किशोर सिंह,आभा सिंह कुशवाहा, विजय चौधरी,कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पटेल, प्रो अभिमन्यु कुमार सिंह,शर्मा नंदराम,सुभाष सिंह कुशवाहा,प्रदिप कुमार रोज,जिला प्रवक्ता मनोज राम, राजकुमार शर्मा,संतोष राउत,अजय कुमार तिवारी, मिडिया प्रभारी आदित्य पाठक,राकेश पाण्डेय,मुकेश कसेरा, रामु कुमार,अजीत कुमार,सौरभ कुशवाहा इत्यादि लोगों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया.

### पद्मविभूषण सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर सारण भाजपा ने किया भावपूर्ण स्मरण

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी सारण की ओर से मंगलवार को जिला कार्यालय में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पद्मविभूषण स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि स्व. सुशील कुमार मोदी ने बिहार के विकास में अहम भूमिका निभाई। वे आजीवन राज्य के विकास को समर्पित रहे। इस अवसर पर जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनु सिंह, मंत्री सुनीता कुमारी, मीरा देवी, सह कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर ने किया।



## दो दर्जन सफाईकर्मी व वार्ड जमादारों का महापौर ने रोका वेतन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र विशेष कर सघन शहरी क्षेत्र में बेहद लचर साफ सफाई व्यवस्था को ले कड़ा पत्र लिखते हुए इस स्थिति के लिए जिम्मेदार सफाई कर्मी, वार्ड जमादारों, सफाई कर्मियों और नगर निगम प्रशासन के संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते के साथ निरीक्षण तिथि का वेतन भुगतान पर रोक लगाते हुए कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह को भेजे गए उक्त पत्र में संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र और विशेष कर सघन शहरी क्षेत्र कि साफ सफाई व्यवस्था चरमराने को लेकर इसके जिम्मेदारी तय करते हुए कृत कार्रवाई से उनको भी अवगत कराना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने लिखा है कि स्वयं भी अवगत हैं कि किसी भी नगर निकाय प्राधिकार पहली जिम्मेदारी गुणवत्तापूर्ण साफ सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। उसमें भी सघन शहरी क्षेत्र में साफ सफाई सुनिश्चित करने का विशेष विशेष प्रबंध करने का विभागीय निर्देश प्राप्त है। इसका उल्लेख करते हुए महापौर के द्वारा कहा गया है कि सोमवार को उनके द्वारा जिला अतिथि भवन (सर्किट हाउस) से मोहर्रम चौक, उज्जैन टोला, तीन लालटेन होकर भोला बाबू कॉलोनी तक की मुख्य और लिंक रोड की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इसके बाबत महापौर ने खेद और नाराजगी जताते हुए बताया है कि जगह जगह कूड़ा कचरा पसरा और फेंका पाया गया। इस खुलासे के साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा है कि आपके लिए यह भी स्मरणीय है कि सभी वार्डो के लिए तैनात पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मियों के अतिरिक्त सभी मुख्य सड़कों की विशेष साफ सफाई के लिए विशेष सफाई दल गठित किए गए हैं। इनकी नियमित तैनाती और निगरानी के लिए घारी प्रभारी, सफाई निरीक्षक के अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन के तहत दो दो निरीक्षी अधिकारीगण अशफाक अहमद एवं अर्पित राय की भी विशेष रूप से तैनाती है। महापौर ने बताया है कि इनके अतिरिक्त सिटी मैनेजर, उपायुक्त और आपको स्वयं भी सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का नियमित अवलोकन/ निरीक्षण करते रहना आपेक्षित है। बावजूद इसके ऐसी स्थिति उजागर होना नगर निगम के प्रशासनिक ढांचे में भारी अकर्मण्यता का प्रमाण है। ऐसी स्थिति उजागर होने को लेकर नगर आयुक्त को मंगलवार को भेजे अपने कड़े पत्र में उन्होंने निर्देशित किया है कि इसके लिए जिम्मेदार सफाई कर्मियों, वार्ड जमादारों के अतिरिक्त ऊपर उल्लेखित सभी जिम्मेदारों के विरुद्ध जिम्मेदारी के अनुसार विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करना सुनिश्चित किया जाए।

## चार शिविरों में प्राप्त हुए 2212 आवेदन, 911 का निष्पादन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. अंबेडकर समग्र विकास अभियान के तहत प्रखंड प्रशासन की ओर से अब तक विभिन्न पंचायतों में चार विकास शिविर लगाया गया है। वही शिविरों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए अबतक कुल 2212 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 911 आवेदनों का निष्पादन संबंधित विभाग द्वारा कर दिया गया है। जबकि 1301 आवेदन अभी लंबित हैं। शिविर के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों में सबसे अधिक 727 आवेदन जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए है। इसी तरह आयुष्मान कार्ड के लिए 302, मनरेगा जॉब कार्ड के लिए 194, राशन कार्ड के लिए 185 और ई श्रम कार्ड के लिए 135 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उज्जवला योजना के लिए 74, आधार कार्ड के लिए 91, शौचालय के लिए 90, गली नली पक्कीकरण योजना के लिए 86, पीएम आवास योजना के लिए 66, सीएम टोला संपर्क पथ योजना के लिए 52 और वास भूमि बंदोबस्ती के लिए 48 आवेदन है। वहीं विद्यालय में नामांकन के लिए 10 और आंगनबाड़ी में नामांकन के लिए 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

वही कौशल विकास योजना के कुशल युवा कार्यक्रम के लिए सात, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता के लिए 14, पेंशन के लिए 29 और दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 23, नल जल योजना के लिए 43 और बिजली कनेक्शन के लिए पांच, बैंक खाता जन धन योजना के लिए 19 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जानकारी देते हुए बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि विकास शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि अबतक 911 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है शेष आवेदनों का जल्द ही निष्पादन किया जाएगा।

## पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुन एसपी ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने पुलिस केंद्र सीवान में नियमित रूप से आयोजित शास्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन किया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं जवानों की व्यक्तिगत व पेशागत समस्याओं को समझना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक के दौरान कई पुलिसकर्मियों ने अपने तबादले, पदस्थापन, छुट्टी, पारिवारिक समस्याएं, विभागीय सुविधाएं तथा अन्य प्रशासनिक विषयों को लेकर अपनी बात रखी। एसपी ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित शाखा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि पुलिसकर्मियों को मानसिक शांति और कार्यक्षमता में सुधार मिल सके। एसपी ने कहा कि इस प्रकार की नियमित बैठकें



पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने और विभागीय कार्य संस्कृति को बेहतर बनाने में मददगार साबित होती हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी पुलिसकर्मी की समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा और हर स्तर पर न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी, पुलिस लाइन में पदस्थ कर्मी व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## कर्मियों की लेट लतीफी पर होगी कार्रवाई, बीडीओ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय में कर्मियों की लेट लतीफी को लेकर बीडीओ ने कार्यालय कक्षो का औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान लेट पहुचने वाले कर्मियो पर बीडीओ ने नाराजगी जताई है।और कर्मियो को अंतिम चेतावनी दी है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि कुछ कर्मी कार्यालय लेट पहुचते है और जल्दी निकल जाते है।

# लहलादपुर में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक सम्पन्न

**लहलादपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीससूत्री कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक विधिवत संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष जीतेंद्र सोनी ने की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हों और ईमानदारी से कार्य करें, अन्यथा बीस सूत्री को सरकार ने इतनी शक्ति दी है कि वह किसी भी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सकता है। बैठक में बीडीओ नीलेश कुमार ने बीस सूत्री कार्यक्रम की शक्तियों और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान प्रीति कुशवाहा ने अंचल कार्यालय में जमीन से संबंधित मामलों में अवैध वसूली का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि राजस्व कर्मचारी के साथ एक निजी व्यक्ति मुन्ना कुमार अवैध रूप से पैसे वसूलता है। उन्होंने यह मुद्दा पहले भी बीडीसी की बैठक में उठाया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुरारी चौहान ने पीएम आवास योजना में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया, वहीं अखिलेश शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्रों में भारी अनियमितताओं की बात कही। आशुतोष पांडेय अनल ने वर्ष 2002 में अंचल कार्यालय से व्यवहार न्यायालय, छपरा में भेजे गए पंजी-2 वॉल्यूम की अब तक वापसी नहीं होने पर चिंता जताई। शाहिद राजा ने मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। बैठक में कई विभागीय पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए बीस सूत्री उपाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सभी अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी कर शो-कॉज किया जाएगा। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल-नल, पीएमएवाई सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक का समापन व्यंग्य कवि वीरेंद्र कुमार मिश्र 'अभय' द्वारा भ्रष्टाचार पर कविता प्रस्तुति के साथ हुआ।



# दो मानव तस्कर गिरफ्तार और दो पीड़िताएं बरामद

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी पुलिस ने अलग अलग मामलों में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी और मानव तस्कर को गिरफ्तार किया। साथ ही दो लापता नाबालिग किशोरियां को अलग अलग क्षेत्र से सकुशल बरामद भी किया। गिरफ्तार आरोपियों में इंदल पंडित और मंगल डाहंगा शामिल हैं।

बता दें कि मानव तस्करों की तलाश में दिल्ली गई खूंटी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के एक कांड में शामिल अभियुक्त, मानव तस्कर और तस्करों की शिकार 2 पीड़िता को बरामद कर दिल्ली से लौटी है। एक केस में एक नाबालिग को तस्करों ने तस्कर को बेच दिया था और उस तस्कर से उसके साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था। दूसरे केस में एक युवती को तस्करों ने दिल्ली में बेच दिया था जिसे एक साल बाद बरामद किया गया वही तीसरे कांड में एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसने एक युवती को 27 साल पहले दिल्ली में बेच दिया था। एसपी अमन कुमार के निर्देश पर महिला थाना सह एएचटीयू थाना प्रभारी फुलमनी टोप्पो के नेतृत्व में गठित टीम दिल्ली के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर तीन कांडो का खुलासा कर दिल्ली से खूंटी लौटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एएचटीयू थाने में दर्ज केस 3/25 में गैंग रेप, पॉक्सो एवं मानव तस्करी की अन्य धाराओं पंर एफआईआर दर्ज किया गया था। इस मामले में एक मानव तस्करों की शिकार पीड़िता ने एफआईआर दर्ज कराया था। पीड़िता के दिये बयान पर दर्ज एफआईआर में एक अनिल शर्मा नाम का तस्कर नाबालिग बालिका को झांसे में लेकर दिल्ली गया और वहां दिल्ली का एक तस्कर इंदल पंडित को बेच दिया। उसने संतोष के जिम्मे में फिर बेच दिया और संतोष सहित अन्य लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। यही सिलसिला लगातार जारी रहा। संतोष के यहां पीड़ित एक साल तक काम करती रही लेकिन उसने काम का पैसा भी नही दिया। दिल्ली से किसी तरह पीड़िता खूंटी पहुंची और पुलिस को अपनी आपबीती बताई। पीड़ित के शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज किया गया। इस कांड में शामिल मुख्य अभियुक्त 40 वर्षीय इंदल पंडित को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। खूंटी में एएचटीयू थाने में दर्ज कांड संख्या 1/25 में मानव तस्करी की शिकार एक नाबालिग बालिका को गुड़गांव थाना क्षेत्र से मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। इस केस में कर्रा की एक मानव तस्कर ने दिल्ली में बेच दिया था। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब उस युवती का नग्न वीडीओ खूंटी के सोशल मोडिया में दिखाई दी थी। विडियो पर खूंटी पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई थी। जांचोपरांत नाबालिग के बारे में पुलिस को जनकारी मिली और मानव तस्कर के गिरफ्तारी के लिए दो माह पूर्व एक टीम दिल्ली गई थी लेकिन नाबालिग नही मिली और न ही मानव तस्कर मिला। बाद में मानव तस्कर ने रांची में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के गहन अनुसंधान के बाद खूंटी पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया। एएचटीयू थाना में ही दर्ज कांड 2/25 केस में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कांड मे रनिया क्षेत्र का मानव तस्कर 52 वर्षीय मंगल डहंगा को गिरफ्तार किया गया है। इसे दिल्ली के बुध नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इस केस में पीड़िता के भाई के शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुआ था। जिसमे बताया गया था कि उसकी बहन को 27 साल पूर्व रनिया का एक मानव तस्कर ने दिल्ली में बेच दिया है। शिकायत पर पुलिस ने दो माह पूर्व पीड़िता को 27 साल बाद बरामद कर खूंटी लाई लाई थी। उसके बाद पुनः टीम गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मुख्यालय डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि दर्ज कांड का अभियुक्त दिल्ली के एक ठिकाने में छुपा हुआ है। सूचना पर एएचटीयू थाना प्रभारी फुलमनी टोप्पो, पुअनि आरती कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक रमजानुल हक सहित अन्य पुलिसकर्मी का एक टीम को दिल्ली भेजा गया था। गठित टीम ने दिल्ली के उन ठिकानों में रेड मारी जहां से सूचना मिली थी। गठित टीम ने तीनों केसों का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया जबकि मानव तस्करों के चंगुल से एक नाबालिग को मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट का आरोपी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा जबकि बरामद नाबालिग को फिलहाल सेल्टर होम भेज दिया गया है।

CMYK

# ट्रंप का नया आदेश... अमेरिका में दवाओं की कीमत 59 प्रतिशत कम होगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाओं की कीमतों में 59 प्रतिशत की कटौती कर रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी घोषणा की। अमेरिका में ऐसी दवाओं की कीमत कम करने के लिए 30 दिन की समयसीमा तय की गई है। इस संबंध में ट्रंप ने सोमवार को एक व्यापक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए है। अगर दवा कंपनियों ने 30 दिन में ऐसा न किया तो उन्हें सरकार की ओर से दी जाने वाली रकम पर नई सीमाओं का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप के नए आदेश का भारत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। जीटीआरआई यानी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने अपनी रिपोर्ट में इसके बारे में बताया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इससे अमेरिकी मरीजों को तो फायदा होगा, लेकिन दवा कंपनियां भारत जैसे देशों में कीमतें बढ़ाने का दबाव बना सकती हैं। ऐसा पेटेंट कानूनों को सख्त करके किया जा सकता है।

ट्रंप के आदेश में रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग को दवाओं के नए मूल्य तय करने के लिए कहा गया है। अगर कोई समझौता नहीं होता है तो एक नया नियम लागू होगा जो दवाओं के लिए अमेरिका में दी जाने वाली कीमत को अन्य देशों की कम कीमतों से जोड़ देगा। ट्रंप ने सोमवार सुबह बताया, 'हम बराबरी करने जा रहे हैं... हम सभी समान भुगतान करने जा रहे हैं। हम वही भुगतान करने जा रहे हैं, जो यूरोप भुगतान करता है।' यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के कार्यकारी आदेश का निजी स्वास्थ्य बीमा वाले लाखों अमेरिकियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

संघीय सरकार हर साल मेडिकेयर के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श वाली दवाओं, इंजेक्शन, ट्रांसफ्यूजन और अन्य दवाओं पर सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करती है। इस बीमा योजना के दायरे में करीब सात करोड़ बुजुर्ग अमेरिकी शामिल हैं। इस बीच, अमेरिका की प्रमुख दवा लॉबी ने रविवार को ट्रंप की योजना का विरोध किया। दवा निर्माता लंबे समय से तर्क दे रहे हैं कि उनका मुनाफा प्रभावित हुआ तो नई दवाओं को विकसित करने के लिए उनके शोध पर असर पड़ सकता है।

### भारत में दवाओं के दाम बढ़ने का डर

वहीं, थिंक टैंक जीटीआरआई ने कहा है कि अमेरिका में दवाएं सस्ती होने से वहां के मरीजों को फायदा होगा। लेकिन, दवा बनाने वाली कंपनियां दूसरी जगहों से ज्यादा पैसे कमाने की कोशिश करेंगी। वे भारत जैसे देशों में दवाओं के दाम बा सकती हैं। उसने अपनी रिपोर्ट में बतायसा कि दवा कंपनियां पेटेंट कानूनों को सख्त करने के लिए दबाव डाल सकती हैं। पेटेंट कानून दवाओं को बनाने और बेचने के नियम होते हैं। अगर ये कानून सख्त हो जाएंगे तो दूसरी कंपनियां सस्ती दवाएं नहीं बना पाएंगी। इससे मरीजों को महंगी दवाएं खरीदनी पेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अपने पेटेंट कानूनों को बचाना होगा। भारत को ऐसे नियम बनाने होंगे जिससे दवाएं सस्ती रहें और लोगों को आसानी से मिल सकें। भारत को दवा कंपनियों को मनमानी करने से रोकना होगा। अगर भारत पेटेंट कानूनों को कमजोर कर देता है तो दवाएं महंगी हो जाएंगी। दूसरी कंपनियां सस्ती दवाएं नहीं बना पाएंगी।

# अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर में कम हो रही तल्खी, रिश्तों में नई शुरुआत से शेयर बाजार में उछाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध (ट्रेड वॉर) की तल्खी अब कम होती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के रिश्तों में पूरी तरह से नई शुरुआत का एलान किया है। इसके बाद सोमवार को वॉल स्ट्रीट के प्रमुख शेयर बाजार सूचकांकों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। बीते हफ्ते स्विट्जरलैंड में अमेरिका और चीन के शीर्ष अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। बातचीत का नतीजा यह निकला कि अमेरिका अब चीनी सामानों पर 145 फीसदी के भारी टैक्स की बजाय सिर्फ 30 फीसदी टैक्स लगाएगा। वहीं चीन अमेरिकी उत्पादों पर 125 फीसदी टैक्स से घटाकर 10 फीसदी टैक्स करेगा। यह एक अस्थायी समझौता है, लेकिन इसे व्यापार युद्ध को शांत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

- **ब्रिटेन से भी हुआ समझौता–** पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन के बीच भी व्यापार को लेकर एक सकारात्मक समझौता हुआ है। जानकारों का कहना है कि इन दोनों बड़ी घोषणाओं से कंपनियों का भरोसा बढ़ेगा, और वे भविष्य की निवेश और खर्च से जुड़ी योजनाएं बना सकेंगी। ब्रीफिंग डॉट कॉम ने लिखा- इन फैसलों से व्यापारियों को लगेगा कि भविष्य में स्थायी समझौता हो जाएगा, जिससे वे अपने निवेश और खर्च से जुड़े फैसले लेने में हिचकिचाएंगे नहीं।
- **कुछ सवाल अब भी बाकी हैं–** एबीबीडब्ल्यू के जानकार कॉर्ल हेलिंग ने कहा, अभी भी बहुत सारे विवरण तय किए जाने बाकी हैं। यह साफ है कि असली और स्थायी समझौते के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना होगा। यानी यह समझौता भले ही बाजार के लिए राहत की खबर हो, लेकिन यह अंतिम नहीं है। अभी भी कई मुद्दों पर बातचीत और सहमति की जरूरत है।

### सबकी निगाहें महंगाई आंकड़ों पर टिकी

अब बाजार की नजरें मंगलवार को आने वाले अमेरिका के महंगाई (सीपीआई) के आंकड़ों पर टिकी हैं। ये आंकड़े अप्रैल महीने के लिए होंगे। विशेषज्ञ देखना चाहेंगे कि व्यापार युद्ध के कारण जो टैक्स (टैरिफ) लगाए गए थे, उनका असर आम लोगों के खर्च और महंगाई पर कितना पड़ा। अगर महंगाई बढ़ती है, तो यह संकेत देगा कि टैक्स का बोझ उपभोक्ताओं तक पहुंचा है। अगर महंगाई नियंत्रण में रहती है, तो यह बाजार के लिए और भी अच्छी खबर होगी।

# टैरिफ की वजह से अप्रैल महीने में लगी महंगाई की जबरदस्त मार

### अमेरिकी सरकार की रिपोर्ट में खुलासा



नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से व्यापक टैरिफ लागू किए जाने के कारण पिछले महीने महंगाई में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है, अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में यह प्रवृत्ति और अधिक स्पष्ट होगी। फैक्टसेट के अनुसार, अप्रैल में उपभोक्ता कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जो मार्च में भी समान है और वर्ष की शुरुआत में 3 प्रतिशत से कम है। फिर भी, मासिक आधार पर, अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि मार्च से अप्रैल तक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 0.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, यह एक ऐसी गति है जो मुद्रास्फीति को और खराब कर देगी, क्योंकि पिछले महीने लगभग पांच वर्षों में पहली बार इसमें गिरावट आई थी।

# गौतम अडानी से तीन गुना कमा गए मार्क जकरबर्ग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील होने के बाद सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में भारी तेजी देखने को मिली। इससे अमेरिकी अरबपतियों की नेटवर्थ में भारी इजाफा हुआ। टॉप 20 रईसों में से 18 की नेटवर्थ में तेजी रही। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स



के मुताबिक सबसे ज्यादा फायदे में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग रहे। उनकी नेटवर्थ में 16.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह 226 अरब डॉलर पहुंच गई। दुनिया के अमीरों के लिस्ट में वह एलन मस्क (359 अरब डॉलर) और जेफ बेजोस (229 अरब डॉलर) के बाद तीसरे नंबर पर हैं। मस्क की नेटवर्थ में सोमवार को 14.5 अरब डॉलर और बेजोस की नेटवर्थ में 14.3 अरब डॉलर की तेजी आई। लैरी एलिसन की नेटवर्थ 6.97 अरब डॉलर बढ़कर 181 अरब डॉलर पहुंच गई। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स की नेटवर्थ में 35.3 मिलियन डॉलर की गिरावट आई और यह 169 अरब डॉलर रह गई। फ्रांसीसी बिजनसमैन बर्नार्ड आरनॉल्ट की नेटवर्थ में 7.1 अरब डॉलर की तेजी आई। इसी तरह टॉप 10 में शामिल वॉरेन बफे, स्टीव बालमर, लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में भी तेजी रही।

**अंबानी-अडानी का हाल–** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में सोमवार को 4.42 अरब डॉलर की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ अब 103 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 12.8 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 5.31 अरब डॉलर की तेजी आई। वह 79.8 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 1.05 अरब डॉलर की तेजी आई है।

# लाहौरी जीरे के बाद अब जिप्टो पर आया मोतीलाल ओसवाल का दिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्विक कॉमर्स कंपनी जिप्टो के फाउंडर जल्द ही एक बा सौदा करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, वे लगभग 5 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर 350 मिलियन डॉलर की सेकेंडरी शेयर बिक्री करने वाले हैं।

**निवेशकों में बड़े-बड़े नाम–** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस डील में एक बी भारतीय कंपनी 100 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। बाकी 250 मिलियन डॉलर फैमिली ऑफिस और बे म्यूचुअल फंड के एचएनआई क्लाइंट्स से आने की संभावना है। एमओएफएसएल के फाउंडर




मोतीलाल ओसवाल और रामदेव अग्रवाल ने व्यक्तिगत तौर पर जिप्टो में 50 मिलियन डॉलर (लगभग 425 करो रुपये) के शेयर खरीदे हैं।

**भारतीय शेयरहोल्डिंग बढ़ाना चाहते हैं–** जिप्टो के फाउंडर कंपनी में भारतीय शेयरहोल्डिंग को बाना चाहते हैं। इस सौदे के होने तक यह हिस्सेदारी 42 प्रतिशत तक ले जाना चाहते हैं। उनका लक्ष्य है कि आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल करने से पहले घरेलू शेयरहोल्डिंग 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाए।

# टाटा स्टील को दोगुना मुनाफा, डिविडेंड का ऐलान...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने कल यानी सोमवार को वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी किए थे। चौथी तिमाही में कंपनी को बंपर मुनाफा हुआ है। यह दोगुने से भी ज्यादा रहा। इसके बावजूद आज मंगलवार को इस कंपनी के शेयर में वह तेजी दिखाई नहीं दी, जिसकी उम्मीद थी। वहीं कंपनी ने कहा है कि वह अपनी सिंगापुर स्थित इकाई, टी स्टील होल्डिंग्स में 2.5 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। टाटा स्टील का शेयर सोमवार को 151.55 रुपये पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कुछ तेजी के साथ 152.35 रुपये पर खुला। हालांकि बाद में इसमें गिरावट आई और यह 149.65 रुपये पर आ गया। इसके बाद इसमें उतार-चढ़ाव आता रहा। सुबह 10 बजे टाटा स्टील का शेयर 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 150.85 रुपये पर कारोबार कर रहा था।




**कंपनी को कितना हुआ मुनाफा–** कंपनी को चौथी तिमाही में 1,200.88 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 554.56 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि ज्यादा बिक्री और खर्चों में कमी की वजह से मुनाफा बढ़ा है। हालांकि, इस दौरान कंपनी की कमाई थोड़ी कम हुई है। कंपनी की कुल आय 56,679.11 करोड़ रुपये रही। पिछले साल यह 58,863.22 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अपने खर्चों को भी कम किया है। इस तिमाही में कंपनी का खर्च 54,167.61 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल यह 56,496.33 करोड़ रुपये था।

### कितना मिलेगा डिविडेंड

पूरे वित्त वर्ष एफवाय25 की बात करें तो टाटा स्टील को 3,173.78 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को 4,909.61 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस साल कंपनी ने नुकसान की भरपाई कर ली है। कंपनी के बोर्ड ने शेयरधारकों को डिविडेंड देने का भी फैसला किया है। हर शेयर पर 3.60 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। यह डिविडेंड 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयर पर 360 प्रतिशत है।

### सहायक कंपनी में निवेश

बोर्ड ने एक और महत्वपूर्ण फैसला लिया है। टाटा स्टील अपनी सिंगापुर स्थित इकाई, टी स्टील होल्डिंग्स में 2.5 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश यूरोप में कंपनी के कारोबार को मजबूत करने और कर्ज चुकाने के लिए किया जा रहा है। टाटा स्टील, टी स्टील होल्डिंग्स के माध्यम से यूके और नीदरलैंड में अपने कारोबार का संचालन करती है। किसी भी विदेशी निवेश के लिए, जो एक वित्तीय वर्ष में 1 बिलियन डॉलर से अधिक है, भारतीय रिजर्व बैंक से पहले अनुमति लेनी होती है। टाटा स्टील के बोर्ड ने सोमवार को इस निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

# मुक्त व्यापार समझौते के बाद चाइनीज माल की एंट्री रोकने की चुनौती, घरेलू कंटेंट पर फोकस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो चुका है। अब दोनों देशों के सामने चुनौती है कि वे चाइनीज माल की एंट्री को कैसे रोकें। इसके लिए दोनों देश अपने उत्पादों में घरेलू कंटेंट को बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं ताकि चीनी माल की पिछले दरवाजे से एंट्री को रोका जा सके। केनरा बैंक की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि माल का उत्पादन कहां हो रहा है, इसे पता लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता होना, भारत की बड़ी जीत है। इसके तहत ब्रिटेन के 99 प्रतिशत बाजार में भारतीय उत्पादों को ड्यूटी फ्री एंट्री मिलेगी। इससे भारतीय निर्यातकों को काफी फायदा होगा। केनरा बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, अगर माल के उत्पादन वाली जगह की पुष्टि के लिए सख्त कदम नहीं उठाए गए तो चाइनीज माल की पिछले दरवाजे से दोनों देशों के बाजार में एंट्री हो सकती है और दोनों देशों के स्थानीय निर्यातकों को एफटीए का पूरा फायदा नहीं मिल पाएगा।

# आयकर विभाग ने सभी सातों फॉर्म जारी किए; जिन खातों का ऑडिट नहीं होना

### वे 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल करें




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए सभी सात आयकर रिटर्न फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। छोटे व मध्यम करदाताओं की ओर से दाखिल किए जाने वाले आईटीआर फॉर्म 1 और 4 को 29 अप्रैल को जारी किया गया था। ट्रस्टों और धर्मार्थ संस्थानों की ओर से दाखिल किए जाने वाले आईटीआर-7 को 11 मई को अधिसूचित किया गया था।

**आईटीआर-1 और 4 में शेयरों की कमाई से पूंजीगत लाभ–** इस बार कुछ फॉर्म में बदलाव किए गए हैं। आईटीआर-1 और 4 में शेयरों की कमाई से पूंजीगत लाभ की जानकारी देना है। अब वेतनभोगी व्यक्ति और अनुमानित कराधान योजना के तहत आने वाले वे लोग, जिनका एक वित्त वर्ष में 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) है, क्रमशः आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दाखिल कर सकेंगे। पहले इनको आईटीआर-2 दाखिल करना होता था।

**31 जुलाई तक आईटीआर दाखिल करना होगा–** व्यक्तिगत और जिनके खातों का ऑडिट नहीं होना है उनको 31 जुलाई तक आईटीआर दाखिल करना होगा।

# भारत और पाकिस्तान के तनाव ने लोगों की बढ़ाई मुश्किलें

### काम-धंधा छोड़ वापस गांव लौट रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का असर प्रवासी मजदूरों पर भी पड़ा है। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका के बीच हजारों प्रवासी मजदूर जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और गुजरात से चले गए हैं। भारत और पाकिस्तान ने भले ही सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जता दी है, लेकिन होटल इंडस्ट्री, औद्योगिक केंद्र, और अन्य कारोबार पर कुछ असर पड़ा है। इसका सबसे बड़ा कारण यहां काम करने वाले प्रवासी मजदूरों का यहां से चले जाना है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा, हमारी औद्योगिक इकाइयों में करीब 55 प्रतिशत मजदूर गैर-स्थानीय हैं, जो लगभग 200,000 हैं। इनमें से करीब 25 से 30 प्रतिशत पिछले दो हफ्तों में चले गए हैं। इससे यहां उद्योग पर असर पड़ा है। हालांकि इंडस्ट्री को उम्मीद है कि हालात जल्दी सामान्य होंगे मजदूर काम पर लौटेंगे।



**कहां-कहां पड़ा ज्यादा प्रभावित–** जम्मू शहर और तीर्थ शहर कटड़ा में होटल इंडस्ट्री का कामकाज प्रभावित हुआ है। ऑल जम्मू होटल एंड लॉजेस एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत खजूरिया ने कहा, जम्मू क्षेत्र में 1,000 होटल और लॉज हैं जो लगभग 10,000 लोगों को रोजगार देते हैं। उनमें से 50 प्रतिशत प्रवासी हैं। वे सभी पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चले गए हैं। लासीपुरा औद्योगिक संघ के महासचिव सरवर मलिक ने कहा कि कश्मीर घाटी में पुलवामा के लासीपुरा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में करीब 800 औद्योगिक यूनिट हैं। साथ ही यहां सेब के लिए सबसे बड़ी कोल्ड स्टोरेज सुविधा है। ये सब प्रभावित हुए हैं क्योंकि 6,000 प्रवासी मजदूरों में से बड़ी संख्या में मजदूर चले गए हैं। सरवर मलिक की कंपनी प्रोएक्टिव पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने एक सप्ताह से अधिक समय से उत्पादन बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोई खरीदार नहीं है और स्टॉक जमा हो गया है। बाजार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है।

**टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज पर भी असर–** सूरत की टेक्सटाइल यूनिट के लिए भी स्थिति ऐसी ही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की टेक्सटाइल कमेटी के अध्यक्ष चंपालाल बोथरा ने कहा कि 300,000 से अधिक प्रवासी मजदूरों में से लगभग 75,000 चले गए हैं। प्रवासी मजदूरों का एक वर्ग आमतौर पर खरीफ की बुवाई के मौसम से पहले हर साल अपने गांवों में जाता है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 13-05-2025 22:17 Page 1



# बंगाल की भी महिलाएं ले रहीं मंईयां सम्मान योजना का लाभ ?

## मुखिया ने झाड़ा पल्ला, कहा रजिस्ट्रेशन मेरी देखरेख में हुई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना में पोटका प्रखंड के चाकड़ी पंचायत से चौंकाने वाला फजीर्वाड़ा सामने आया है। पंचायत में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, फिर भी यहां आठ मुस्लिम लाभार्थियों के नाम सूची में शामिल हैं, जिनमें एक पुरुष भी है।

सत्यापन में खुलासा हुआ कि इनके मोबाइल नंबर बंगाल के हैं और योजना का लाभ लेने के लिए फर्जी राशन कार्ड का सहारा लिया जा रहा है। कई अन्य परिवारों के नाम भी पंचायत से असंबद्ध पाए गए, जिससे फजीर्वाड़े का जाल बंगाल तक फैलने की आशंका जताई जा रही है।

चाकड़ी पंचायत की मुखिया संगीता सरदार ने स्पष्ट किया कि उनके क्षेत्र में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, परंतु सत्यापन सूची में आठ मुस्लिम नाम शामिल हैं। इनमें रश्मिना खातून, रेजिना खातून, शबनम बानो, नूर सबा बेगम, अलीमा अंदेरा, अंजुमा बेगम, शहनाज परवीन और सबसे आश्चर्यजनक रूप से एक पुरुष मोहम्मद अब्दुल हमीद शामिल हैं।

यह योजना विशेष रूप से महिलाओं के लिए है, ऐसे में पुरुष का लाभार्थी होना गंभीर अनियमितता को दर्शाता है।

सत्यापन के दौरान 198 लाभार्थियों की सूची जांच के लिए पंचायत को भेजी गई। मुखिया ने जब इन लाभार्थियों के मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया, तो अधिकांश नंबर पश्चिम बंगाल के निकले।

कुछ अन्य नंबर भी झारखंड से बाहर के राज्यों से संबंधित पाए गए। यह खुलासा करता है कि फर्जी राशन कार्ड और गलत पहचान के आधार पर लाभ उठाया जा रहा है।

मुखिया संगीता सरदार ने बताया कि पंचायत में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया उनकी देखरेख में हुई थी, परंतु इन असंबद्ध नामों का समावेश कैसे हुआ, यह रहस्य बना हुआ है।




उन्होंने कहा, हमारे पंचायत में न तो इनका कोई अस्तित्व है और न ही इन्हें किसी ने देखा है। यह सूची कैसे तैयार हुई, यह जांच का विषय है। उन्होंने लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग करने की बात कही। फजीर्वाड़े का दायरा केवल मुस्लिम नामों तक सीमित नहीं है।

सूची में शेरन बर्मन, अच्छा सिंघा, साटो बर्मन, चंदा कुमारी, अलका कुमारी और आरती कुमारी जैसे नाम भी शामिल हैं, जिनका चाकड़ी या आसपास के पंचायतों से कोई संबंध नहीं है।

यह स्थिति योजना के लाभार्थी चयन में गंभीर लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है ।स्थानीय निवासियों में इस खुलासे को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि जिन्हें वास्तव में योजना का लाभ मिलना चाहिए, वे वंचित रह रहे हैं, जबकि फर्जी लोग सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## मंईयां सम्मान योजना की होगी जांच

### फर्जी लाभुकों से वसूली जाएगी राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां उजागर हुई है। पूर्वी सिंहभूम में 2912 लाभुकों के एक ही बैंक खाते से लाभ लेने का मामला सामने आया। कई पंचायतों में पुरुषों और फर्जी मुस्लिम परिवारों के नाम शामिल हैं।

जिला प्रशासन ने तीन दिन में जांच पूरी करने का आदेश दिया है। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने 2912 लाभुकों के एक ही बैंक खाते से योजना का लाभ लेने की शिकायत पर तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा, कई पंचायतों में पुरुषों और फर्जी मुस्लिम परिवारों के नामों के शामिल होने की बात भी सामने आई है।

प्रशासन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को तीन कार्यदिवसों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। कई पंचायतों में पुरुषों के नाम लाभुक सूची में शामिल होने की शिकायतें मिली हैं। घाटशिला के हेदलजुड़ी पंचायत में, पोटका के जुड़ी व चाकड़ी जहां एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है, 15 मुस्लिम परिवारों के नाम सूची में पाए गए। इसी तरह, चाकुलिया में फर्जी जन्म प्रमाणपत्रों के आधार पर लाभ लेने के मामले सामने आए हैं। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने स्पष्ट किया कि अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दोषी लाभुकों के नाम सूची से हटाए जाएंगे और उनसे अब तक दी गई राशि वसूली जाएगी। अगर किसी कर्मचारी या अधिकारी की संलिप्तता पाई गई, तो उनके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई होगी। प्रशासन ने सभी लाभुकों से सही जानकारी देने और नागरिकों से ऐसी गड़बड़ियों की सूचना जिला कार्यालय को देने की अपील की है।

# स्वर्णरेखा नदी के आसपास हटाया जायेगा अतिक्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा नदी के किनारे से 15 मीटर के अंदर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए 40 लोगों का अवैध अतिक्रमण हटाने का ऑर्डर पास हो गया है। इसके लिए दंडाधिकारी व पुलिस की नियुक्ति होते ही काम शुरू हो जाएगा।

इस संबंध में पूछने पर जमशेदपुर के अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि नदी के किनारे 145 लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। सभी को तीसरी व अंतिम नोटिस दे दी गई है। अतिक्रमण हटाने के लिए सरकारी नियम का पालन कर लिया गया है। अब जिला प्रशासन का आदेश मिलते ही अतिक्रमण हटाया जाएगा। नियमानुसार नदी तट का अतिक्रमण नहीं करना है। इसके लिए अवैध निर्माण को हटाने का आदेश दिया था। आदेश के बाद जमशेदपुर के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रिपोर्ट मांगी थी।

उपायुक्त के आदेश के बाद विभाग सक्रिय हो गया और अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देने का काम शुरू किया। इसमें तीसरी व अंतिम नोटिस देने के बाद कार्रवाई करने का आदेश भी दे दिया गया है।

- लोग औने-पौने दामों में खरीद रहे नदी की जमीन
- नदी की जद में आने वाली जमीन पर बन गयी बिल्डिंग

ज्ञात हो नदी के किनारे भुइयांडीह से लेकर बाबूडीह बस्ती तक 145 मकान नदी के तट पर अवैध रूप से बनाए गए हैं। भू-माफिया व स्थानीय पुलिस प्रशासन का मजबूत गठजोड़ के कारण नदी के तटीय इलाके पर झोपड़ी से लेकर ऊंचे-ऊंचे मकान बन गए हैं। लोगों ने बताया कि वह नदी के तट पर खाली सरकारी जमीन को 50 हजार रुपये से लेकर तीन लाख रुपये तक में खरीदे हैं। भुइयांडीह से बारीडीह तक जमीन का खेल चल रहा है। भुइयाडीह, बाबूडीह, बारीडीह में नदी की जद में आने वाली जमीन पर बिल्डिंग तक बन गई है।

## सहारा निवेशकों को मिला आश्वासन

**रांची।** राज्य सरकार ने सहारा के निवेशकों को हक दिलाने के लिए तमाम जरूरी उपाय करने का आश्वासन दिया है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कहा कि सहारा इंडिया के निवेशकों को हक-अधिकार दिलाने के लिए अबुआ सरकार विधिसम्मत कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने विश्व भारती जनसेवा संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का गठन और राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल किए जाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों मे संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार राम, उप सचिव प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और रेजिना सुचिता कच्छप शामिल थे।

# नवनिर्मित जदयू कार्यालय का नीतीश कुमार ने किया ऑनलाइन उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य गठन के बाद जदयू पार्टी कई सरकारों में सम्मिलित रही है। लेकिन अभी तक इसके प्रदेश कार्यालय का अपना भवन नहीं था। पहली बार इसका अपना कार्यालय बीआइटी मोड के पास अपनी जमीन पर बना है।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसका आनलाइन उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पार्टी की बैठक हुई। इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर पार्टी के अंदर प्रवेश किया। इस दौरान पार्टी के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर पूजा पाठ और हवन किया गया।

बैठक में आगामी निकाय चुनाव, सदस्यता अभियान एवं संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने उद्घाटन के बाद प्रदेश जदयू कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता खीरू महतो ने की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हमें अपने कार्यालय की तलाश थी। आज यह पूर्ण हुआ।

### सरयू राय ने हेमंत सोरेन की विदेश यात्रा का किया स्वागत

विधायक सरयू राय के आवास पर भी अतिरिक्त कार्यालय चलता रहेगा। उन्होंने सदस्यता अभियान जारी रखने और इसमें तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिलों में संगठन प्रभारी की घोषणा जल्द की जाएगी।

सरयू राय ने कहा कि संगठन नियमित कार्यक्रम करे और इस माध्यम से जन मानस को पार्टी के साथ जोड़े। जिन कार्यकताओं को निकाय चुनाव लड़ना है।

वे अपने वार्डों में संपर्क अभियान शुरू कर बैठक करें और समस्याओं को पार्टी स्तर से हल कराने का प्रयास करें। बैठक के बाद पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में श्रवण कुमार, डा. आफताब जमील, धर्मेंद्र तिवारी, भगवान सिंह, संजय सिंह, निर्मल सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित थे।

सरयू राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाए रखना नियम संगत नहीं है। राज्य सरकार ऐसा कर अन्य अधिकारियों को इस पद से वंचित कर रही है। मुख्यमंत्री के विदेश यात्रा का उन्होंने स्वागत किया। कहा कि स्पेन और स्वीडन में जो विकास हेमंत सोरेन ने देखा, उस अनुरूप झारखंड में भी परिवर्तन करने की दिशा में आगे बढ़ें।

# शादी समारोह में गयी लड़की से सामूहिक दुष्कर्म

## सभी आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में छह युवकों ने एक लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि लड़की एक शादी में शामिल होने गई थी। वहां वह तीन अन्य लड़कियों के साथ शौच के लिए कार्यक्रम स्थल से बाहर गई। तभी इन लोगों ने उन पर हमला कर दिया।

उन्होंने बताया कि बाकी लड़कियां भागने में सफल रहीं, लेकिन वह नहीं भाग पाई। आरोपी उसे पास के जंगल में ले गए और कथित तौर पर उसके साथ कुकर्म किया। आरोपी उसे मरने के लिए वहीं छोड़कर भाग निकले।

पुलिस के मुताबिक, लड़की को शादी समारोह न पाकर परिवार वाले परेशान हो गए। फिर मौका-ए-वारदात से बचकर निकलीं लड़कयों से उन्हें मामले के बारे में पता चला। उसे तलाशते हुए परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो पीड़िता ने उन्हें घटना के बारे में बताया। इसके बाद पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

सुरसांग पुलिस थाने के प्रभारी मुकेश टुडू ने बताया कि घटना शुक्रवार को हुई और पुलिस ने सोमवार को अपराध में शामिल सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने कहा, 'तुरंत कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित की गई। 18 से 24 वर्ष की आयु के सभी आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया।'

उन्होंने बताया कि कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत पर भेज दिया है। उन्होंने दावा किया कि लड़की की मेडिकल जांच कराई गई और आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

# जेपीएससी परीक्षार्थियों का फूटा गुस्सा, दफ्तर के बाहर किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) एक बार फिर विवादों में घिर गया है। दरअसल, 11वीं जेपीएससी की मुख्य परीक्षा को हुए 10 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक आयोग ने रिजल्ट घोषित नहीं किया है। इस देरी से अभ्यर्थी बेहद नाराज हैं। रांची में जेपीएससी कार्यालय के बाहर झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के बैनर तले छात्रों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आज बड़ी संख्या में छात्र वहां जुटे और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला ने कहा कि आयोग बार-बार युवाओं के साथ धोखा कर रहा है। परीक्षा खत्म हुए लंबा वक्त हो गया, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया। पहले कहा गया कि जेपीएससी अध्यक्ष नहीं हैं,

### विपक्ष ने सरकार को घेरा

इसलिए रिजल्ट नहीं आ रहा। लेकिन अब जब नए अध्यक्ष एल. खियांग्ते ने पद संभाल लिया है, तब भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यह साफ तौर पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। छात्रों ने साफ कहा है कि जब तक रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा, धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। कुछ छात्रों ने नाराजगी में कहा, ₹अगर रिजल्ट नहीं तो फांसी ही मंजूर।₹ यह मामला अब राज्यभर में बड़ा छात्र आंदोलन बनता जा रहा है।

जेपीएससी मेंस परीक्षा के रिजल्ट में देरी को लेकर चल रहे विवाद में अब भाजपा भी कूद गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने आंदोलन कर रहे छात्रों का समर्थन करते हुए झारखंड सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। अजय शाह ने कहा कि राज्य सरकार के पास छात्रों के भविष्य और विकास को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है, इसी वजह से जेपीएससी मेंस का रिजल्ट 10 महीने से अटका पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार को प्रतियोगी परीक्षाओं की गंभीरता का अंदाजा ही नहीं है।

उन्होंने सुझाव दिया कि झारखंड के नेता कभी मध्य प्रदेश, बिहार या पश्चिम बंगाल जाकर देखें, जहां परीक्षाओं के रिजल्ट समय पर और तय प्रक्रिया के तहत घोषित होते हैं। वहाँ पर टाइम बॉन्ड सिस्टम अपनाया जाता है। अजय शाह ने आगे कहा कि जेपीएससी की मेंस परीक्षा ही नहीं, झारखंड में लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा में अभ्यर्थियों को किसी न किसी समस्या का सामना करना पड़ता है। कभी परीक्षा की तारीख तय करने में देर होती है, तो कभी कोर्ट के आदेश या छात्रों के आंदोलन के बाद ही सरकार जागती है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी का पूरा सिस्टम संकट से गुजर रहा है, और सरकार की लापरवाही की वजह से छात्रों का भविष्य दांव पर है।

जेपीएससी कार्यालय के बाहर तेज धूप में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की हालत बिगड़ने लगी है। करीब 8 दिनों से लगातार आंदोलन कर रहे छात्र आज भी कड़कड़ाती धूप में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते नजर आए। छात्रों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया है। आज प्रदर्शन के दौरान एक अभ्यर्थी बेहोश हो गया, जिसके बाद बाकी छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया। छात्रों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए झारखंड सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सरकार को छात्रों की सेहत और भविष्य दोनों की कोई परवाह नहीं है।

# भाजपा विधायक पर बिफरे डा. इरफान अंसारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक युवक द्वारा इंटरनेट मीडिया पर टिप्पणी के विरुद्ध रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह के एक्शन पर राज्य सरकार के मंत्री डा. इरफान अंसारी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि युवक की गलती को आइएसआइएस से जोड़ना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपी सिंह की जुबान जहरीली है। ऐसा करना ओछी राजनीति और मानसिक दिवालियापन का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि सीपी सिंह ने उक्त युवक के विरुद्ध शिकायत की है।

मंत्री ने कहा कि अगर सीपी सिंह के पास सबूत है तो कानून को सौंपना चाहिए, लेकिन धर्म विशेष, मौलवियों और मदरसों को बदनाम करने का ठेका उन्हें किसने दिया है? यह समाज को बांटने की राजनीति है।



सवाल उठाया कि बार-बार मुसलमानों की देश के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाना ही सीपी सिंह का राष्ट्रवाद है? उन्होंने चुनौती दी कि सीपी सिंह यह प्रमाणित करें कि युवक देशविरोधी संगठन से जुड़ा है। सीपी सिंह को सोचना चाहिए कि उस मासूम मां पर क्या बीत रही है, जिसके बच्चे पर उन्होंने आरोप लगाया है। विधायक को कानून पर भरोसा रखते हुए नफरत फैलाना बंद करना चाहिए।

# स्कूलों से ड्राप आउट बच्चे वापस लौटाने के लिए टीम गठित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सरकारी स्कूलों में ड्राप आउट बच्चे वापस लौटे या नहीं, इसकी जांच होगी। इसे लेकर सभी 24 जिलों के लिए अलग-अलग गठित राज्य स्तरीय टीम बुधवार से स्कूलों का निरीक्षण करेगी।

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में इसे लेकर राज्य स्तरीय टीम को प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने 61 सदस्यीय टीम को कई आवश्यक निर्देश भी दिए।

राज्य स्तरीय टीम को संबोधित करते हुए निदेशक ने ₹सुबह नाश्ते से पहले निरीक्षण₹ का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण स्कूलों का समय सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक ही है।

ऐसे में बच्चों से बात कर स्कूल की जमीनी हकीकत का पता लगाने के लिए सभी टीमें अहले सुबह ही फील्ड में भ्रमण के लिए निकल जाएं।




कहा कि दो-तीन वर्ष में लगातार जिस स्कूल में आउट ऑफ स्कूल बच्चों का आंकड़ा नहीं सुधर रहा है, वहां अनिवार्य रूप से जाएं। स्कूलों में शिशु पंजी सर्वे की गहनता से जांच करे। उन्होंने टेबल वर्क नहीं करने की चेतावनी भी दी।

निदेशक ने कहा कि बीआरपी और सीआरपी अपना काम नहीं कर रहे हैं, तो उसकी रिपोर्ट दें। उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टीम के सदस्यों को भ्रमण के दौरान आचरण में गंभीरता लाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने जीरो ड्राप आउट की जमीनी हकीकत जानने का निर्देश दिया।

कहा कि स्कूल का दावा सही है, तो उसे प्रोत्साहित किया जाएगा और दावा भ्रामक पाए जाने पर स्कूल के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

स्कूलों में 75 प्रतिशत उपस्थित है या नहीं, इसकी भी जांच होनी चाहिए। बताते चलें कि स्कूलों का निरीक्षण 20 मई तक होगा। टीम को 27 मई तक रिपोर्ट देने को कहा गया है।

निदेशक ने गिरिडीह के बेलको हाई स्कूल, गोपालडीह द्वारा स्टूडेंट माइग्रेशन का भ्रामक डाटा उपलब्ध कराने पर उसकी जांच का आदेश दिया।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि स्कूल ने यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट माइग्रेशन के संबंध में अतार्किक और भ्रामक डाटा अपलोड किया है।

# 20 हजार स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा बिजली का बिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला से 20 हजार स्मार्ट मीटर का उपयोग करने वाले उपभोक्ता लापता हो गए हैं। विभाग इन उपभोक्ताओं को बिल नहीं भेज पा रहा है। इससे उपभोक्ताओं का नेगेटिव बैलेंस लगातार बढ़ता जा रहा है। विभाग का कहना है कि जिस वक्त उपभोक्ताओं द्वारा कनेक्शन लिया गया था, उस वक्त आधार कार्ड या मोबाइल नंबर देने में लोगों द्वारा गड़बड़ी कर दी गई थी।

इस वजह से ऐसे उपभोक्ताओं का बिल तैयार नहीं हो पा रहा है। इन उपभोक्ताओं तक बिल पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा नंबर जारी किया गया है और जल्द की कैंप लगाकर आधार कार्ड और मोबाइल फोन नंबर अपडेट किया जाएगा, ताकि विभाग उपभोक्ताओं को बिल दे पाए।

विभाग का कहना है कि अब तक सवा तीन लाख स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। तीन लाख पांच हजार मीटर का पूरा डिटेल है। इनका सही तरीके से बिल निकल रहा है।

चुटिया इलाके में रहने वाले टिंकु कुमार साहु खुद डिविजन कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को बताया कि उन्हें बिल नहीं मिल रहा है। इसके बाद उनका मोबाइल फोन नंबर अपडेट किया गया और अब उन्हें बिल मिल रहा है और वह भुगतान भी कर रहे हैं। कनेक्शन के समय इनके द्वारा दूसरा मोबाइल नंबर दे दिया गया था।



इसी तरह लालपुर इलाके में रहने वाले राज कुमार वर्मा द्वारा फोन कर विभाग को बताया गया कि उन्हें बिल नहीं मिल पा रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा राज कुमार से मोबाइल फोन पर ही पूरा डिटेल लिया गया और फिर उसे अपडेट कर दिया गया। इसके बाद राज कुमार तक बिल पहुंचने लगा।

सिरमटोली में रहने वाले बाहालेंद्र द्वारा विभाग से वाट्सएप पर संपर्क किया गया। विभाग के कर्मचारियों ने बाहालेंद्र से वाट्सअप पर पूरा डिटेल लिया गया फिर उसे अपडेट किया गया। इसके बाद बाहालेंद्र को बिल भी मिलने लगा और भुगतान भी किया जाने लगा।

विभाग द्वारा छह अलग-अलग नंबर जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर एसएमएस कर अपना नंबर अपडेट करा सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं को बिल नहीं मिल रहा है उन्हें मिलने लगेगा।

जेबीवीएनएल की साइट जेबीवीएनएल डॉट को डॉट इन पर जाने के बाद क्विक बिल पोस्ट पेड, प्रीपेड चार्ज का आप्शन आएगा। इस पर जाने के बाद तीन आप्शन आएगा। इसमें मिसलेनियस, पोस्ट पेड बिल पेमेंट और प्रीपेड बिल पेमेंट आएगा। इसके बाद 11 डिजिट का अकाउंट नंबर डालना होगा फिर बिल का डिटेल आ जाएगा। इसके बाद बिल का भुगतान कर सकते हैं।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद संत प्रेमानंद से मिले विराट : अनुष्का




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा मंगलवार सुबह वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीराधे हित केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज से भेंट की। इस दौरान दोनों ने संत महाराज से आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक चर्चा में भाग लिया। संन्यास के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति मानी जा रही है। संन्यास के बाद सीधे आध्यात्मिक शांति की तलाश में वह वृंदावन पहुंचे।

## विराट ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था

विराट ने सोमवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान किया था। उन्होंने एक भावुक पोस्ट के जरिये अपने 14 साल के टेस्ट करियर पर विराम लगाने की पुष्टि की थी। विराट ने कहा था कि उन्होंने इस प्रारूप से काफी सबक लिया है। विराट टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे। विराट आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का भी हिस्सा हैं और कुछ दिनों बाद वह आरसीबी टीम से जुड़ जाएंगे और पहली बार टीम को चैंपियन बनाने की कोशिश करेंगे।

## संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे रहे कोहली-अनुष्का

कोहली और अनुष्का ने संत प्रेमानंद के आश्रम में साढ़े तीन घंटे से भी ज्यादा समय बिताया। दोनों सुबह करीब छह बजे आश्रम पहुंचे और करीब साढ़े नौ बजे वहां से निकल गए। यह पहली बार नहीं है जब विराट संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे हैं। वह इससे पहले जनवरी 2023 में इसी साल जनवरी में भी मिलने पहुंचे थे। अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने संत प्रेमानंद से गहन चर्चा की। इस दौरान विराट ने पूछा कि असफलता से कैसे बाहर निकला जाए? इस पर प्रेमानंद ने कहा कि अभ्यास करना जारी रखें।

## विराट-अनुष्का से संत प्रेमानंद की बातचीत के प्रमुख अंश

**संत प्रेमानंद**– क्या आप खुश हैं?
**विराट कोहली**– हां ठीक हूं।
संत प्रेमानंद– हां ठीक ही रहना चाहिए। हम आपको अपने प्रभु का विधान बताते हैं। जब प्रभु किसी पर कृपा करते हैं, ये वैभव मिलना कृपा नहीं है, ये पुण्य है। पुण्य से एक घोर पापी को भी वैभव मिलता है। ये वैभव बढ़ना या यश बढ़ना भगवान की कृपा नहीं मानी जाती है। भगवान की कृपा मानी जाती है अंदर का चिंतन बदलना। जिससे आपके अनंत जन्मों के संस्कार भस्म होकर और अगला जो है वो बड़ा उत्तम होगा। अंदर की चिंतन से होता है बाहर से कुछ नहीं होता है। अंदर का चिंतन हमलोगों का स्वभाव बन गया बैरमुखी। बैरमुखी मतलब बाहर। बाहर यानी यश, कीर्ति, लाभ, विजय, इससे हमें सुख मिलता है। अंदर से कोई मतलब नहीं रखता कोई। अब क्या होता है जब भगवान कृपा करते हैं तो संत समागम देते हैं। दूसरी बार जब कृपा होती है तो विपरीतता देते हैं और फिर अंदर से एक रास्ता देते हैं। ये परम शांति का रास्ता है। भगवान शांति का रास्ता देते हैं और जीव को अपने पास बुला लेते हैं। बिना प्रतिकूलता के संसार का राग नष्ट नहीं होता। किसी को वैराग्य होता है तो संसार की प्रतिकूलता देखकर वैराग्य होता है। सबकुछ हमारे अनुकूल है तो हम आनंदित होकर उसका भोग करते हैं, जब हमारे ऊपर प्रतिकूलता आती है तब हमें ठेस पहुंचती है कि इतना झूठा संसार। इसके बाद अंदर से भगवान रास्ता देते हैं कि ये सही है। बिना प्रतिकूलता के इस संसार को छुड़ाने की कोई औषधि नहीं रखी। आज तक जितने बड़े महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन बदला है, उनका जीवन प्रतिकूलता का दर्शन करके बदला है। तो कभी प्रतिकूलता आए तो उस समय आनंदित होकर समझें कि अब मेरे ऊपर भगवान की कृपा हो रही है। मुझे सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिल रही है। अपना सुधार कर लो, अपने जीवन को सत्य में ले आओ तो अगला जो होगा वो बहुत जोर का होगा। अगर इस जन्म में भगवत की प्राप्ति नहीं हुई, तो भगवान श्रीकृष्णा ने गीता में कहा है– भक्त का नाश नहीं होता। मैं कुलवान, धनवान के कुल में जन्म देता हूं और फिर पुनः भक्ति का माहौल देता हूं, पूर्व का जो भजन छूटा हुआ है, वहीं से उसको ऊपर उठाता हूं। बिल्कुल ऐसे रहो जैसे रह रहे हो, बिल्कुल संसारिक बनकर रहो, लेकिन कोशिश करें कि अंदर का चिंतन आपका बदल जाए। अंदर के चिंतन में धन बढ़ाने की भावना न रह जाए। अंदर के चिंतन में रहे– प्रभु बहुत जन्म व्यतीत हो गए, अब एक बार आपसे मिलना चाहते हैं। मुझे अब बस आप चाहिए, संसार नहीं। तो इससे बात बन जाएगी। इसलिए आनंदपूर्वक भगवान के नाम का जप करो, बिल्कुल चिंता मत करो।

## अनुष्का शर्मा : बाबा क्या नाम जप से हो जाएगा?

संत प्रेमानंद– पूरा। ये हम अपने जीवन का अनुभव बताते हैं। सांखयोग, अष्टांगयोग, कर्मयोग और भक्तियोग, चारों योगों में प्रवेश रहा है। स्वयं भगवान शंकर से बढ़कर तो कोई ज्ञानी नहीं है। सनकादि से बढ़कर कोई ज्ञानी नहीं है। सनकादि 'हरिशरणम, हरिशरणम' हमेशा जपते रहते हैं। भगवान शिव राम राम राम राम जपते रहते हैं। हम वृंदावनवासी प्रिया प्रितम के उपासी राधा राधा जपते हैं। जो राम में रा है और जो धा है वो रस देने वाली वस्तु है। हमारी तार्किक बुद्धि रही है श्रद्धालु बुद्धि नहीं रही है। तो अगर आप राधा राधा जपते हो तो इसी जन्म में भगवत की प्राप्ति होगी। हमारी आखिरी सांस अगर राधा कहती है तो सीधे श्री जी की प्राप्ति, भगवान की प्राप्ति हो जाएगी। इसमें कोई संशय नहीं और किसी साधन की कोई आवश्यकता नहीं। अगर आप राधा लिख रहे हो तो मन भागेगा नहीं। तो चाहे 10 बार लिखो या 100 बार लिखो, लेकिन एक अभ्यास बनाओ। कुछ समय शांति से स्नान आदि करके राधा-राधा लिखें और फिर उसी का चिंतन भी करें। इसे अपना जीवन बना लें फिर आप परिणाम खुद देख लेना। कोई घाटे का सौदा तो है नहीं। ठीक है।
इसके बाद विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद के आगे शीश झुका के उन्हें प्रणाम किया। फिर वहां अनुष्का और विराट को संतों ने चुनरी ओढ़ाई। संत प्रेमानंद ने कहा खूब आनंदित रहो और भगवान का नाम जप करते रहो।

# रोहित-कोहली के इस तरह टेस्ट से संन्यास लेने से खुश नहीं कुंबले

### बोले- उचित विदाई दी जानी चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार खिलाड़ी उचित विदाई के हकदार हैं। रोहित और कोहली ने पांच दिनों के अंदर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया जिससे इंग्लैंड दौरे से पहले भारत को दोहरा झटका लगा है। कुंबले ने इन दोनों दिग्गजों के इस तरह विदाई लेने पर हैरानी जताई और कहा कि रोहित-कोहली को इस प्रारूप से उचित तरीके से विदाई देनी चाहिए थी।

### कुंबले बोले- प्रशंसक समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं


कुंबले ने बीसीसीआई से इस मामले में संज्ञान लेकर रोहित और कोहली को उचित विदाई देने की मांग की। कुंबले ने कहा, अभी कुछ दिन पहले रोहित शर्मा और फिर विराट कोहली। मुझे लगता है कि दोनों ही खिलाड़ी मैदान पर एक उचित विदाई के हकदार थे। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो लोग इन चीजों को देखते हैं, उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। मुझे पता है कि यह सोशल मीडिया का युग है। प्रशंसक उस समारोह का हिस्सा होना चाहते हैं, वहां बहुत सारे प्रशंसक होते और जोरदार विदाई होती।

### इंग्लैंड दौरे को लेकर चिंता व्यक्त की

इसके अलावा, कुंबले ने आगामी इंग्लैंड दौरे को लेकर भी चिंता व्यक्त की क्योंकि रोहित और कोहली ने टीम में एक बड़ा अंतर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा, रोहित ने संन्यास ले लिया है, वह कुछ समय तक कप्तान रहे थे और विराट शायद भारत के सबसे सफल कप्तान हैं और आप चाहते होंगे कि उनमें से कोई एक खिलाड़ी टीम में रहे। इंग्लैंड में मुकाबला कठिन होने वाला है, यह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज है। मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं को भी यह बात हैरान कर गई होगी। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता उन्हें टीम में शामिल करने के बारे में सोच रहे होंगे।

भारतीय टीम अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके साथ ही टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। रोहित के संन्यास लेने के बाद भारत नए टेस्ट कप्तान की अगुआई में उतरेगा। रोहित और कोहली के बाद भारतीय टीम में अधिक अनुभवी खिलाड़ी नहीं होंगे और भारत को इंग्लैंड की चुनौती का सामना करना होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली, उनसे भिड़ने वाली महिला पत्रकार ने संन्यास के बाद दी शुभकामनाएं

**सिडनी (एजेंसी)।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिये इस प्रारूप को अलविदा कहा। कोहली ने दुनिया के हर कोने में रन बनाए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से उनकी प्रतिद्वंद्विता खास रही है। खासतौर पर कोहली ने ऑस्ट्रेलिया जाकर खूब रन बनाए हैं। यही वजह है कि जब भी वहां कोई सीरीज होती है तो ऑस्ट्रेलियाई मीडिया कोहली के नाम से प्रचार प्रसार करती है। वहां की मीडिया उनकी खूब तारीफ भी करती है। अब उनके टेस्ट से संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया के सभी अखबारों ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। इतना ही नहीं, जिस महिला पत्रकार से वह मेलबर्न एयरपोर्ट पर तस्वीर को लेकर भिड़े थे, उस पत्रकार ने खुद पोस्ट कर कोहली को शुभकामना संदेश दिया है।

**ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए कोहली** – भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन से महानता हासिल की है और अब वह सफेद जर्सी पहनकर उनके गेंदबाजों को परेशान नहीं कर पाएंगे। इसकी खुशी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया को जरूर होगी। सोमवार को कोहली ने अपने शानदार टेस्ट करियर से अलविदा कहा तो ऑस्ट्रेलिया के मुख्य अखबार 'दैनिक सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने इस भारतीय आइकन के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कोहली का अविश्वसनीय बल्लेबाजी कौशल और मैदान पर तीखे तेवर का संयोजन आकर्षित करता था जिससे कईयो को उसमें अपनी झलक दिखती।

**ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों को कोहली की प्रतिद्वंद्विता पसंद** – अखबार ने लिखा, कोहली की ऑस्ट्रेलिया में पहली सीरीज 2011-12 में थी जिसमें माइकल क्लार्क की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन एकतरफा रहा। 4-0 के स्कोरलाइन के बावजूद कोहली ने कई समकालीनों की तुलना में अधिक निडरता दिखाई और एडिलेड में शतक के साथ इसका समापन किया। एससीजी दर्शकों को अंगुली दिखाने के लिए उनकी आलोचना भी हुई। यह ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के साथ लड़ाई की शुरुआत थी जो इस साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उनके अंतिम दिन समाप्त हुई जब उन्होंने उसी भीड़ को 'सैंडपेपर' का इशारा किया।'

**ऐतिहासिक जीत की भी याद दिलाई** – 'ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन' (एबीसी) ने भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनके सफल कार्यकाल पर प्रकाश डाला जिसमें ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक सीरीज जीत भी शामिल है। एबीसी ने लिखा, उनके टेस्ट करियर को 2014 से 2022 के बीच कप्तान के रूप में उनके कार्यकाल के लिए भी याद किया जाएगा जिसमें उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में से 40 में जीत दिलाई और इस प्रारूप में देश के सबसे सफल कप्तान बने तथा दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (53) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) के बाद जीत के मामले में चौथे स्थान पर रहे।न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू में छपी खबर का शीर्षक विराट कोहली ने संन्यास की घोषणा करके 1.4 अरब दिलों को तोड़ दिया रहा। वहीं फॉक्स स्पोर्ट्स ने लिखा कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति से भारतीय बल्लेबाजी लाइन अप में खालीपन आ जएगा।

**महिला पत्रकार ने भी कोहली को दी बधाई** – भारत के हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली मेलबर्न एयरपोर्ट पर महिला पत्रकार नैट योआनिडिस से भिड़ गए थे। ऑस्ट्रेलिआई पत्रकार कोहली की इजाजत के बिना उनके बच्चों की तस्वीर लेने की कोशिश कर रहे थे। कोहली अपने निजी जीवन को सुर्खियों से दूर रखना पसंद करते हैं। यही वजह है कि वह कई बार पत्रकारों को बच्चों वामिका और अकाय से दूर रहने के लिए कह चुके हैं। मेलबर्न में पत्रकारों को तस्वीर लेते देख वह भड़क गए थे। अब नैट ने इंस्टाग्राम स्टोरी में उनके साथ उसी विवाद की तस्वीर साझा की है। इसके कैप्शन में लिखा- विराट, एक बेहतरीन टेस्ट करियर के लिए आपको बधाई।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित, एनगिडी की हुई वापसी

**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित हो गई है। इस खिताबी मैच के लिए टीम में तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की वापसी हुई है जो ग्रोइन चोट के कारण पिछले कुछ समय से बाहर चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।



**बावुमा की अगुआई में उतरेगी टीम** – दक्षिण अफ्रीका की टीम तेंबा बावुमा की अगुआई में डब्ल्यूटीसी के फाइनल में खेलने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इस आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। दक्षिण अफ्रीका की टीम डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में 69.44 पीसीटी के साथ पहले स्थान पर रही थी। इस मुकाबले को देखते हुए एनगिडी का फिट होना दक्षिण अफ्रीका के लिए राहत की खबर है।

**मफाका-ब्रिट्ज्के नहीं बना सके जगह** – दक्षिण अफ्रीका ने अपनी नियमित टीम पर भरोसा जताया है और पाकिस्तान के खिलाफ 16 सदस्यीय टीम में से सिर्फ दो ही बदलाव किए हैं। युवा क्वेना मफाका को बाहर किया गया है, जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रिट्ज्के भी टीम में जगह नहीं बना सके हैं। टोनी डि जॉर्जी, रियान रिक्लेटन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम में होंगे। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। वेरेने विकेट के पीछे जिम्मेदारी निभाएंगे, जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर और मार्को यानसेन भी बल्लेबाजी से योगदान देंगे।

गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी वियान मुल्डर और मार्को यानसेन के साथ-साथ कगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पाटेरसन और कॉर्बिन बॉश पर होगी। वहीं, स्पिन विभाग में केशव महाराज और सेनुरन मुथुसामी का विकल्प भी मौजूद होगा। मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि टीम में इंग्लिश परिस्थितियों को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह के प्रयास किए गए हैं। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने भी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अपनी टीम घोषित कर दी थी।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है...**
तेंबा बावुमा (कप्तान), टोनी डि जॉर्जी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को यानसेन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरेने, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रियान रिक्लेटन, सेनुरन मुथुसामी, डेन पाटेरसन।

# एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने से गुस्साई चमारी अटापट्टू ने की ओछी हरकत, आईसीसी ने ठोका जुर्माना

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए।



यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्ट पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और डेडुनू डी सिल्वा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर निमाली परेरा ने अटापट्टू पर आरोप लगाए थे। अटापट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस लिये इस पर और सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

### कोहली के संन्यास के बाद बोले पुजारा

# नंबर 4 के लिए सही खिलाड़ी खोजने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ की हड्डी रहे चेतेश्वर पुजारा का मानना ??है कि नंबर चार की बल्लेबाजी की स्थिति महत्वपूर्ण है और यही वह स्थान है जहां आप अपना शीर्ष बल्लेबाज चाहते हैं। पुजारा का मानना ??है कि भारतीय टीम को उस स्थान के लिए सही खिलाड़ी का पता लगाने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत है, क्योंकि विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत के सामने एक सवाल खड़ा हो गया है कि उनका अगला नंबर 4 कौन होगा। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद से 115 टेस्ट मैचों में से 99 में नंबर 4 पर बल्लेबाजी की है।



पुजारा ने मंगलवार को ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, हमें यह पता लगाने के लिए कुछ सीरीज की जरूरत होगी कि नंबर 4 पर बल्लेबाजी के लिए कौन सबसे उपयुक्त है, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण स्थान है। आपको नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की जरूरत होती है। इस समय, मुझे लगता है कि यह अभी भी एक ऐसा स्थान है जहां टीम प्रबंधन को यह पता लगाना होगा कि नंबर 4 पर सबसे उपयुक्त खिलाड़ी कौन है उन्होंने कहा, बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बना रहे हैं, इस स्तर पर किसी के पास सुरक्षित स्थान नहीं है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें कुछ समय लगेगा।

पुजारा का यह भी मानना ????था कि यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इंग्लैंड में कौन अच्छा प्रदर्शन करता है, और उन्हें लगता है कि इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करने वाला कोई व्यक्ति नंबर 4 स्थान पर हो सकता है। पुजारा ने कहा, अभी कोई निर्णय लेना जल्दबाजी होगी, लेकिन यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इंग्लैंड में कौन अच्छा प्रदर्शन करता है क्योंकि इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करने वाला कोई व्यक्ति नंबर 4 स्थान पर हो सकता है।

कोहली और रोहित शर्मा के बिना भारत का पहला काम जून में इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज खेलना है, जो नए आईसीसीके नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत भी होगी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारतीय चयनकर्ताओं के लिए शीर्ष क्रम में उनके लिए सही फिट खोजना एक चुनौती होगी।८

# स्मृति मंधाना को मिला दमदार प्रदर्शन का फायदा, छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंचीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को त्रिकोणीय सीरीज में दमदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। वह एक स्थान की छलांग लगाकर आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गईं। श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई इस सीरीज में भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। फाइनल मुकाबले में भारत ने मंधाना की शतकीय पारी की बदौलत श्रीलंका को 97 रन से हराया था। अब उन्हें इस प्रदर्शन का लाभ मिला है।



**11वें वनडे शतक के साथ मंधाना ने ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा** – इस सीरीज के फाइनल मुकाबले में 28 वर्षीय बल्लेबाज ने 116 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। इस दौरान उनके बल्ले से 15 चौके और दो छक्के निकले। अपने करियर के 11वें शतक के साथ मंधाना ने बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। वह सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज बन गईं। इस मामले में वह इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट से आगे निकल गईं, जिन्होंने इस प्रारूप में 10 शतक लगाए हैं।

**दूसरे स्थान पर पहुंची मंधाना** – इसी के साथ मंधाना आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। पहले स्थान पर 738 रेटिंग अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लाउरा वोलवार्ड्ट हैं। मंधाना पहला स्थान हासिल करने से कुछ कदम दूर हैं। उनके खाते में 727 रेटिंग अंक हैं।

# दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे के 6 स्थानों पर होते हैं अधिक हादसे, ट्रैफिक पुलिस की रिपोर्ट में खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे के छह स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। बीते साल 2024 में दुर्घटनाओं के आंकड़ों में 41 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ट्रैफिक पुलिस की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। छह स्थानों पर हादसे होने का मुख्य कारण की जांच में सामने आया है कि भारी वाहन पीछे से वाहनों में टक्कर मारते हैं। मुख्य रूप से ज्यादातर दुर्घटनाएं ऐसे ही होती हैं।

ट्रैफिक पुलिस ने ऐस हादसों में कमी लाने के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। हाईवे पर साइनेज बोर्ड लगाने के साथ-साथ गूगल मैप में भी वाहन चालकों को दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र होने के बारे में अलर्ट मिलेगा, ताकि यहां पर दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस के द्वारा भी अब सख्ती बरती जाएगी, जिससे हादसे न हों।

**ये हैं हादसे वाले स्थान :** रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-जयपुर हाईवे पर छह स्थान सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। इनमें 32 एवेन्यू प्रवेश, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, खेड़की दौला चौक, आईएमटी मानेसर और बिलासपुर चौक शामिल हैं। इन छह स्थानों पर साल 2023 में 108 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं और इनमें 45 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, साल 2024 में 184 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं और उनमें 99 लोगों की मौत हुई थी। साल 2023 के मुकाबले साल 2024 में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 41.30 फीसदी दुर्घटनाओं के आंकड़ों में बढ़ोतरी हुई। वहीं, साल 2023 के मुकाबले साल 2024 में मौत के आंकड़ों में 54.54 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चिंता जाहिर करते हुए दुर्घटनाओं और मौत के आंकड़ों को कम करने के लिए योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही योजना तैयार होने के बाद उस पर काम भी शुरू हो जाएगा। बता दें कि अप्रैल महीने में जिला टास्क फोर्स की बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी और मई माह में होने वाली बैठक में एक्शन टेकन रिपोर्ट भी संबंधित विभाग की तरफ से पेश की जाएगी।

**बैठक में कार्रवाई के दिए गए निर्देश :** हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उपायुक्त अजय कुमार की तरफ से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ अन्य विभाग को भी सख्त कार्रवाई करने को कहां गया है। मई माह में होने वाली बैठक में ट्रैफिक पुलिस और अन्य विभागों के द्वारा की गई कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पेश करेंगे।

**दोपहिया चालकों के होते हैं सबसे ज्यादा हादसे :** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में हर साल 800 से ज्यादा सड़क हादसे होते हैं। इनमें 400 से ज्यादा लोगों की मौतें होती हैं। सबसे ज्यादा जान दोपहिया वाहन चालकों की जाती हैं। इसके बाद साइकिल सवार और कार में सवार लोगों को जान गंवानी पड़ती है। हादसों का मुख्य कारण है तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने के साथ पीछे से टक्कर मारना।

**हादसे कम करने का प्रयास जारी :** ट्रैफिक पुलिस हाईवे पर होने वाले हादसों को कम करने के लिए प्रयास कर रही है। हाईवे पर सबसे ज्यादा जिन स्थानों पर हादसे होते हैं, वहां पर साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि वाहन चालक उन चौक से संभल कर निकले। इसके अलावा लेन में नहीं चलने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ.राजेश कुमार मोहन, डीसीपी ट्रैफिक, हादसे कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। एनएचएआई को भी पत्र लिखकर हादसे वाले स्थानों पर वाहन चालकों को अलर्ट करने के लिए बोर्ड लगाने के लिए पत्र लिखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर ठगी, दिल्ली की टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी समेत 3 पर केस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर ठगी का एक और मामला सामने आया है। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आए तीर्थ यात्रियों ने दिल्ली की टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। केदारनाथ यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर ठगी के मामले में तीन लोगों और एक कंपनी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, केदारनाथ धाम की यात्रा पर आए आंध्रप्रदेश के रहने वाले पेंटा रत्नाकर ने सोमवार सुबह थाना गुप्तकाशी में शिकायत दी। उनका ग्रुप दिल्ली की सहारा टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी के जरिये चारधाम यात्रा पर आया है। यात्रा पैकेज में केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट के प्रति यात्री 15 हजार रुपये लिए गए। रविवार को वे गंगोत्री से गुप्तकाशी पहुंचे, लेकिन उन्हें हेलीकॉप्टर टिकट नहीं मिला। आरोप है कि ट्रैवल एजेंसी ने टिकट के प्रति व्यक्ति 30-30 हजार और मांगे। उनके ग्रुप में शामिल दो-तीन यात्रियों ने 30-30 हजार रुपये जमा भी कर दिए।

तीर्थ यात्रियों का आरोप है कि इसके बावजूद भी उन्हें हेली टिकट नहीं दिया गया। पुलिस ने मामले में रत्नाकर की तहरीर पर मनीष कुमार निवासी नई दिल्ली, पोटनोरू रामाराव निवासी उड़ीसा और दिल्ली की सहारा टूर एंड ट्रैवल्स कंपनी के मालिक आशीष के अलावा अज्ञात हेली कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बस कंडक्टर को 20 साल बाद दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, 110 रुपये की धोखाधड़ी में हुआ था बर्खास्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हरियाणा रोडवेज के एक बस कंडक्टर को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कंडक्टर के खिलाफ अनुशासनिक व अपीलीय प्राधिकरण के आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए हरियाणा रोडवेज को बर्खास्ती के दौरान कंडक्टर की रोकी गई सैलरी और अन्य भत्तों को तीन माह में देने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि कंडक्टर पर आरोप है कि उसने अलग-अलग यात्रियों से पैसे वसूले, लेकिन टिकट नहीं दिए। यह एक पहलू है। दूसरे नजरिए से देखा जाए, तो कंडक्टर ने 110 रुपये की धोखाधड़ी के एवज में दो दशक तक हरियाणा से दिल्ली तक अपने खिलाफ मुकदमों पर पक्ष रखने में लाखों रुपये खर्च किए हैं।

जस्टिस प्रतीक जालान की बेंच ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि बेशक इस मामले को दोबारा जांच के लिए भेजने का नियम है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट दशकों से चल रहे मामलों को बंद करने का विशेष अधिकार रखते हैं।

बेंच ने इस बाबत दो मामलों का हवाला भी दिया। इन मुकदमों के लंबा खिंचने पर आरोपी को राहत दी गई थी। इस मामले में भी यही सिंद्धात अपनाया जा रहा है। हरियाणा रोडवेज को निर्देश दिया जा रहा है कि उसे वह सभी लाभ दिए जाएं, जो वह सेवा के दौरान प्राप्त करता। कंडक्टर रिटायर हो चुका है। कंडक्टर की हरियाणा रोडवेज में वर्ष 1981 में नियुक्ति हुई थी। घटना के समय वह हरियाणा रोडवेज की तरफ से दिल्ली के बाहरी इलाकों में चल रही बस में कंडक्टर था। इंस्पेक्टरों ने इस कंडक्टर को पांच अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी करते पाया था। पहली बार 4 जनवरी 2006 में उस पर आरोप लगे। इसके बाद चार अन्य बार ऐसे ही आरोप लगे। कंडक्टर पर यात्रियों से कुल 110 रुपये वसूलने के बाद टिकट नहीं देने का आरोप था। इन मामलों की सुनवाई के दौरान अनुशासनात्मक व अपीलीय प्राधिकरण ने कंडक्टर पर लगे धोखाधड़ी और वरिष्ठ अधिकारियों से दुर्व्यवहार के आरोप को सही माना। इसी आधार पर उसे नियुक्ति से लेकर कार्य के दौरान के सभी लाभों से वंचित कर दिया था। साथ ही उसे नौकरी से भी बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने अब कहा है कि जब यह मामले दर्ज किए गए तब तक कंडक्टर 25 साल की नौकरी पूरी कर चुका था। उसके पूर्व के भत्तों को रद्द कर दिया गया था।

## सूरज के तल्ख तेवरों से दिल्ली में तपिश बढ़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में सूरज के तेवर तल्ख होने से एक बार फिर झुलसाने वाली गर्मी बढ़ने लगी है। सोमवार को तेज धूप के चलते बीते तीन दिनों में ही अधिकतम तापमान में लगभग ढाई डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिनभर की धूप के चलते अब मौसम में तेजी से गर्मी बढ़ेगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री के बीच पहुंचने की संभावना है। हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहेगी। दिन में आसमान साफ रहेगा, लेकिन बीच-बीच में हल्के बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

ज्यादातर इलाकों में सोमवार सुबह से ही तेज धूप निकली। मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। आर्द्रता का स्तर 64 से 30 फीसदी तक रहा। मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से दिल्ली की हवा साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 162 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह साफ-सुथरा स्तर बना रहेगा। बता दें कि, सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## मैं चाहती हूं कि... ; मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया दिल्ली को लेकर अपना सपना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को शहर के लिए अपना सपना बताते हुए कहा कि उन्होंने एक विकसित दिल्ली के निर्माण की जिम्मेदारी पूरी करने का ईश्वर से वादा किया है। मयूर विहार फेज एक में उत्तर गुरुवायुरप्पन मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव में भाग लेते हुए गुप्ता ने कहा, 'मैं चाहती हूं कि दिल्ली हर तरह से देश का नंबर एक राज्य बने।'



गुप्ता ने लोगों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार लोगों की है और उनके कल्याण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, 'हम कंधे से कंधा मिलाकर, कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।' उन्होंने समारोह के दौरान श्रद्धालुओं और समुदाय के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने के लिए आभार जताया।

**दिल्ली को देश का नंबर एक राज्य बनाना चाहते हैं- रेखा गुप्ताः** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मंदिर का माहौल उन्हें अन्य दक्षिण भारतीय मंदिरों की याद दिलाता है, जहां वे पहले भी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहने वाले मलयाली समुदाय ने उसी पवित्र और सांस्कृतिक माहौल को सफलतापूर्वक फिर से बनाया है। सीएम ने कहा, मैं यहां के समुदाय को मुझ पर भरोसा करने और मुझे मुख्यमंत्री के रूप में चुनने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने समारोह में लोगों से आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण कराने का भी आग्रह किया और कहा कि स्वास्थ्य योजना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करेगी। इस वार्षिकोत्सव में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पारंपरिक अनुष्ठान, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान उनके साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद थे और दोनों ने मिलकर उत्तर गुरुवायुरप्पन मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

## भारत को कायर बताने पर सनम तेरी कसम की लीड एक्ट्रेस पर भड़के फिल्म मेकर्स, बोले- 1 भी रुपया नहीं देंगे

**कराची, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने पाकिस्तानी कलाकारों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है। इस बीच पाकिस्तान की मशहूर अभिनेत्री मावरा होकेन ने भारत पर बयानबाजी की थी, जो फिल्म सनम तेरी कसम में मुख्य भूमिका में थीं। एक्ट्रेस की बयानबाजी का भारत में विरोध हुआ। मावरा के इस बयान ने फिल्म के मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे का गुस्सा भड़काया था।

**मावरा होकेन का विवादास्पद बयानः** पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा किए गए हवाई हमलों की आलोचना करते हुए इसे कायरतापूर्ण बताया था। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी जनता के दुख को साझा किया था। मावरा के इस ट्वीट ने भारतीय सोशल मीडिया पर बुरी तरह से हलचल मचाई थी और लोग उनसे नाराज हो गए थे। पाकिस्तान में बड़ा खुलासा, 2 करोड़ लोग बोले- भारत से युद्ध हुआ तो नहीं देंगे पाक सेना का साथ पाकिस्तान में बड़ा खुलासा, 2 करोड़ लोग बोले- भारत से युद्ध हुआ तो नहीं देंगे पाक सेना का साथ

**फिल्म मेकर्स का कड़ा रुखः** अब फिल्म मेकर्स राधिका राव और विनय सप्रू ने भी मावरा के बयान की निंदा की है। दोनों ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के कारण भारतीयों की जानें जा रही हैं और पाकिस्तान के कलाकारों की चुप्पी या फिर उनके विवादास्पद बयानों से निराशा हो रही है। उनका यह बयान फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडियन सिने एम्प्लॉइज के उस फैसले से मेल खाता है, जिसमें पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**मेकर्स ने पाक कलाकारों से लिया किनाराः** राधिका राव और विनय सप्रू ने भारतीय सरकार के फैसले का समर्थन किया, जिसमें पाकिस्तानी कलाकारों से दूरी बनाने की बात की गई है। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से अपनी सरकार के फैसले का समर्थन करते हैं। इन कलाकारों को एक भी रुपया नहीं दिया जाना चाहिए। हमें अपनी पहचान, सम्मान और कल्याण से पहले कुछ भी नहीं देखना चाहिए।

**हर्षवर्धन राणे का इमोशनल बयानः** फिल्म के मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने भी एक इमोशनल इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए मावरा के बयानों पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि जब उन्हें यह खबर मिली कि उनकी फिल्म के अगले सीक्वल में मावरा होकेन को फिर से लिया जा सकता है, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कह दिया कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं बनेंगे। हालांकि मैं इस फिल्म के अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन अब जब मेरी मातृभूमि के खिलाफ बयानबाजी की जा रही है, तो मैंने यह फैसला लिया है कि अगर मावरा इस फिल्म का हिस्सा होंगी, तो मैं सनम तेरी कसम 2 का हिस्सा नहीं बनूंगा।

**पाकिस्तानी कलाकारों पर भारतीय रुख में बदलावः** भारत सरकार और फिल्म इंडस्ट्री में बढ़ते इस रुख से यह साफ है कि सीमा पार आतंकवाद और पाकिस्तानी कलाकारों के बयानबाजी के चलते फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव आ रहा है।


## बीएलए ने तोड़ी पाक आर्मी की कमर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बलूचिस्तान में पाकिस्तान की सेना के खिलाफ एक बार फिर बलूच लिबरेशन आर्मी ने बड़ा हमला करने का दावा किया है। संगठन ने कहा है कि उसने 'ऑपरेशन हेरोफ़' के तहत पाकिस्तानी सेना के 51 सैन्य ठिकानों पर कुल 71 हमले किए हैं। इन हमलों में ढ्डश्वष्ठ विस्फोट, टारगेट किलिंग, चौकियों पर कब्जा और खुफिया केंद्रों पर हमले शामिल हैं। बीएलए ने इस पूरे ऑपरेशन को दक्षिण एशिया में नई व्यवस्था की शुरुआत बताया है और खुद को क्षेत्र का एक निर्णायक पक्ष घोषित किया है। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलोच ने बयान में कहा बीएलए न तो किसी विदेशी एजेंसी की कठपुतली है और न मूक दर्शक। हम बलूच राष्ट्र के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। ऑपरेशन हेरोफ पाकिस्तान की सैन्य मौजूदगी के खिलाफ एक व्यावहारिक और रणनीतिक कदम है।बीएलए के मुताबिक, हमले बलूचिस्तान के इन जिलों में हुए उनमें केच, पंजगुर, मस्तुंग, क्वेटा और नुश्की प्रमुख तौर पर शामिल हैं।इन इलाकों में सेना की पेट्रोलिंग यूनिट्स पर घात लगाकर हमले किए गए, वहीं कुछ जगहों पर सैन्य चौकियों को कब्ज़े में भी लिया गया। बीएलए ने भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि पाकिस्तान को आतंकवाद फैलाने वाला देश घोषित किया जाए और उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। अगर पाकिस्तान को यूं ही खुला छोड़ा गया तो यह वैश्विक शांति के लिए खतरा बन जाएगा।पाकिस्तानी सेना की ओर से अभी तक बीएलए के इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि हाल के महीनों में बलूचिस्तान में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों पर लगातार हमले होते रहे हैं।

# पाकिस्तानी फर्म से अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी ने पार्टनरशिप खत्म की

## पहलगाम आतंकी हमले के दस दिन पहले सैटेलाइट इमेज के ऑर्डर मिले थे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले से पहले इस इलाके की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई थीं। अमेरिका की स्पेस टेक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस को पहलगाम और उसके आस-पास के इलाकों की हाई- रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरें देने के लिए बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिले थे। द प्रिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 से 22 फरवरी 2025 के बीच, मैक्सार टेक्नोलॉजीस को कम से कम 12 ऑर्डर मिले। यह सामान्य संख्या से दुगुना था। इस कंपनी के ग्राहकों में पाकिस्तान की बिजनेस सिस्टम्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल थी। इस कंपनी का नाम अमेरिका में हुए संघीय अपराधों से जुड़ा हुआ है। अब मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने ब्क्स्ढ्ढ से अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है। हालांकि, रिपोर्ट के




अनुसार डेटा से यह स्पष्ट नहीं है कि पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के ऑर्डर ब्क्स्ढ्ढ ने दिए थे या नहीं। पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के लिए ऑर्डर जून 2024 से ही आने लगे थे। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कशमीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिलें। हर एक सैटेलाइट तस्वीर की कीमत 3 लाख रुपए से शुरू होती है और रेजोल्यूशन के अनुसार इनकी कीमत बढ़ती जाती है।

**पहलगाम हमले से दस दिन पहले एक ऑर्डर मिला थाः** अब तक यह साफ नहीं है कि ये तस्वीरें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमलों की प्लानिंग में इस्तेमाल हुईं या नहीं, लेकिन भारत मैक्सर से यह जांच कराने को कह सकता है कि ये तस्वीरें किसने और क्यों मंगवाई थी। फरवरी 2025 में पहलगाम की सैटेलाइट इमेज के सैटेलाइट फ्रीक्वेंसी रेंज से ऑर्डर की संख्या सबसे ज्यादा रही। 12, 15, 18, 21 और 22 फरवरी को इमेज खरीदे गए। मार्च में कोई ऑर्डर नहीं आया। इसके बाद 12 अप्रैल को, हमले से ठीक दस दिन पहले एक ऑर्डर मिला। इसके बाद 24 और 29 अप्रैल को भी इमेज के लिए दो ऑर्डर आए। उसके बाद से कोई नया ऑर्डर नहीं दिया गया।

### मैक्सार टेक्नोलॉजीस भारत की कई सरकारी एजेंसियों से जुड़ी है

मैक्सार टेक्नोलॉजीस अपने बेहतर सैटेलाइट इमेज के लिए जानी जाती है। यह 30ष्द्व से लेकर 15ष्द्व तक की पिक्सेल रेजोल्यूशन वाली हाई-डेफिनिशन इमेज देती हैं। भारत में रक्षा मंत्रालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन सहित कई सरकारी एजेंसियां मैक्सर से जुड़ी हैं। कम से कम 11 भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप और कंपनियां मैक्सार टेक्नोलॉजीस की कस्टमर और पार्टनर है। इन हाई-रेजोल्यूशन इमेज का इस्तेमाल आमतौर पर सेना संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए करती है। इसके अलावा हथियारों की तैनाती और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की निगरानी, घुसपैठ और तस्करी को रोकने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

### बीएसआई के मालिक ओबैदुल्लाह सईद को एक साल की सजा हुई थी

अमेरिकी अधिकारियों ने इससे पहले बीएसआई के मालिक ओबैदुल्लाह सईद पर अमेरिका से पाकिस्तान एटॉमिक एनर्जी कमीशन को हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटर इक्विपमेंट और सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन समाधान अवैध रूप से देने का आरोप लगाया था। यह एजेंसी विस्फोटक और परमाणु हथियारों के पुर्जे डिजाइन करने के साथ उनका टेस्ट करती है। साथ ही ठोस ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइलें भी विकसित करती है। मामले में ओबैदुल्लाह को एक साल की सजा हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी कार्यकर्ता बार्डर पर जाने को इच्छुक

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए जमशेदपुर के 200 कांग्रेसी कार्यकताओं ने मंगलवार को सीमा पर जाने का एलान किया है। इन कार्यकताओं का कहना है कि वह सीमा पर जा कर सिविल डिफेंस का काम करेंगे। सेना की मदद करेंगे और जनता की सेवा करेंगे। इसके लिए 3 बजे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता डीसी अनन्य मित्तल से मिले और उनसे मांग की कि जिला प्रशासन इन जवानों को भारत-पाकिस्तान की सीमा पर भेजने का अवसर दे। जिला कांग्रेस ने प्रशासन से अपील की है कि कांग्रेस के 200 से अधिक अनुशासित व समर्पित कार्यकताओं को सीमावर्ती जिलों में जनसेवा के लिए सिविल डिफेंस के काम के लिए सीमा पर जाना चाहते हैं। आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में आम जनमानस के बीच सुरक्षा, जागरूकता और आपदा-प्रबंधन जैसे विषय अत्यधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।

### कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी छात्र छात्राओं की दी बधाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के छोटे पुत्र यशवर्धन ने 10 वीं में 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। श्री ठाकुर के परिवार में खुशी का माहौल है। यशवर्धन आगे आट्र्स की पढ़ाई कर वकालत करना चाहते हैं। यशवर्धन का कहना है कि परीक्षा आने के दो-तीन महीने पहले से सात आठ घंटे की पढ़ाई कर इस मुकाम को हासिल किया है। यशवर्धन का कहना है कि वह रात में पढ़ाई करता था और दिन में सोने का काम करता था। परीक्षा के दौरान घर का माहौल सभी का एक जैसा होता है घर वालों की अच्छी बातों को मैंने आत्मसात किया और इस सफलता को हासिल किया। पुत्र की इस सफलता में पिता राजेश ठाकुर और मां पूजा ठाकुर ने कहा कि बेटे ने काफी मेहनत की थी जिसका उसे परिणाम मिला है। जितने भी बच्चों ने 10वीं और 12वीं का एग्जाम दिया था सभी ने अच्छा किया है जो लोग अच्छा किए हैं उनको भी और जिन्होंने अच्छा करने का प्रयास किया है। उन्हें भी बधाई क्योंकि यह शुरूआत है और जो इमानदारी के साथ प्रयास करेगा वह जरुर सफल होगा।



### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से लोहरदगा में हर्ष

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर बड़ी करवाई करते हुए पहलगाम आतंकी हमला का बदला पाकिस्तान से लेने पर लोहरदगा मे हर्ष का माहौल है।. पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक होने से देश के लोग काफी उत्साहित हैं और भारतीय सेना का आभार जाता रहे हैं.जगह जगह कार्यक्रम का आयोजन कर सेना के शौर्य की तारीफ कर रहे हैं. लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी पाकिस्तान में हुए एयर स्ट्राइक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने हुए कहा कि वे और उनकी पार्टी आतंकवाद के खिलाफ है और आतंकवाद के खिलाफ वो हमेशा से भारत सरकार और सेना के साथ है.ये एयर स्ट्राइक भारत का शक्ति प्रदर्शन है . उन्होंने कहा कि हमे सिर्फ आतंकी को खत्म नहीं करना है बल्कि आतंकवाद को खत्म करना है.

# सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के रूप में ज्यादा से ज्यादा कराएं पंजीकरण : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने ऐच्छिक सेवा के लिए इच्छुक युवाओं से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के रूप में पंजीकरण कराने की अपील की है। इसी क्रम में बोकारो जिले में भी सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स का पंजीकरण किया जाना है। इसके लिए युवाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकृत युवाओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन युवाओं का उपयोग आपदा के समय भीड़ नियंत्रण, पुलिस और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों के सहयोग के लिए किया जाएगा। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने जिले के 18 से 45 वर्ष के युवाओं को सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के रूप में ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण करने के लिए अपील किया है। युवा स्वयं पोर्टल माई भारत पोर्टल पर जाकर निबंधन कर सकते हैं अथवा अपने-अपने अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर थ्री (डी) क्वाटर संख्या 37 स्थित सिविल डिफेंस कार्यालय, डिविजनल वार्डन डा. एस.पी. वर्मा (9334032132), सहायक एम. एम. झा (8877661202) एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार (7979066400) से संपर्क कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

**इस पहल का क्या है उद्देश्यः**

इस पहल का उद्देश्य एक प्रशिक्षित, सजग और उत्तरदायी वॉलंटियर्स बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अनपेक्षित घटनाओं के दौरान जिला/स्थानीय प्रशासन का सहयोग कर सके। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण तीन दिनों के लिए फुल टाइम होगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद वॉलंटियर्स को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। वॉलंटियर्स का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है।

## जमशेदपुर सदर अस्पताल को मिली अत्याधुनिक एंबुलेंस

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर सदर अस्पताल को पांच आईसीयू युक्त अत्याधुनिक एंबुलेंस मिली है। शिक्षा मंत्री ने उद्घाटन किया। सदर अस्पताल को आज पांच नई आईसीयू युक्त एंबुलेंस प्राप्त हुई, जिनका उद्घाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इन एंबुलेंसों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ-साथ कुशल ड्राइवरों की भी व्यवस्था की गई है। जिससे गंभीर मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित रूप से शिफ्ट करना आसान होगा। इन सेवाओं से विशेष रूप से उन मरीजों को राहत मिलेगी, जो आर्थिक तंगी के कारण महंगे प्राइवेट एंबुलेंस का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। इस सुविधा से पूरे जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उपायुक्त अनन्य मित्तल, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू, जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय, पोटका विधायक संजीव सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू और उपाध्यक्ष पंकज सिंहा एवं सिविल सर्जन साहिर पॉल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# किरायेदार ने ही की थी मकान मालिक की हत्या



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्र के कोऑपरेटिव सोसाइटी, प्लॉट नंबर 192 ए में स्थित एक मकान में 11 मई को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। पुलिस ने उस मामले का खुलासा हो गया है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि 85 वर्षीय मकान मालिक कालिका राय की हत्या उनके ही किरायेदार द्वारा लोढ़ा से सर कुचलकर कर दी गई थी। बताया गया कि हत्या किराएदार 60 वर्षीय रूणा देवी ने की है। आरोपी के अनुसार आर्थिक तंगी के कारण वह कई महीनों से किराया नहीं दे पाई थी। इसका फायदा उठाकर कालिका राय अपने कमरे में बुलाकर महिला के साथ छेड़छाड़ और गलत हरकत किया करते थे। रूना देवी सड़क किनारे फुटपाथ पर होटल चलती थी। 10 मई की रात को कालिका राय ने होटल से मछली लाने को कहा था। जब वह मछली लेकर कमरे में पहुंची तो महिला के साथ कालिका राय के द्वारा छेड़छाड़ किया जाने लगा। गुस्से में महिला ने मसाला पीसने वाले लोढ़ा से मार कर हत्या कर दी। घर में ताला लगाकर अपने कमरे में चली गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से घर के चाबी का गुच्छा मसाला पीसने वाला लोढ़ा और खून लगा नाइटी भी बरामद किया है। आरोपी महिला ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य ने किया सरना स्थल का निरीक्षण

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने रांची के सिरम टोली फ्लाई ओवर रैंप विवाद से जुड़े मुद्दे पर संज्ञान लिया है। इस संबंध में आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने आज सिरम टोली सरना स्थल का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से इस मुद्दे पर बातचीत की। इस संबंध में आयोग की सदस्य आशा लकड़ा और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई। सरना स्थल पर पत्रकारों से बातचीत में आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि यह काफी गंभीर मुद्दा है। आने वाले दो-तीन दिनों में इस मुद्दे पर राज्य सरकार से बातचीत होगी। आशा लकड़ा ने कहा कि सामान्य दिन में जब लोगों को सरना स्थल आने-जाने में रैंप की वजह से दिक्कत हो रही है। ऐसे में सरहुल के दौरान बड़ी संख्या में लोग कैसे जुलूस में शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि सरना स्थल के समीप इस तरह से रैंप का निर्माण करके आदिवासी संस्कृति पर कुठाराघात किया गया है। उन्होंने कहा कि रैंप निर्माण में जानबूझकर और दबाव डालकर गलती की गई है। उन्होंने कहा की जानकारी के अनुसार फ्लाई ओवर रैंप निर्माण के प्लानिंग के दौरान स्थानीय लोगों से सुझाव भी नहीं लिया गया है। मौके पर राज्य की पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव और बीजेपी की आरती कुजूर समेत बड़ी संख्या में सरना समाज के लोग और स्थानीय लोग मौजूद थे। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग कि सदस्य को अपने बीच पाकर लोगों ने भी रैंप विवाद से जुड़े सभी पहलुओं को विस्तार से सबके सामने रखा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्रों का प्रदर्शन शत प्रतिशत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी के भैया-बहनों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दशम के परीक्षा परिणाम में पवन ठाकुर 96% के साथ प्रथम पारी सिंह 93.4% के साथ द्वितीय एवं शिवम कुमार 92.6 % के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं द्वादश के विज्ञान संकाय में अंशिका रानी 89.8% अंकों के साथ प्रथम, आकांक्षा कुमारी 86.2% अंकों के साथ द्वितीय एवं अनिरुद्ध राज 84.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में अंकित कुमार 91.2% अंकों के साथ प्रथम, तरुण कुमार 71.6% अंकों के साथ द्वितीय एवं सुहाना कुमारी 66.8% अंकों के तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सदस्यों ने सभी भैया-बहनों के सफलतम परीक्षा परिणाम हेतु शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कामत एवं परीक्षा प्रमुख हेमंत मंडल ने संयुक्त रूप से भैया बहनों का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहने पर उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की तथा इसी प्रकार जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। पूरा विद्यालय परिवार सभी के उज्वल भविष्य की कामना करता है।




### सीबीएसई 12 वीं साइंस की लोहरदगा जिला टॉपर बनी मैकेनिक की बेटी

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट देश भर में जारी हो गया जिसके बाद लोहरदगा जिले में फिर एक बार परवेज परिवार की बेटी ने जिले में अपना परचम लहराया है। लोहरदगा जिले के राहत नगर निवासी गैरेज मैकेनिक परवेज आलम एवं ग्रहणी शहनाज परवेज की पुत्री जीकरा परवेज सीबीएसई साइंस 12वीं में 93.02% अंक लाकर पूरे जिले भर की टॉपर बन गई है।

आपको बता दे की दसवीं की परीक्षा में जीकरा परवेज अच्छे अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया था वही कुछ दिन पहले ही इससे 10वीं बोर्ड में जीकरा के भाई रेयान परवेज ने पूरे जिले भर में टॉप कर जिले का नाम रोशन किया था और इस बार फिर से बहन जीकरा परवेज ने जिले का नाम रोशन किया है। जीकरा परवेज गैरेज मैकेनिक परवेज आलम एवं ग्रहणी शहनाज परवीन की पुत्री है जिला टॉप कर बालिका शिक्षा को नई ऊंचाई दी है और छात्रों में नई जोश डाली है वही उनकी सफलता पर सिर्फ परवेज परिवार ही नहीं बल्कि पूरा स्कूल प्रबंधक एवं जिलावासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है और लगातार बधाइयां मिल रही है आपको बता दे की जीकरा ने लोहरदगा जिले के जीटीपीएस विद्यालय से सीबीएसई 12वीं की परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद वह जिले में अव्वल बनी।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद बोकारो के तत्वावधान में सेक्टर 2 ए, संघ कार्यालय में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कनकलता राय ने भारतमाता के चरणों में पूष्प एवं दीप प्रज्वलित कर की। उनकी कविता 'चेतावनी' आतंकवाद पर गहरी चोट थी। गोष्ठी की शुरूआत करुणा कलिका ने माँ शारदे की मधुर वंदना से एवं उनकी रचना माँ ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गोष्ठी का संचालन करते हुए परिषद् के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार राय की' चौहान! खोलो चक्षु ज्ञान, गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भारतीय सेना के प्राक्रम एवं आतंकवाद पर सभी कवियों ने समसामयिक पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी की साहसिक मसवरा, डॉ आशा पुष्प ने सिंदूर के रंग गाकर खुब वाह वाही लूटी।प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक की आतंकवाद पर इस धरती से जब आतंकी,पास खुदा के जाएगा, जलेंगे कर्मो की अग्नि में शांति कहां से पाएगा। जन्नत का जज भ्रष्ट नहीं है,जमानत कैसे कराओगे? पूछो अपने आकाओं से कब तक साथ निभाओगे! अमृता शर्मा की धर्म का मर्म, आनंद सिंह की शौर्य, दीनानाथ ठाकुर की दूनिया को दिखा दो गाकर युवाओं को ललकारा है।देशभक्ति एवं सेना प्राक्रम से ओतप्रोत कविताएँ जम कर पढी गयी।उपस्थित सभी श्रोताओं एवं काव्य प्रेमी ने कवि गोष्ठी का भरपूर आनंद उठाया।अंत में धन्यवाद् ज्ञापन गोष्ठी की अध्यक्षा कनक लता राय ने किया।



# सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं में बड्र्स गार्डन स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी किया गया , जिसमें बड्स गार्डेन स्कूल, दलूडीह, राजगंज का रिजल्ट शत प्रतिशत और काफी शानदार रहा। 12वीं के रिजल्ट में विज्ञान में प्रथम टॉपर के रूप में सुधांशु रंजन राय 93.4% रहा जबकि द्वितीय टॉपर के रूप में अक्षय शर्मा 92.2% नंबर और तीसरा स्थान अनुष्का मुंशी 91.3% अंक प्राप्त की है। कला संकाय में प्रथम टॉपर के रूप में कुमार अनुराग 91.8% रहे जबकि दूसरा टॉपर के रूप में मोहम्मद साकिब मिराज 90.2% रहे और तीसरा टॉपर के रूप में अमित कुमार 83% रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम टॉपर के रूप में ऋषभ ठाकुर 85%, दूसरा टॉपर निवेदिता पाल 75%और तीसरा टॉपर खुशी कुमारी 72%रही। इसी प्रकार से कक्षा दसवीं का भी रिजल्ट भी शानदार व शत रहा , जिसमें प्रथम टॉपर के रूप में सोनाली कुमारी 94.8 लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। जबकि दूसरे टॉपर के रूप में सुरज कुमार महतो 94.6%और तीसरे टॉपर में अरिफा परवीन व रितु कुमारी 93.6%रही। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य प्रमोद चौरसिया एवं स्कूल के अध्यक्ष अमर कुमार पाल साथ में बोर्ड इंचार्ज रविंद्र महतो एवं संतोष कुमार सिन्हा एवं विद्यालय परिवार के बबीता रानी, मनोज ठाकुर, पुष्पा दुबे, सोमन, अर्चना कुमारी, जियाउल, शिवम भारद्वाज, पूजा करण, रजिया बानो, स्वाति साव एवं स्वाति सिंह आदि ने शुभकामनाएं संदेश दिया एवं बच्चों के अच्छे भविष्य की कामना की।



### पटवारी परिवार में खुशी की लहर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटवारी खानदान के सज्जन अग्रवाल एवं सुनीता अग्रवाल के पुत्र कृष्णा अग्रवाल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल से सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 96% अंक प्राप्त कर परिवार और समाज में गर्व की अनुभूति कराई है। कृष्णा अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और समस्त परिवार को देते हैं। उनका कहना है कि यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से संभव हुई है।परिवारजनों ने कृष्णा की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। कृष्णा का विश्वास है कि वे आगे भी कठिन परिश्रम द्वारा जीवन में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे।

## व्यवसाय में बाधा उत्पन्न करने की बुजुर्ग ने की शिकायत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से लोग पहुंचे और अपनी अपनी समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। जनता दरबार में शास्त्री नगर, धोबाटांड़ के एक बुजुर्ग व्यवसायी ने बताया कि वे टायल्स एवं मार्बल का व्यवसाय करते हैं। उनका बड़ा पुत्र और पुत्र वधू व्यवसाय में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, जबकि वे स्वयं प्रोपराइटर है। बुजुर्ग ने बताया कि उसे हर महीने बैंक लोन, महाजन का ऋण और जीएसटी जमा करना पड़ता है। बताया कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। बड़ा पुत्र और पुत्र वधू जबरन दुकान बंद कर देते हैं तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी देते हैं। बुजुर्ग ने उपायुक्त से मामले में हस्तक्षेप कर दुकान एवं गोदाम में रखा माल कहीं और हस्तांतरित कराने में सहयोग प्रदान करने की गुहार लगाई। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को इसकी जांच कर बुजुर्ग की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। गोविंदपुर से आए व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि निचितपुर में सरकारी स्कूल के पास एक व्यक्ति जबरन स्टोन क्रशर खोल रहा है। उस क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ जमीन पर खेती हो रही है। उन्होंने स्टोन क्रशर को बंद कराने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में आवासीय परिसर में तालाब का पानी घुसने, ऑनलाइन रसीद निर्गत कराने, बिरसा मुंडा पार्क के सामने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने, स्कूल के पास से गुजर रहे सरकारी नाला बंद कर देने, आम रास्ता बंद कर देने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद भी मौजूद थे।



## संस्थागत प्रसव हेतु जागरूक करने में सहिया की भूमिका अहम

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में स्वास्थ्य सहिया गांव गांव घूमकर गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए सदर अस्पताल जाने के लिए जागरूक करती हैं। बिरहु गांव निवासी स्वास्थ्य सहिया बालमुनि देवी लगातार नवविवाहित जोड़ों के संपर्क में रहती हैं और जैसे ही उन्हें सूचना मिलती है कि उसके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में कुछ घरों में शुभ संदेश आने वाला है तो बालमुनि उनका नाम और पता लिखकर गर्भवती महिलाओं को सरकार की ओर से मिलने वाली विटामिन, आयरन की गोलियां और टीकाकरण के लिए उन्हें अस्पताल पहुंचाती हैं।

अस्पताल के उनका पंजीकरण करने के पश्चात उन्हें निश्चित अवधि में जच्चा बच्चा की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग के गाइडलाइन के मुताबिक आवश्यक दवाईयां और टीकाकरण उपलब्ध कराती हैं। बालमुनि देवी ने बताया कि 2009 से वह स्वास्थ्य सहिया के कार्य से जुड़ी हैं और अबतक 70, 80 महिलाओं को टीकाकरण और मातृ शिशु सुरक्षा संबंधी योजनाओं से जोड़ती हैं। समय पूर्ण होने पर संस्थागत प्रसव के लिए सादर अस्पताल में भर्ती कराकर सुरक्षित प्रसव में सहयोगकारी भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक उनके सहयोग से आने वाली गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव हुआ और सभी जच्चा बच्चा सुरक्षित वापस अपने अपने घर लौटते हैं। अब तक किसी नवजात शिशु और धातृ माता मृत्यु नहीं होने से स्वास्थ्य सहिया बालमुनि प्रसन्नचित होकर कहती हैं कि संस्थागत प्रसव में सरकार का सहयोग कर उन्हें संतोष प्राप्त होता है। लगातार महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित कर बालमुनि अपने क्षेत्र और जिले में मिसाल बन गई हैं।

# एसएसपी के नेतृत्व में समीक्षा बैठक का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमे सभी वरीय पदाधिकारी समेत निरीक्षक थाना प्रभारी मौजूद थे। मुख्यालय सभागार मे आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान एसएसपी द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मुकदमों की जांच में तेजी लाई जाए और तय समय में चार्जशीट समर्पित की जाए। इसके अतिरिक्त एसएसपी द्वारा दुष्कर्म, महिला व बाल उत्पीड़न एवं पोस्को एक्ट के तहत दर्ज मामले को गंभीरता पूर्वक निर्धारित अवधि में जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने संगठित अपराध करने वाले अपराधियों व गैंग्स से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए सभी गैंगस्टर की गिरफ़्तारी सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट, समन व कुर्की के आदेश को यथाशीघ्र तमिल करने को कहा। बैठक में अधिकारियों को कानून व्यवस्था को पुख्ता और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थानों में पेंडेंसी कम करने, भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ तेज करने सहित मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लॉटरी, जुआ, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थो की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों को सघन जांच के दौरान अपराधियों की धरपकड़, अवैध हथियारों की बरामदगी, अवैध मादक पदार्थों के धंधेबाजों की धरपकड़ तेज करने के लिए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करने की बात कही। महोदय ने सभी पदाधिकारीयों को नशे के कारोबार पर लगाम कसने को कहा साथ ही उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश भी दिया। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियो को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्कूल कॉलेज से सौ मीटर की दूरी पर किसी भी दुकान व पान गुमटी में बेचे जा रहे तांबकू उत्पाद की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाया जाना चाहिए। बैठक के दौरान साइबर अपराध के रोकथाम पर चर्चा करते हुए महोदय ने साइबर अपराध से जुड़े लंबित कांडों की समीक्षा की और जांच की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द जांच पूरी कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया। समीक्षा बैठक में एसएसपी दीप पी जनार्दनन, एसपी सिटी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मणिक बाखला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी आशुतोष सत्यम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत तमाम निरीक्षक थाना प्रभारी मौजूद थे।



## विधायक राम सूर्या मुंडा ने ऋ्क्ष्ड छाता पंचायत के केदली गांव में पुलिया निर्माण हेतु प्रशासनिक अधिकारियों संग स्थल निरीक्षण

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कर्रा प्रखंड अंतर्गत छाता पंचायत के केदली गांव में आज खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम सूर्या मुंडा द्वारा पुलिया निर्माण को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों संग स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसे देखते हुए पुलिया निर्माण की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत विधायक ने क्षेत्र के ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र के पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से शीघ्र लाभान्वित किया जाए। साथ ही उन्होंने योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com